www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

14 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 325


रूस में आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## पीएम का मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल का दौरा

# शांति का रास्ता चुनें हिंसा प्रभावित लोग: नरेंद्र मोदी

- उम्मीद और विश्वास की नयी सुबह ने दी है दस्तक
- मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है मणिपुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7300 करोड़ और इंफाल में 1200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा था। प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा कि मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। चुराचांदपुर में पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप भी गये और इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है।



### हिंसा हमारे पूर्वजों और भावी पीढ़ी के साथ अन्याय

पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है। मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम संवाद का रास्ता निरंतर मजबूत करें। हमें पहाड़ी और घाटी के लोगों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाना है। मणिपुर के युवा की पहचान को हिंसा की काली छाया में नहीं डूबने देना चाहिए। मणिपुर आशा और उम्मीद की भूमि है। दुर्भाग्य से हिंसा से इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था।

**राहत शिविरों में भी दिख रही है उम्मीद की किरण :** कुछ समय पहले मैं राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद मैं कह सकता हूं कि उम्मीद और विश्वास की नयी सुबह मणिपुर में दस्तक दे रही है। किसी भी क्षेत्र में विकास के लिए शांति जरूरी है। पिछले 11 सालों में पूर्वोत्तर में कई संघर्ष समाप्त हुए हैं। लोगों ने विकास को प्राथमिकता देते हुए शांति का मार्ग चुना है। मणिपुर में भी समझौता वार्ता शुरू हो गयी है। यह संवाद, सम्मान और आपसी समझ के साथ शांति स्थापित करने की सरकार की पहल का एक हिस्सा है।

### पीएम मोदी ने नेपाल को बताया दोस्त, अंतरिम पीएम को दी बधाई

मणिपुर की राजधानी इंफाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल भारत का दोस्त है, करीबी दोस्त। आज 140 करोड़ भारतीयों की ओर से मैं सुशीला कार्की को नेपाल की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने पर हार्दिक बधाई देता हूं। नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को शुक्रवार रात शपथ ग्रहण करने के बाद आधिकारिक तौर पर अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में पदभार सौंपा गया। उनकी नियुक्ति उनके पूर्ववर्ती केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के चार दिन बाद हुआ। ओली को अपनी सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी जनाक्रोश के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। सुशीला कार्की के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी। उन्होंने नेपाल के युवाओं की सराहना की, जिन्होंने अस्थिर माहौल में भी लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। पीएम मोदी ने कहा, उनकी सकारात्मक सोच और कार्य न केवल प्रेरणादायक हैं, बल्कि नेपाल के नये उदय का स्पष्ट संकेत भी हैं। मैं नेपाल को उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## मधुबन कोल वाशरी में बड़ा हादसा, मजदूर को बचाया गया

### साइलो प्लांट और कन्वेयर बेल्ट भरभरा कर गिरे



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/बाघमारा।** बीसीसीएल की न्यू मधुबन कोल वाशरी में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हुआ। वाशरी का करीब एक सौ फीट ऊंचा साइलो प्लांट अचानक ध्वस्त हो गया। इसके साथ ही कन्वेयर बेल्ट भी टूट कर बिखर गया। इससे करीब पांच हजार टन धुला कोयला मलबे के नीचे दब गया। एक मजदूर प्लांट के ऊपर फंस गया, जिसे घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया गया।

जानकारी के अनुसार रात करीब साढ़े 11 बजे वाशरी के तीन साइलो प्लांट में से एक भरभरा कर ढह गया, वहीं दूसरा आधा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ कन्वेयर बेल्ट भी टूट कर बिखर गया। हादसे के समय वहां मजदूर काम कर रहे थे। साइलो प्लांट ढहने के बाद वे वहां से जान बचा कर भागे, जबकि एक मजदूर ऊपर फंस गया। बाद में उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया।

घटना की सूचना मिलते ही बीसीसीएल के जीएम और अन्य अधिकारी के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी वहां पहुंचे। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जिला प्रशासन और बीसीसीएल के अधिकारियों को कहा कि यह हादसा नहीं, आपराधिक लापरवाही है। मजदूरों की ज़िंदगी से इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अगर दोबारा ऐसी चूक हुई, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।


SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


## न्यूज रील्स

### नौसेना को मिला दूसरा पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत 'अंद्रोथ'

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना को दूसरा पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत 'अंद्रोथ' मिल गया है। रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसइ) लिमिटेड ने पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत 'अंद्रोथ' भारतीय नौसेना को सौंपा दिया है। पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत 'अंद्रोथ' मिलने के बाद नौसेना की शक्ति काफी इजाफा होगा। इस पोत का नाम लक्षद्वीप द्वीपसमूह के अंद्रोथ द्वीप पर रखा गया है। यह इस श्रृंखला का दूसरा पोत है। इससे पहले 08 मई को पहला पोत 'अर्नाला' नौसेना को सौंपा गया था, जिसे 18 जून को नौसेना में शामिल कर लिया गया। जीआरएसइ के अधिकारी ने बताया कि इस श्रेणी के पोत पर स्वदेशी 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी) लगायी गयी है, जिसे खुद जीआरएसइ ने ही तैयार किया है। भारतीय नौसेना ने कुल 16 ऐसे पोतों का ऑर्डर दिया है, जिनमें आठ जीआरएसइ और आठ एक अन्य भारतीय शिपयार्ड की ओर से बनाये जा रहे हैं। जीआरएसइ द्वारा सभी आठ पनडुब्बी लांच किये जा चुके हैं, लेकिन यह नौसेना को सौंपा गया दूसरा जहाज है। उन्होंने कहा कि ये जहाज तटीय जल की पूर्ण पैमाने पर भूमिगत निगरानी के साथ-साथ खोज और हमले में भी सक्षम हैं। यह पोत विमानों के साथ समन्वित पनडुब्बी रोधी अभियान चलाने में सक्षम है। इनमें अत्याधुनिक कांबैट मैनेजमेंट सिस्टम लगाया गया है और इन्हें हल्के टॉरपीडो तथा पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से लैस किया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की पनडुब्बी से लैस होने के बाद नौसेना की ताकत कई गुना बढ़ जायेगी। यह पनडुब्बी दुश्मन के पोतों और पनडुब्बियों को पूरी तरह निगल जायेगी। इसलिए भारतीय नौसेना इसका लंबे समय से इंतजार कर रही थी। अधिकारियों के अनुसार अब दूसरी औपचारिकताओं के बाद इस पनडुब्बी को आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल कर लिया जायेगा।

## रिम्स शासी परिषद की बैठक संपन्न, 16 एजेंडों पर विचार

# निजी प्रैक्टिस पर सख्ती से रोक लगाने का फैसला

- एमआरआइ मशीन की खरीद पर त्वरित आदेश
- ट्रॉमा सेंटर और वेंटीलेटर सुधार पर दिया गया जोर
- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में रिम्स को नयी दिशा मिल रही : इरफान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार रिम्स में कार्यरत डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर सख्ती से रोक लगायेगी। यह बात शनिवार को रिम्स शासी निकाय की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि हम रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना चाहते हैं। यह तभी संभव है, जब सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से अपनी भूमिका निभायें। हर स्तर पर बदलाव लाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। रिम्स की व्यवस्था को बदलने के लिए मैं पूरी तरह गंभीर हूं। इस दिशा में मेरी लगातार मुख्यमंत्री से वार्ता होती रहती है और उनका मार्गदर्शन मुझे निरंतर मिल रहा है। बहुत जल्द रिम्स में एक बड़ा और व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। थोड़ा समय जरूर लग सकता है, लेकिन बदलाव की बयार अब लोगों को दिखने लगी है और आने वाले समय में और भी ठोस कदम उठाये जायेंगे, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।

मौके पर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि निदेशक को कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिये गये हैं और आने वाले समय में रिम्स में ठोस बदलाव नजर आयेगा।



### निजी प्रैक्टिस करनेवालों को चिन्हित करेंगे

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकारी ड्यूटी के दौरान बाहर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। एमआरआइ मशीन की खरीद प्रक्रिया को त्वरित गति देने का आदेश निदेशक को दिया गया है। ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटीलेटरों को बदलने/मरम्मत करने, बिल्डिंग की मरम्मत और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है।

### सकारात्मक रही बैठक: निदेशक

रिम्स निदेशक ने बैठक को सकारात्मक और परिणामदायक बताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में रिम्स में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक नौ अक्टूबर को होगी, जिसमें शेष प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी।

### इन मुद्दों पर हुआ विचार

बैठक में क्रय में देरी और उससे उत्पन्न समस्याओं के अलावा ट्रॉमा सेंटर की सुविधाएं और खामियां, रखरखाव व्यवस्था और खराब वेंटीलेटरों की स्थिति, आवश्यक मशीनों की खरीद और उपयोग और इलाज की वर्तमान स्थिति और सुधार की रूपरेखा पर विचार किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव, रिम्स निदेशक, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, रिनपास निदेशक,, प्रमंडलीय आयुक्त सहित कई अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम: चुनाव आयोग

- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा है कि पूरे देश में समय-समय पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगा, तो ये अधिकार में दखल होगा। आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग का अधिकार है। य्चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया है।

# पलामू से एक करोड़ की हथिनी गायब, महावत भी फरार

## प्राथमिकी दर्ज, चिप के जरिये तलाश कर रहा वन विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय में एक करोड़ रुपये कीमत की हथिनी के गायब होने का मामला सामने आया है। मेदिनीनगर सदर थाना में इस संबंध में एफआइआर दर्ज की गयी है। प्राथमिकी उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर के विंध्याचल निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ला ने दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि उन्हें जयमति नाम की हथिनी यूपी के रहने वाले संगम लाल से जिम्मेनामा पर मिली थी। वहां खाने-पीने की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वह हथिनी को झारखंड ले आये थे। हथिनी की देखभाल की जिम्मेदारी मिजार्पुर के रहने वाले मुन्ना पांडेय और चुनार के रहने वाले मन्ना पाठक को दी गयी थी। मुन्ना और मन्ना की मुलाकात एक अन्य हाथी मालिक तारकेश्वर नाथ से हुई। देखभाल करने वाले दोनों महावत मुन्ना और मन्ना हथिनी को लेकर मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके में आये थे। नरेंद्र शुक्ला 11 अगस्त को पलामू पहुंचे थे, जहां उन्होंने हथिनी और महावत को देखा। लेकिन जब वह 13 अगस्त को दोबारा वहां पहुंचे, तो देखा कि हथिनी और महावत दोनों गायब थे। उन्होंने कई जगह हथिनी की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। आखिरकार 12 सितंबर को उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत दी। सदर थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि हथिनी चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। वन विभाग को भी हथिनी में लगे चिप की जानकारी दी गयी है, ताकि उसके लोकेशन का पता लगाया जा सके। पुलिस और वन विभाग दोनों मिलकर हथिनी की तलाश में जुटे हैं।




BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering
Faculty of Law
- LL.B. - B.A. LL.B. - B.B.A. LL.B
Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) - B.A (English) - B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) - B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) - M.A (Hindi) - M.A (English)
- M.A (Sanskrit) - M.A (Economics)
- M.A (Psychology - M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy - B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry - B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
- OT - DMLT - ECG - X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser
Library Science
- B.Lib.I.Sc. - M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) - B.Sc. (Chemistry) - B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) - B.Sc. (MLT) - B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) - B.Sc. (Biochemistry) - B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) - M.Sc. (Chemistry) - M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) - M.Sc. (Zoology) - M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) - M.Sc. (MLT) - M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
- B.Com - M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/






# कांग्रेस की 'मां पॉलिटिक्स' महागठबंधन की सेहत के लिए ठीक नहीं

## ■ वोटर अधिकार यात्रा में मिले बंपर समर्थन को पचा नहीं पा रही कांग्रेस

## ■ यात्रा के मंच से पहले पीएम मोदी की मां को गाली, उसके बाद एआइ वीडियो का आना

## ■ बिहार की संस्कृति और राजनीति के लिए अनुकूल नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार में होनेवाले चुनाव का शोरगुल अभी थोड़ा धीमा पड़ गया था, क्योंकि देश में अलग तरह की सियासी बयान बह रही थी। तभी बिहार कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां से जुड़ा एक एआइ-जनरेटेड वीडियो, सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया। उसके बाद अचानक बिहार की राजनीती में तूफान आ गया। इस वीडियो पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जतायी है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस ने घटिया राजनीति की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। भाजपा का कहना है कि प्रधानमंत्री की मां और मातृशक्ति का अपमान करना कांग्रेस की आदत बन गयी है। राहुल गांधी की बहुप्रचारित वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को कांग्रेस-राजद के मंच से जिस तरह सरेआम गाली दी गयी, उसने पूरी सियासी हवा का रुख अचानक दूसरी तरफ मोड़ दिया। इस गाली प्रकरण से कांग्रेस-राजद को भारी सियासी नुकसान होने का संकेत मिला, तो अचानक कांग्रेस ने बिहार में एक और आत्मघाती कदम उठा लिया। दरभंगा में मंच से गाली के विरोध में भाजपा के लोग बिहार की सड़कों पर उतर गये, तो अब इस वीडियो के खिलाफ कांग्रेस पर लगातार हमले हो रहे हैं। लगातार पीएम मोदी और उनकी दिवंगत मां को टारगेट करने के कारण बिहार में कांग्रेस और राजद के प्रति लोगों का रवैया भी तेजी से बदलता हुआ दिखाई देने लगा है। बिहार जैसे रुढ़िवादी समाज में आज भी मां-बहन के प्रति किसी भी दुर्भावना को अच्छी नजरों से नहीं देखा जाता है। ऐसे में पीएम मोदी की दिवंगत मां को बार-बार राजनीति में घसीटना लोगों के गले नहीं उतर रहा है। बिहार की सियासी हवा इन दोनों घटनाओं के बाद से एक नया आकार ग्रहण करती दिखाई देने लगी है, जिसमें कांग्रेस और राजद का नुकसान होता साफ-साफ नजर आ रहा है। क्या है पीएम मोदी की मां के अपमान का यह पूरा प्रकरण और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**


राकेश सिंह
संपादक

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने पर मचे बवाल के बाद, बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक एआइ जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ गया है। वहीं 36 सेकेंड के एआइ जनरेटेड वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है- साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद। गुरुवार रात शेयर हुए इस वीडियो में दिखाया गया है, प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही हैं कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे? भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक बताते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस ने राजनीतिक बहस का स्तर गिरा कर सारी हदें पार कर दी हैं।

### मां का मजाक उड़ाना शर्मनाक: भाजपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का उपयोग कर वीडियो बनाकर कांग्रेस ने नया विवाद पैदा कर दिया है। भाजपा ने कहा है कि यह वीडियो कांग्रेस की निम्न राजनीति का परिचायक है। पार्टी ने कहा है कि यह वीडियो बनाकर कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि राहुल गांधी के इशारे पर ही पीएम की मां के लिए अभद्र टिप्पणी की गयी थी। भाजपा ने कांग्रेस की इस हारकर को किसी ऐसे व्यक्ति को निशाना बनाने की घृणित और कुत्सित कोशिश करार दिया है, जो अब जीवित नहीं है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पछतावे की बजाय प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ अपनी पिछली कथित टिप्पणियों को सही ठहराने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेता और पटना साहिब से बीजेपी सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस तरह का वीडियो बनाकर कांग्रेस ने न केवल प्रधानमंत्री, बल्कि उनकी मां का भी अनादर किया है। जिस मां ने कठिन परिस्थितियों में अपने बेटे को पाला-पोसा और प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा में अहम भूमिका निभाई, उनका इस प्रकार मजाक उड़ाना शर्मनाक है। रवि शंकर प्रसाद ने पूछा- 'क्या यही स्तर है कांग्रेस पार्टी का? आप प्रधानमंत्री की स्वर्गीय मां का मीम बनाते हैं, वो भी इतने घटिया स्तर का। यह न केवल राजनीति का पतन है, बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कांग्रेस बार-बार प्रधानमंत्री की मां को राजनीति में क्यों घसीट रही है? राहुल गांधी और सोनिया गांधी से इस पर जवाब मांगा और चेतावनी दी कि भाजपा इस मुद्दे को पूरे देश में ले जायेगी।

### बीजेपी के साथ जेडीयू ने भी मिलाया कंधा

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने एआइ-जनरेटेड वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस तरह का वीडियो साझा करना बेहद नीच हरकत है। उनके अनुसार, कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि दरभंगा में मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली देना कोई गलती नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति थी। संजय झा ने कहा कि ये सिर्फ एक मां का नहीं, बल्कि हर मां और महिला का अपमान है।





### यह वीडियो केवल मां और बेटे के रिश्ते को दर्शाता है: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां से जुड़े एआइ-जनरेटेड वीडियो पर उठे विवाद के बीच बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह वीडियो केवल मां और बेटे के रिश्ते को दर्शाता है, इसमें किसी खास व्यक्ति पर कटाक्ष नहीं किया गया है। राजेश राम के अनुसार, वीडियो में कहीं भी किसी नाम का जिक्र नहीं है, बल्कि यह एक मां को अपने बेटे को शिक्षा देते हुए दिखाता है। उन्होंने कहा कि हर मां सम्माननीय है और कांग्रेस का उद्देश्य केवल जनता के मुद्दों को सामने लाना है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पूरा वीडियो देखने पर इसका असली संदेश समझ में आता है, इसलिए अधूरा देख कर निष्कर्ष निकालना गलत होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस किसी तरह की भाषाई हिंसा में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा रोजगार, महंगाई और कानून-व्यवस्था जैसे वास्तविक मुद्दों पर ही बात करना चाहती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक के इस युग में एआइ का इस्तेमाल रचनात्मक तरीके से होना चाहिए, लेकिन इसका गलत अर्थ निकालना राजनीतिक बहस को भटकाने जैसा है। कांग्रेस ने सफाई देते हुए आरोप लगाया है कि पीएम मोदी ने राजनीति में मां के नाम का हमेशा इस्तेमाल किया है। वीडियो में यही दिखाया गया है, कि मां ने इसके लिए उन्हें डांटा। कोई बात सिखाने के लिए मां की डांट अच्छी बात है।

### ध्यान भटकाने के लिए भाजपा का इमोशनल कार्ड : राजद प्रवक्ता एजाज अहमद

बिहार में कांग्रेस के इस वीडियो को उसके सबसे बड़े सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल का भी साथ मिल गया है। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि इस वीडियो में कुछ भी गलत नहीं है। इसमें उन्हीं घटनाओं की बात कही गयी है, जो इसके पहले घट चुकी हैं और सत्य पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा, 'बिहार में जिस तरह से अत्याचार की घटना हो रही हैं, हत्याओं का दौर जारी है, माताओं की आंखों में आंसू है। उन आंसुओं को भी भारतीय जनता पार्टी के नेता महसूस करें। उन माताओं के प्रति भी भारतीय जनता पार्टी के नेता विचार व्यक्त करें, जिनके बच्चे बेरोजगारी के कारण दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उनको लोकतंत्र में लाठी तंत्र के सहारे कहीं ना कहीं हांकने का प्रयास किया जा रहा है।' 'बिहार में ऐसा लगता है कि सरकार नाम की चीज ही नहीं है। सरकार और सरकार की स्थिति दयनीय हो गयी है। उससे ध्यान भटकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी इमोशनल कार्ड खेलना चाहती है।'

### मां पर हमला कांग्रेस को पहुंचा सकता है नुकसान: एक्सपर्ट

बिहार कांग्रेस द्वारा जारी 36 सेकेंड के नये एआइ वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां पर हमला किया गया है। इसके पहले कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा के दौरान एक मंच से पीएम की मां के लिए अभद्र शब्दों का उपयोग किया गया था। इसके बाद राजनीतिक बवाल मचा था। पुलिस ने अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और उस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। भाजपा ने आरोप लगाया था कि यह हमला कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इशारे पर किया गया था। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यह केवल उनकी मां का अपमान नहीं है, बल्कि यह बिहार और पूरे देश की हर मां का अपमान है। पीएम ने कहा था कि यह अपमान बिहार स्वीकार नहीं करेगा।

राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि इसके पहले के कई अनुभव यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि प्रधानमंत्री पर निजी हमला करना किसी भी दल के लिए फायदे का सौदा नहीं रहा है। स्वयं कांग्रेस ने ही 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के पहले पीएम मोदी पर निजी हमला कर उन्हें बढ़त दे दी थी। इसलिए यदि कांग्रेस और राजद पीएम और विशेष कर उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, तो इससे उन्हें नुकसान हो सकता है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि भाजपा-राजद की महिला केंद्रित राजनीति के बीच इस तरह की टिप्पणी कांग्रेस-राजद को नुकसान पहुंचा सकती है।

### सीतामढ़ी में माता सीता का मंदिर का निर्माण

बिहार में इस समय सीतामढ़ी में माता सीता का मंदिर बनवाया जा रहा है। ट्रस्ट के द्वारा बनवाये जा रहे इस मंदिर के निर्माण में बिहार सरकार ने भी जमीन देकर सहयोग किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं बिहार आकर इस मंदिर का शिलान्यास किया है। स्पष्ट है कि बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा इसका जमकर इस्तेमाल करेगी। लेकिन एक तरफ जहां पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह बिहार में महिलाओं के सम्मान की सबसे बड़ी प्रतीक माता सीता का मंदिर बनवाने का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं यह बात भी सामने आयेगी कि कांग्रेस और राजद के मंच से बार-बार पीएम की मां का अपमान किया गया है। इससे यह मामला संवेदनशील बन सकता है।

### मोदी-नीतीश की राजनीति की सफलता का मंत्र बना महिला केंद्रित राजनीति

बिहार की राजनीति में यह ध्यान देनेवाली बात है कि मोदी हों या नीतीश कुमार, महिला केंद्रित राजनीति ने दोनों नेताओं को महिला मतदाताओं के बीच काफी लोकप्रिय बना दिया है। महिलाएं दोनों ही नेताओं को काफी पसंद करती हैं। शराब बंदी से लेकर महिलाओं को पंचायतों में भागीदारी और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देकर नीतीश कुमार ने महिलाओं को अपना ठोस वोट बैंक बना लिया है। इसी तरह मोदी ने भी जनधन खाते, महिला आर्थिक सशक्तिकरण, उज्ज्वला योजना और पीएम आवास योजनाओं के जरिये हर वर्ग की महिलाओं को अपना ठोस वोट बैंक बना दिया है। बिहार में चुनाव की घोषणा के पहले नीतीश कुमार और मोदी सरकार ने जिस तरह महिलाओं के लिए तमाम योजनाओं की घोषणा की है, माना जा रहा है कि इस बार भी वे महिलाओं को केंद्र में रख कर ही चुनाव में उतरने जा रहे हैं। ऐसे में यदि कांग्रेस और राजद पीएम की मां के लिए कोई भी अभद्र टिप्पणी करते हैं, तो इससे उनको भारी नुकसान हो सकता है।

लेकिन लोग इस दलील को स्वीकार करते दिख नहीं रहे। वैसे भी बिहार के रुढ़िवादी समाज में मां-बहन को लेकर बहुत अधिक संवेदनशीलता है। यहां किसी की मां-बहन के प्रति अनादर को बहुत गंभीरता से लिया जाता है। ऐसे में पीएम मोदी की दिवंगत मां को राजनीति में घसीट कर कांग्रेस और राजद ने सेल्फ गोल ही कर लिया है।

---

## बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी मामले में राज्य सरकार को घेरा

# पुलिसकर्मी अपने हक से वंचित : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड की पुलिस व्यवस्था और प्रशासन को बंधक बनाकर सत्ता का खेल खेला जा रहा है। जिसका दुष्परिणाम यह है कि 17 सीनियर डीएसपी के प्रमोशन की प्रक्रिया महीनों से ठप पड़ी है। पुलिसकर्मी अपने हक से वंचित होते जा रहे हैं।

बाबूलाल ने कहा कि संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाकर सरकार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी ने अनुराग गुप्ता को प्रोन्नति बैठक में शामिल करने से इनकार कर दिया और इस कारण बैठक तक रद्द कर दी गयी। कहा कि राज्य सरकार ने उस अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाकर बैठा रखा है, जिन्हें न तो यूपीएससी मान्यता देता है, न ही भारत सरकार। वे अपनी सेवा अवधि पूरी कर चुके हैं, सेवानिवृत्ति की उम्र पार कर चुके हैं और एजी द्वारा निर्गत सशर्त पे स्लिप पर वेतन पा रहे हैं। जो न्यायलय के अंतिम फैसले से प्रभावित होगा। बाबूलाल ने सवाल किया कि जब यूपीएससी और गृह मंत्रालय ही अनुराग गुप्ता को डीजीपी मानने से इंकार कर रहे हैं तो झारखंड सरकार किस आधार पर उन्हें इस पद पर बनाये हुए है? अगर पुलिस प्रमोशन जैसी नियमित प्रक्रिया ही रुक जाये, तो क्या इसका सीधा असर पूरे राज्य की कानून-व्यवस्था और पुलिस मनोबल पर नहीं पड़ेगा?



# सुप्रीम कोर्ट की नसीहत के बाद बाबूलाल के पास डीजीपी के मुद्दे पर बोलने का कोई अधिकार नहीं : विनोद पांडेय

**हेमंत सोरेन सरकार हमेशा संवैधानिक संस्थाओं और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करती है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नसीहत के बाद भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के पास डीजीपी की नियुक्ति पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं बचता। उन्होंने कहा कि अदालत ने मरांडी की अवमानना याचिका को महत्वहीन ठहराया था। कहा था कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के लिए कोर्ट में याचिका नहीं दायर करनी चाहिए। पांडेय ने याद दिलाया कि भाजपा नेताओं के अनुसार अदालत की टिप्पणी के बाद ही मरांडी ने स्वेच्छा से अपना मामला वापस ले लिया था। विनोद पांडेय ने कहा है कि जब सर्वोच्च अदालत ने कह दिया है कि यह मामला दो अधिकारियों के बीच प्रतिद्वंद्विता जैसा है, तब प्रेस के मंच से सरकार और पुलिस पर आरोप लगाकर मरांडी आखिर क्या साबित करना चाहते हैं?



झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार हमेशा संवैधानिक संस्थाओं और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करती है। डीजीपी नियुक्ति का मुद्दा अभी अदालत में विचाराधीन है और सरकार उसी के अनुरूप आगे बढ़ रही है। पांडेय ने चेतावनी दी कि विपक्षी नेताओं को आलोचना करते समय भाषा की मर्यादा बनाये रखनी चाहिए। कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का मतलब असंयमित बयानबाजी नहीं है। पांडेय ने कहा कि जनता सब देख रही है और यदि मरांडी को सचमुच पुलिस व्यवस्था की चिंता है, तो उन्हें अदालत के फैसलों और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 18.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.58 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.17 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



- रास्ता निकलेगा तभी पढ़ेगी डंडई
- यह किसी एक गांव की समस्या नहीं झारखंड के कई गांवों की समस्या हो सकती है, बस रास्ता निकलना चाहिए

# गढ़वा के डंडई में स्कूल भवन तो बना पर रास्ता बनाना भूल गये!

- **लापरवाही: डंडई में सड़क नहीं होने से पगडंडियों से जाते हैं बच्चे**
- **बच्चों और शिक्षकों को बरसात के दिनों में खेत में लगी फसल से होकर गुजरना पड़ता है**
- **अभी तक प्रशासन या जनप्रतिनिधि की ओर से किसी प्रकार की नहीं की गयी पहल**

जितेंद्र यादव

**डंडई (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं है तो और क्या। लाखों रुपये खर्च कर स्कूल का भवन तो बना दिया गया। लेकिन बच्चे एवं शिक्षक स्कूल तक कैसे पहुंचेंगे इसकी किसी को फिक्र ही नहीं। ऐसी स्थिति झारखंड के कई जिलों में है। हम बात कर रहे हैं गढ़वा जिला के डंडई प्रखंड के ऐसे तीन विद्यालयों की जहां सर्व शिक्षा अभियान से स्कूल का भवन तो बना दिया गया। लेकिन स्कूल तक बच्चे कैसे पहुंचेंगे इसकी किसी ने फिक्र ही नहीं की। नतीजा है कि स्कूल में नामांकित बच्चे पिछले एक दशक से अधिक समय से खेत के मेड़ के सहारे चलकर स्कूल आ और जा रहे हैं। इन स्कूलों में डंडई प्रखंड के सोनेहारा पंचायत के बोलिया गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय और प्रखंड मुख्यालय डंडई के सदर पंचायत के बैरियदामर गांव का उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इसी पंचायत में संचालित नव प्राथमिक विद्यालय गयाडीह टोला, बैलाझारखंडा शामिल हैं। उक्त तीनों जगहों पर स्कूल तो बन गये, लेकिन स्कूल जाने के लिए बच्चों के लिए रास्ता नहीं बन पाया। जबकि सोनेहारा का बोलिया गांव प्रशासन द्वारा आदर्श ग्राम घोषित है। सही मायने में कहा जाये तो इन ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा विद्यालय तो खोल दिया गया। लेकिन जनप्रतिनिधियों व सरकारी अधिकारियों की अनदेखी के चलते आज तक ना तो स्कूल का रास्ता मिल सका और ना ही खेलने के लिए एक अदद मैदान। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में खेतों में जब फसल लग जाते हैं तो





बच्चों को विद्यालय आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं बरसात होने की वजह से कभी-कभी बच्चे मेड़ से फिसल कर कीचड़ में गिर भी जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर बारिश ज्यादा हो गयी तो स्कूल तक आने-जाने का आवागमन भी बंद हो जाता है। इस समय खेतों में धान और मक्का की फसल लहलहा रही है, जिससे बच्चों को मेड़ और क्यारी से गुजरते समय विषैले जंतुओं के काटने का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीण इस बात पर हैरानी जताते हैं कि जब रास्ता का निदान नहीं हुआ था तो स्कूल बनने की स्वीकृति कैसे प्राप्त हो गयी जबकि कोई भी सरकारी भवन बनाने से पहले अंचल से उक्त जमीन का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट आवश्यक होता है। जिसमें अंचल द्वारा जमीन की मापी कर देखा जाता है। इसके बाद ही संबंधित योजना की स्वीकृति दी जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल के भवन का एकांत खेतों में बने होने के कारण अपने बच्चों को स्कूल आने जाने पर हमेशा अनहोनी होने का डर बना रहता है। जबकि बैरियदामार विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि रास्ता नहीं होने के कारण आधा किलोमीटर पहले ही रोड पर मोटरसाइकिल खड़ा कर खेत से होकर विद्यालय जाना पड़ता है। शिक्षकों ने कहा कि जब हमलोग विद्यालय भवन में रहते हैं तो कुछ शरारती लोगों द्वारा हमारी बाइक से तेल भी निकाल लिया जाता है। उक्त मामले को लेकर उक्त तीनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने एक ही परेशानी बताया कि जमीन मालिक के द्वारा जमीन नहीं दिये जाने के कारण रास्ता का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जबकि रास्ता बनाने के लिए कई बार गांव में बैठक की गयी परंतु बैठक बेनतीजा रही।

## क्या कहते हैं जिला शिक्षा अधीक्षक

इस संबंध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने बताया कि विद्यालय तक पहुंचने का रास्ता न बनने की मुख्य वजह जमीन मालिकों की आपत्ति है। वे रास्ते के लिए अपनी भूमि देने को तैयार नहीं हैं। कई बार बातचीत और जनप्रतिनिधियों की कोशिशों के बावजूद सहमति नहीं बन पायी है। बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और जल्द ही स्थायी समाधान निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे।

## क्या कहती हैं सोनेहरा पंचायत की मुखिया चंद्रावती देवी



सोनेहरा पंचायत की मुखिया चंद्रावती देवी ने बताया कि बौलिया गांव के मध्य विद्यालय तक जाने के लिए बच्चों व शिक्षकों को खेत के मेढ़ से होकर गुजरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बीच में जो जमीन पड़ती है उक्त जमीन का मालिक रास्ता देने को तैयार नहीं है। जबकि समस्या समाधान के लिए हम लोगों ने कई बार प्रयास किया। जमीन मालिक जमीन दे देते तो तुरंत बनवा दिया जायेगा।

## क्या कहती हैं डंडई पंचायत की मुखिया धनवंती देवी



डंडई पंचायत की मुखिया धनवंती देवी ने बताया कि पंचायत के बैरियादामर टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय और गायाडीह टोला स्थित नव प्राथमिक विद्यालय तक जाने के लिए रास्ता नहीं है। कई बार ग्रामीणों के साथ बैठक कर जमीन मालिक को समझाने की कोशिश की गयी, लेकिन वे जमीन देने को तैयार नहीं हुए।

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
Birla Knowledge City, Vill – Ara, P.O. – Mahilong,
Ranchi-Purulia Highway, Ranchi-835103 (Jharkhand)
Phone: 9507035717, 9507035987
E-mail – info@sbpsranchi.com • Website : www.sbpsranchi.com

REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27)

Registration forms for admission in **Nursery, KG-I, KG-II & Std. I** can be filled and submitted online through the school's official website www.sbpsranchi.com from 15.09.2025 to 31.10.2025. Online registration form (2026-27) is also available for provisional admission in **Std. XI** (Science, Commerce & Humanities). For further details please log on to www.sbpsranchi.com or call front office 9507035717, 9507035987 on working days. (Timing: 08:00 am to 01:00 pm).
BPL/EWS category candidates can apply online through https://rteranchi.in (as per Govt. norms) for admission in Nursery only.

VACANCY FOR TEACHERS (2026-27)

**PGT, TGT and PRTs** are required for all the subjects including **foreign languages** and **AI & Robotics**.
**How to Apply:** The eligible candidates are instructed to fill and submit the online application form along with a recent scanned photograph and a brief narrative (500-1000 words) on their professional ideology through the link https://sbpsranchi.in/career on or before 31.10.2025.
**Principal**

# दुर्गा पूजा से पहले मंईयां योजना की राशि और तीन माह की पेंशन देगी हेमंत सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने दुर्गा पूजा से पहले राज्यवासियों को आर्थिक राहत देने की तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत लाभुक महिलाओं को सितंबर महीने की सहायता राशि त्योहार से पहले ही प्रदान की जायेगी। साथ ही राज्य सरकार वृद्धा, विधवा और दिव्यांगजन पेंशनधारियों को तीन महीने (जुलाई से सितंबर) की पेंशन एक साथ देने जा रही है। सितंबर माह में 50 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में मंईयां योजना की राशि ट्रांसफर की जायेगी। राशि के भुगतान को लेकर सामाजिक सुरक्षा निदेशालय जल्द ही सभी जिलों को दिशा-निर्देश भेजेगा। 15 सितंबर के बाद जिलों के स्तर पर राशि ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

**दीपावली और छठ से पहले अक्टूबर माह की राशि भी :** राज्य सरकार ने योजना के तहत अक्टूबर माह की राशि भी दीपावली और




छठ त्योहार से पहले देने की योजना बनायी है। सामाजिक सुरक्षा निदेशालय ने नवंबर माह तक की राशि का आवंटन भी कर दिया है। विभिन्न जिलों को कुल 9600 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

**पेंशनधारियों को तीन महीने की बकाया राशि मिलेगी :** झारखंड में कुल 11,75,646 पेंशनधारी हैं, जिन्हें तीन माह (जुलाई, अगस्त और सितंबर) की पेंशन एक साथ दी जायेगी। इसमें 8,99,076 वृद्धा पेंशन, 2,51,173 विधवा पेंशन और 25,397 दिव्यांग पेंशन के लाभुक शामिल हैं। प्रत्येक पेंशनधारी को प्रति माह 1000 रुपये की दर से कुल 3000 रुपये मिलेंगे।

# रहस्यमयी स्थल है बड़कागांव का बरसो पानी
# ताली बजाते ही चट्टान से बरसने लगता है पानी

- **अद्भुत : जितनी देर ताली, उतना तेज पानी, वैज्ञानिकों के लिए पहेली**
- **अगल-बगल में पानी का कोई स्रोत न होने के बावजूद भी टपकता है पानी**



पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दुनिया का हैरतअंगेज स्थल है बरसो पानी। यहां बरसो पानी में जोर से बोलते ही एवं ताली बजाते ही रिमझिम बारिश होने लगती है। नये साल में यहां की मनोरम वादियों में हजारों हजार के संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। यह स्थल हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है। बड़कागांव की आंगो पंचायत के झिकझोर पहाड़ी की तलहटी में स्थित है। यहां लोग नवंबर माह से ही आने लगते हैं और हर दिन पिकनिक का नजारा देखा जा सकता है। इस चट्टान के नीचे जोर से बरसो पानी कहने और ताली बजाने से बारिश होने लगती है। ऐसे बारिश होने लगती है, जैसे बरसात में रिमझिम बारिश की बूंदे होती हैं। ऐसा हैरतअंगेज कारनामा देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं, जबकि इसके इर्द-गिर्द पानी का स्रोत नहीं है। बावजूद इसके एक चट्टान के नीचे ताली बजाने से बारिश की बूंदे शुरू हो जाती हैं। इस बारिश की बूंदे हल्की-हल्की हमेशा गिरते रहती हैं परंतु किसी व्यक्ति के जाने के बाद बरसों पानी खाने अथवा ताली बजाने से बारिश की बूंदे और बड़ी-बड़ी और रफ्तार हो जाता है। इस हैरतअंगेज कारनामे को देखने के लिए देश ही नहीं विदेश से लोग आकर देखे और इस रहस्यमयी चट्टान की चर्चा करते गये। इसके साथ-साथ बगल में जिगजोर बस्ती के आदिवासी समुदाय के द्वारा इसी पहाड़ियों के तलहटी पर एक शंकर भगवान का भव्य मंदिर का भी निर्माण किया गया है जिसमें आप पूजा-अर्चना कर सकते हैं।

यह जगह काफी शांत और मनोरम जगह है। यहां आते ही आपको शांति की अनुभूति प्राप्त होती है। यह जगह साधना और मेडिटेशन के लिए उपयुक्त है।

**बूंदे ऐसे टपकती हैं मानो अमृत बरस रहा हो :** इस टपकती हुई बूंद से एक छोटी सी नदी बह गयी है जिससे स्थानीय ग्रामीण पीने के पानी के रूप में इसका इस्तेमाल करते हैं और स्वाद ऐसा कि जैसे आरओ रो का पानी। लोगों का कहना है कि यह औषधि युक्त पानी है। आप कितना भी ज्यादा खाना क्यों ना खा लें अगर इस पानी का सेवन करते हैं तो आपका पाचन तंत्र भी बेहतर तरीके से काम करता है।

## पर्यटन का दर्जा देकर विकास करने की है आवश्यकता

बरसो पानी एक ऐसी रहस्यमयी जगह है, जहां पर कई राज्यों के साथ-साथ विदेश के भी लोग आया करते हैं। ज्यादा प्रचार-प्रसार ना होने साथ ही सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों का आना-जाना बहुत कम होता है। अगर सरकार इस पर ध्यान देकर इस मनोरम और रहस्यमयी जगह को पर्यटन का स्थल का दर्जा देकर विकास करती है तो आने वाले समय में सरकार को भी यहां रेवेन्यू प्राप्त होगा। साथ ही साथ स्थानीय गरीब आदिवासियों को भी विभिन्न तरह की दुकानें व बाजार करने से रोजगार का सृजन हो सकता है। साथ ही साथ इस रहस्यमयी जगह को इस अस्तर तक नहीं विदेशों तक भी लोग जानेंगे और देखने के लिए आयेंगे और पर्यटकों के आने जाने से क्षेत्र में रोजगार का सृजन काफी तेजी से बड़ेगा।

## कैसे जायें बरसो पानी

अगर आप हजारीबाग की ओर से आ रहे हैं तो हजारीबाग बस स्टैंड से बड़कागांव पहुंचें। यहां से बादम रोड सांढ़ होते हुए शिंबाडीह स्कूल मोड़ से सोनपुरा, महूदी, पालंडू होते हुए झिकझोर तक पहुंचें। वहीं अगर आप रामगढ़ रांची की ओर से आ रहे हैं तो पतरातू से उरीमारी, तलशवार के परेवातरी पालंडू होते हुए झिकझोर पहुंचे। यहां बरसो पानी का साइन बोर्ड लगा हुआ मिलेगा। यहां से तकरीबन 1 किलोमीटर दूर में यह रहस्यमयी बरसों पानी की चट्टान आपको मिलेगी। यहां तक पहुंचाने के लिए आप अपने दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करना होगा क्योंकि इस सड़क में कोई भाड़े की बस या छोटी गाड़ियां नहीं चलती हैं।

## कहां ठहरे

अगर आप बाहर से आते हैं और आपको रात में रुकने का जरूरत पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में आप बड़कागांव प्रखंड मुख्य चौक के पास गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला, सूर्य मंदिर में कुशवाहा धर्मशाला, सोनी धर्मशाला सहित कई निजी होटल में ठहर सकते हैं। इसके अलावा प्रखंड में कई ऐसे रहस्यमय एवं दर्शनीय स्थल हैं जहां पर घूम सकते हैं। जैसे इसको गुफा, महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव, गुफा, छगरी गोदरी (बकरी घर), दारू कोठरी, गुफा स्थित झरना, गटी कोचा झरना, मुरली पहाड़ सहित अन्य जगह है जहां आप अपने पूरे परिवार के साथ घूमने आ सकते हैं।



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल और मिशन होस्पिटल द्वारा आनंदा कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। इसमें सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल और रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गयी। कई जरूरतमंद मरीजों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिसमें डेंटल 45 और सामान्य 70 जनों का जांच व उपचार हुआ। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। कॉलेज प्रबंधन ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की सरहाना कर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार जताया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को नि:शुल्क उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मुख्य रूप से हजारीबाग डेंटल कॉलेज के डॉ शैली, डॉ दीपांशु, पीआरओ राज कुमार, प्रशिक्षु मोना, मुस्कान कुमारी, आंकाकाशा कुमारी, श्रद्धा कुमारी, सफिया अली ने सहरानीय योगदान दिया।

## हाथियों के झुंड से परेशान हैं ग्रामीण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** जंगली हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। वन विभाग की कोशिश भी नाकाम साबित हो रही है। जिससे ग्रामीण भयभीत है। झुंड ने खूब तबाही मचायी है। हेठली बोदरा के बाद बक्सपुरा उसके बाद आज नागी चानो में 26 हाथियों के झुंड ने फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। यहां के किसानों का एक मात्र फसल धान की खेती है जिसे बर्बाद करने पर आमादा है। इस तरह की घटनाओं को वन विभाग त्वरित संज्ञान में लेते हुए पीड़ित परिवारों को मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था पर पहल करे, जिन किसानों को फसलें बर्बाद हुई है उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता दिया जाये ताकि उनकी आजीविका पटरी पर लौट सके, साथ ही गांव की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी का इंतजाम किये जाये, ताकि इस तरह की घटना पर विराम लगाया जा सके, और जंगली हाथियों से ग्रामीणों को राहत मिल सके। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है लोगों को कहना है कि वन विभाग को पहले से सूचना दी जाती रही है, लेकिन स्थिति को हल्के में लिया गया। जिससे ग्रामीणों का धैर्य टूट रहा है, खेती ही उनकी मुख्य आय का स्रोत है, और जब बार-बार फसलें हाथियों द्वारा बर्बाद की जायेगी तो उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जायेगा। इसलिए वन विभाग को कोई उपाय करे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं को रोकी जा सके। अभी फिलहाल जंगली हाथियों नागी की जंगलों के अपना डेरा डाले हुए है। बीती रात हाथियों के झुंड ने लक्ष्मी देवी, अमूल्यचंद्र पांडेय,सरयू यादव के खेतों में लगे फसल को नष्ट किया और लक्ष्मी देवी का बाउंड्री तोड़ डाला गया।

## नवोदय विकास फुटबॉल का फाइनल मैच आज



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नवोदय विकास फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का फाइनल मुकाबला आज 14 सितंबर को चेलगदाग फुटबॉल क्लब बनाम लिटिल स्टार फुटबॉल टीम बरतुआ के बीच खेला जायेगा। जिसमें जो आज जीतेगा वह प्रथम पुरस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक रोशनलाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंसस उपेंद्र कुमार, उप मुखिया हवंती देवी, पूर्व मुखिया मुरलीधर दागी, भीखन महतो, पूर्व पंसस बासमती देवी, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, सचिव गिनी वर्मा, कोषाध्यक्ष सबूर महतो, ग्राम अध्यक्ष कृतियानन्द महतो, ग्राम सचिव गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार, मैच के अध्यक्ष राम चरित्र प्रसाद दांगी, सचिव प्रकाश कुमार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, क्लब के अध्यक्ष राज किशोर कुमार, सचिव जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, उक्त आशय की जनकारी शिक्षक विष्णुदयाल कुशवाहा व वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार ने दिया।

## हजारीबाग में पुलिस और अधिवक्ता विवाद जारी

# 23 वकीलों और कुछ अज्ञात पर एफआइआर दर्ज

**एससी एसटी एक्ट समेत बीएनएस की 16 धाराओं में मामला दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में वकील और पुलिस के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। 23 नामजद वकीलों और कुछ अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सदर थाने में दर्ज एफआइआर संख्या 282/25 में एसआइ मनोज कुजूर ने सदर थाना में मामला दर्ज करायी है, जिसमें एससी-एसटी एक्ट सहित बिएनएस की 16 धाराएं लगायी गयी हैं। पुलिस अधिकारी मनोज कुजूर ने दर्ज बयान में कहा कि 9 सितंबर को कटकमसांडी क्षेत्र के डांटो खुर्द गांव में फर्जी एसीबी अधिकारी बनकर उगाही करने वाले लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा था। 11 सितंबर को जब आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, तभी वकीलों के एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मनोज कुजूर ने आरोप लगाया है कि वकीलों ने उनकी वर्दी फाड़ दी, स्टार और नेमप्लेट तोड़ दिये, जातिसूचक गालियां दीं और जान लेने की नीयत से उन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि कुछ वकीलों ने उनका गला दबाया, पेन को उनके कान में घुसाया और गंभीर चोट पहुंचाई। पुलिस संघ के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। संघ ने मांग की है कि दोषी वकीलों का बार काउंसिल से लाइसेंस रद्द किया जाये। फिलहाल, वकील पक्ष ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। अधिवक्ता संघ आगे क्या करती है यह भविष्य के गर्अभ में हैं। सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या यह टकराव और गहरायेगा या फिर दोनों पक्ष सुलह की ओर बढ़ेंगे। जिन 23 वकीलों पे केस दर्ज किया गया है उनमें रोहित कुमार, बैभक जी, तपेश्वर साव, गौरव सिन्हा, आनंद सिंह , बृजेश जी, दीपक चंद्रवंशी, विकास शक्ति, सोनी, हरीश, प्रमोद, राज सोनी, रमेश सिंह, मोहित सिंह, कुणाल भारद्वाज, आफताब, भरत, जलील, दशरूद्दीन, नीरज जी, गुलाम नबी, संतोष कुमार, निर्मल कुमार समेत अज्ञात का नाम शामिल है।

## कोडरमा में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन

# शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना हमारा साझा संकल्पः अन्नपूर्णा देवी



**केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा, विधायक सहित कई गणमान्य अतिथि हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** पीएम श्री परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय कोडरमा में शनिवार को अभिभावक शिक्षक बैठक हुई जिसमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव शामिल हुईं। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना हमारा साझा संकल्प है। इसी कड़ी में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर संवाद और साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गयी। वहीं जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से कोडरमा जिला अंतर्गत विद्यालयों में किचन शेड-सह-स्टोर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया इनमें उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, पिसपीरो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोलवाढाब, कन्या प्राथमिक विद्यालय, नवलशाही और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गरायडीह शामिल है। कोडरमा समाहरणालय में विभिन्न समितियों की समीक्षात्मक बैठकों की अध्यक्षता की। इस दौरान सांसद निधि मद, डीएमएफटी शासी परिषद और योजनाओं की अद्यतन समीक्षा बैठक हुई। साथ ही जिला विद्युत कमिटी और आरएनआर पॉलिसी के तहत सीएसआर की समीक्षा कर नयी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, उपायुक्त ऋतुराज सहित जिला के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कोडरमा जिले को मिली विकास की नयी सौगात

कोडरमा समाहरणालय परिसर में 12 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया तथा नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा और डोमचांच की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। समाहरणालय परिसर में पलाश मार्ट के अंतर्गत सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की बिक्री और प्रचार-प्रसार हेतु लगाये गये स्टॉल का उद्घाटन हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत बोनाकाली किफायती आवास परियोजना, वार्ड नं. 1, नगर पंचायत कोडरमा के लाभार्थियों को गृह प्रवेश से पूर्व प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की गयी। केंद्रीय मंत्री व कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव ने इन्हें चाबी प्रदान की। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इन त्योहारों में आइए, एक नई पहल करें। ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाये गये स्वदेशी उत्पादों को अपनायें। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और हौसले को भी नई उड़ान मिलेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

**लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम हैः पीडीजे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें गठित विभिन्न बेचों के जरिए कुल 9 हजार 160 वादों का निष्पादन और 18 करोड़ 71 लाख 19 हजार 901 रु राजस्व की वसूली की गई। इस दौरान प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहां एक ओर लोगों के समय और पैसों की बचत होती है, तो लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। साथ ही कोडरमा जिला न्याय सदन परिसर में नालसा द्वारा चलाए जा रहे स्कीम वीर परिवार सहायता योजना 2025 के तहत स्थापित डेडिकेटेड सेल का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। प्रधान जिला जज श्री तिवारी ने सभी बेंचो का निरीक्षण किया ए और बेंच के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक मामलो के निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिये। मौंके पर एलडीएम विमल कान्त झा, स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा, कोडरमा बाजार शाखा प्रबंधक सतीश कुमार सिंह, वन विभाग, उत्पाद विभाग, बिजली विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के अधिकारी- कर्मचारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार, रविन्द्र कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, मनोज कुमार मिश्रा, महेश्वर कुमार, अजित कुमार, रणजीत कुमार, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, अभिमन्यु कुमार, प्रकाश चन्द्र सिन्हा, सूर्यकान्त संदीप, अखौरी मुकेश, डेडिकेटेड सेल के पैनल अधिवक्ता राजेश्वर प्रसाद सिंह, पीएलवी पांडेय शेखर प्रसाद सहित अधिवक्ता, न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, पक्षकार मौजूद थे ।

## हजारीबाग, चतरा, कोडरमा जिला पैक्स संघ की हुई संयुक्त बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** निर्मल महतो पार्क में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा जिला पैक्स संघ का संयुक्त बैठक हुआ। अध्यक्षता गजेंद्र यादव और संचालन गिरधारी महतो ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि धान क्रय केंद्र जो झारखंड सरकार के पत्रांक 2413 दिनांक 02 सितंबर 25 और हजारीबाग जिला सहकारिता पदाधिकारी के पत्रांक 601 दिनांक 6 सितंबर 25 में सभी पैक्स अध्यक्ष को धान अधिप्राप्ति का पत्र में लिखा गया हैं, कि सभी पैक्स धान क्रय केंद्र के लिए 100 एमटी क्षमता वाला गोदाम में बैंक गारंटी चौबीस लाख रुपया और 200 एमटी गोदाम में अड़तालिस लाख का प्रस्ताव के साथ मांग किया गया है। बैठक में सरकार के पत्र की निंदा की गयी। सर्वसम्मति से संगठन कि ओर से निर्णय लिया गया कि हजारीबाग में धान अधिप्राप्ति का धान क्रय नहीं किया जायेगा। इसके लिए हजारीबाग के संगठन पांच सदस्यीय संगठन पदाधिकारी उपायुक्त और जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी हजारीबाग को ज्ञापन सौंपेगे। साथ ही कहा कि हमारी बातों को अनदेखी की गयी तो प्रखंड वार मसाल जुलूस के साथ आंदोलन किया जायेगा। बैठक में हजारीबाग से पैक्स अध्यक्ष बिनोद कुमार, कंचन प्रसाद मेहता, सुमित कुमार, मोहन साव, श्यामदेव यादव, जागेश्वर प्रसाद, चतरा पैक्स संघ से बिनोद कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह के अलावा रामगढ़ जिला पैक्स अध्यक्ष और कोडरमा जिला पैक्स अध्यक्ष समेत कई शामिल थे।

## डिवाइन स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसइ बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस मनाया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर बच्चों में कविता पाठ, भाषण, सुलेख लेखन, कविता लेखन, हिन्दी व्याकरण नृत्य नाटिका आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आइ पी भारती ने किया। उन्होंने ने कहा कि हिन्दी भारत को जोड़ने वाली भाषा और हमारे स्वाभिमान, परम्परा-सभ्यता की प्रतीक है। हिन्दी शिक्षक काशीनाथ महतो ने हिन्दी के क्रमवार विकास के इतिहास पर अपने विचार प्रस्तुत किये। शिक्षिका शबनम खातुन हिन्दी को राज भाषा किस प्रकार घोषित किया गया का इतिहास सिलसिलेवार घटना क्रम बच्चों को बताई। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों में बिट्टू कुमार, रौशन कुमार, तुष्टि मोदी, प्रेम मोदी, सुहानी गुप्ता, अनुष्का शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, मरियम खातून, पलक कुमारी, माही गुप्ता, धीरज, कुमार, कृति कुमारी, स्मृति कुमारी, अरविंद कुमार, कृष्णा कुमार, अनीश कुमार, संजना कुमारी, सुहानी कुमारी, संजना कुमारी, आयुष कुमार, धीरज कुमार आदि थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनील उपाध्याय, कुलदीप पासवान, रूबी खातुन, सुलेखा मोदी, संजय यादव, अविशेष कौशल, अरुण कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने विजेता प्रतिभागियों को उनके सृजनात्मक क्षमता को सराहा।

## सदारो और बन्हें में पानी टंकी बनकर तैयार



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए टाटीझरिया के सदारो और बन्हें में करोड़ों रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। इस परियोजना के माध्यम से टाटीझरिया, सदारो, होलंग, ऐंटा, बन्हें और आसपास के इलाके में पानी पहुंचानी है। गांव के लोग अभी भी शुद्ध पेयजल की आस लगाए बैठे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदारो में 2 लाख और बन्हें में 80 हजार लीटर की वाटर सप्लाई वाटर टैंक बनाया गया है। इसके अलावा बनासो में 9 लाख लीटर का टंकी समेत कोनार से रोला तक में 7 टंकी निर्माण कार्य प्रगति में है। हजारीबाग शहर में जलापूर्ति किया जाना है। वन विभाग और फोरलेन को लेकर पाईपलाईन का काम पूरा नहीं हो सका है। कई जगहों पर ग्राम सभा करवाना है। टाटीझरिया के सदारो और बन्हें टंकी से पिछले साल से ही पानी सप्लाई करने की योजना थी। लेकिन फॉरेस्ट एनओसी और फोरलेन को लेकर कार्य विलंबित है। लोगों का कहना है कि टंकी बनने के बाद ना जाने इससे सप्लाई होने का इंतजार कबतक उन्हें करना होगा। फिलहाल ये टंकी सिवाए शो-पीस के कुछ भी नहीं। पानी की टंकी गांव के सीने में खड़ी कर दी गयी है जो ग्रामीणों को रोजाना सिर्फ चिढ़ाने का काम करती है। मानो ये टंकी कह रही है मैं बनीं तो थी दूसरों के प्यास को बुझाने के लिए लेकिन हालात ये है कि मैं खुद ही प्यासी हूं। इसलिए मेरे साथ पूरा गांव पानी के लिए तरस रहा है। पिंटु यादव, मुकेश यादव, प्रकाश साव, मंटु यादव, बंटी यादव, प्रकाश गुप्ता ने कहा कि टंकी बनकर तैयार है लेकिन यहां कोनार डैम से पाइपलाइन को अबतक कनेक्ट नहीं किया जा सका है। क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है। गर्मी के दिनों में समस्या विकराल हो जाता है। विभाग जल्द इसे पूरा कर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बहाल करें ताकि हजारों लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# अड्डी बंगला में दिखेगा असम के नागेश्वरी मंदिर का प्रारूप

**1924 में स्थानीय लोगों ने एक तंबू में की पूजा की शुरुआत**

**80 फीट का होगा पंडाल, समिति इस वर्ष 102वां वर्षगांठ मनायेगी**

गौतम पाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति अड्डी बंगला इस वर्ष अपनी 102वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाने के लिए व्यापक तैयारी कर रहा है। कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, महासचिव प्रकाश राम ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार यहां आसाम के नागेश्वरी मंदिर के तर्ज पर पंडाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो काम से कम 80 फीट ऊंचा होगा। रिद्धि सिद्धि टेंट के द्वारा पंडाल निर्माण कार्य में दर्जनो कारीगर दिन रात काम कर इसे अंतिम रूप देने में लगे हैं। इस बार यहां लाइट की विशेष व्यवस्था की जा रही है। कोडरमा के बबली लाइट एंड साउंड द्वारा तैयारी की जा रही है। आकर्षक लाइटिंग के बीच लोगों का पंडाल में प्रवेश होगा। यहां की पूजा बांग्ला पद्धति से की जाती है, और षष्ठी के दिन मां के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जाते हैं। यहां श्रद्धा और विश्वास के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु जुटते है। पूजा कमेटी के लोग भव्य पंडाल निर्माण और साज साज कई दशको से करते आ रहे हैं। बताया जाता है यहां पूजा की शुरुआत समाज सेवी अड्डी बाबू ने वर्ष 1924 में स्थानीय लोगों के सहयोग से एक छोटे से तंबू में पूजा शुरू की थी। उन्हीं के नाम पर पूजा कमेटी और इस पूरे क्षेत्र का नाम अड्डी बांग्ला पड़ा। यहां दुर्गा पूजा पर विशाल मेला लगता है।

# हजारीबाग में दिखेगी झारखंड विधानसभा की झलक

## नूतन नगर लाखे पूजा कमेटी बना रही भव्य दुर्गा पूजा पंडाल

**लेजर शो बनेगा आकर्षण का केंद्र**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव भी है। नवरात्र के दिनों में मां दुर्गा की भक्ति से पूरा वातावरण गूंज उठता है। इन्हीं तैयारियों के बीच नूतन नगर लाखे दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है। वर्ष 2022 से प्रारंभ हुई यह पूजा अब जिले के प्रमुख आयोजनों में गिनी जाती है और हर साल श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को अपनी ओर आकर्षित करती है। समिति इस बार एक अद्वितीय पंडाल बनाने जा रही है। झारखंड विधानसभा का प्रारूप तैयार किया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई लगभग 75 फीट होगी। इस पंडाल पर करीब 12 लाख रुपये का खर्च अनुमानित है। वहीं मां दुर्गा की प्रतिमा 15 से 17 फीट ऊंची होगी, जिस पर ढाई लाख रुपये खर्च किया जा रहा है। अध्यक्ष उमेश गुप्ता, महासचिव नरेश प्रसाद और कोषाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार दास ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक होगा और हर किसी के मन में एक अलग छाप छोड़ेगा। पूरे क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। करीब ढाई किलोमीटर के दायरे में दस भव्य लाइट गेट लगाये जा रहे हैं। ये लाइटें चंदननगर से मंगायी गयी हैं और विद्युत सज्जा का कार्य आसनसोल तथा धनबाद के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। महासचिव नरेश प्रसाद ने बताया कि सप्तमी, अष्टमी, नवमी और दशमी की संध्या पर लेजर शो का आयोजन होगा, जो श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। सुरक्षा और सुविधा की भी पूरी तैयारी की गयी है। अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि पंडाल परिसर और बाहर कुल 12 सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। बड़ी एलइडी स्क्रीन और ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जायेगी। साथ ही 30 से 40 वालंटियर हर समय सक्रिय रहेंगे और चार निजी सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग दर्शन लाइन बनाई जा रही हैं। विसर्जन जुलूस में भी सुरक्षा का विशेष इंतजाम रहेगा।

## सर्पदंश से विकलांग की मौत

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** नापो पंचायत के ग्राम इसको टोला मधुइयाढाब निवासी एक पैर से विकलांग मुकेश कुमार (32 वर्ष) पिता कैलास महतो का आकस्मिक निधन सांप काटने से शनिवार को हो गयी। सर्पदंश के बाद तुरंत परिजनों ने बड़कागांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने हजारीबाग सदर रेफर कर दिया जहां मुकेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मुकेश घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और एक पैर से विकलांग था। बड़ी मुश्किल से वह अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र (13 वर्ष) एक पुत्री (12 वर्ष) छोड़ गए। मौत की खबर सुनते हैं गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार को महिलाओं और युवतियों में रक्त की कमी से होने वाले रोगों के निवारण के लिए 'एनीमिया मुक्त भारत' को लेकर रांची रोड दुर्गा मंडप के समीप हाली टेनी टोट्स स्कूल में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 120 महिलाओं का नि:शुल्क जांच कर दवाओं का वितरण किया गया। भारत विकास परिषद की महिला संगठन संयोजिका पूनम सिंह के नेतृत्व में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह और सचिव मनमोहन सिंह लांबा, उमेश राजगढ़िया, पूर्णिमा सिंह, श्वेता बगड़िया, और नवनीत ने कार्यक्रम को सफल बनाया। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा तथा प्राइम हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त शिविर में सुदूर क्षेत्रों से आई महिलाओं के बीच चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ रिचा रश्मि ने महिलाओं को संबोधित कर मासिक धर्म में तथा स्त्रियों के विभिन्न रोगों द्वारा उनमें रक्त की कमी को कैसे दूर करे पर विस्तृत चर्चा की। डॉ नेहा खानम के सहयोग से महिलाओं का नि:शुल्क खून जांच और जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। परिषद द्वारा आगामी दिनों में ऐसे और शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जायेंगे ताकि महिलाओं में एनीमिया रोगों को दूर करने में मदद मिले। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला संगठन मंत्री पूनम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देकर समापन किया।

## पोटंगा में 15 को लगेगा जितिया मेला



उरीमारी (आजाद सिपाही)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 सितंबर को पोटंगा गांव में जितिया पूजा का आयोजन विधि-विधान के साथ किया जायेगा। पूजा कार्यक्रम पहान गोइड़त और गांव के गणमान्य व्यक्तियों के दिशा-निर्देशन में संपन्न होगा। परंपराओं और आस्था के इस पर्व को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिलेगा। साथ ही मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रेम दिया सरगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिरसा परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, विशिष्ट अतिथियों में पोटंगा पंचायत मुखिया बरका करमाली, पंसस बभनी देवी, उपमुखिया रविंद्र सोरेन मौजूद रहेंगे। जितिया मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक कर विचार-विमर्श करते पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज मुंडा, सचिव पप्पू मुंडा, संरक्षक गणेश गंझू, मनोज सिंह, जितन मुंडा, अकल मुंडा, मुकुंद मुंडा, कामेश्वर मुंडा, कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, कलेश्वर मुंडा, राजू मुंडा, अजय मुंडा, राजेंद्र मुंडा, लिटा गंझू, रामकुमार प्रजापति, सुरज मुंडा, किशोर मुंडा, दिनेश मुंडा, भंदु मुंडा, सुमित गंझू, दिलीप मुंडा, संजय मुंडा, महेन्द्र गंझू, शुभम मुंडा, मुकेंद्र मुंडा, चंद्रदेव मुंडा, रमेश मुंडा, मनोज मुंडा, विनोद प्रजापति शामिल थे।

## भुरकुंडा गुरुद्वारा और साईं मंदिर परिसर में अग्रगति संस्था ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम




भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। अग्रगति संस्था द्वारा 12 से 14 सितंबर तक रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को संस्था ने श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा और भुरकुंडा बाजार स्थित साईं मंदिर प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए संस्था की इशरत जहां और नवल किशोर ने कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी बच्चों के लिए एक अभिशाप है। इससे न केवल उनका बचपन और शिक्षा छिन जाती है, बल्कि भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। इन कुप्रथाओं को रोकने के लिए अभिभावकों और समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। गुरुद्वारा और मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अग्रगति संस्था की इशरत जहां और नवल किशोर ने बच्चों और आमजनों को जागरूक किया। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, साईं मंदिर पूजा समिति के पदाधिकारी और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया कि वे समाज में इन बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे और रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभायेंगे। मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु सिंह, भुपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, जगतार सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण



चतरा (आजाद सिपाही)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश के आलोक में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था और रख-रखाव की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सभी ताले, सील, रिकॉर्ड और सुरक्षा व्यवस्था की भौतिक जांच की गयी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को वेयरहाउस की साफ-सफाई, नियमित मॉनिटरिंग और सभी उपकरणों के समय-समय पर परीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/सचिव और उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी भवन प्रमंडल चतरा, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवती कुमारी समेत कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप वेयरहाउस का रखरखाव प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और समय-समय पर इसका निरीक्षण कर सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जायेगी।

# कल्याण विभाग में 25 लाख का गबन

## सप्लायर, बैंक कर्मी और ऑफिस कर्मी के खिलाफ प्राथमिकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला कल्याण कार्यालय में लगभग 25 लाख रुपये का घोटाला हो गया है। यह घोटाला पशुधन योजना के आपूर्ति करता अमजद हुसैन के द्वारा किया गया है। उसके इस घोटाले में आइडीबीआइ बैंक के कर्मचारियों और कल्याण विभाग के कर्मियों ने उसे भरपूर सहयोग दिया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री पशुधन योजना की राशि से 24 लाख 81 हजार 600 रुपय की अवैध निकासी कर ली गयी है। यह अवैध निकासी फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर की गयी है।

**किसी भी सूरत में लाभुकों को नहीं होना था डायरेक्ट भुगतान :** जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने रामगढ़ पुलिस को घोटाले की पूरी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 11 नवंबर 2023 को समिति द्वारा 358 लाभुकों को चयनित किया गया था। राज्य सरकार से जिला कल्याण कार्यालय को सूकर पालन, बकरी पालन, बैकयार्ड लेयर कुकुट, बॉयलर कुकुट और बतक पालन के लिए लगभग 94 लाख रुपए मिले थे। यह रुपए आइडीबीआइ बैंक में रखे गये थे और उसे सीधे लाभुकों के बीच भुगतान नहीं करने का निर्देश दिया गया था।

**कार्यालय से मिली धमकी तो डेढ़ लाख लौट कर भाग गया सप्लायर :** जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने बताया कि जब सप्लायर को फर्जीवाड़ी के बारे में पता चला तो वह मात्र डेढ़ लाख रुपये वापस कर पाया। इसके बाद वह फरार हो गया और अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया।

### फरवरी महीने से अप्रैल 2025 के बीच पांच पत्र पर हुए फर्जी हस्ताक्षर

जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि पत्रांक संख्या 639 दिनांक 27 फरवरी 2025, पत्रांक- नील- दिनांक 8 3.2025, पत्रांक 674 दिनांक 18 3.2025, पत्रांक 745 दिनांक 9 अप्रैल 2025 और पत्रांक 796 दिनांक 30 अप्रैल 2025 पर किये गये हस्ताक्षर फर्जी थे। उन्होंने बताया कि सभी पत्रांक वर्ष 2025 के आगत निर्गत पंजी में दर्ज नहीं है। उन सभी पत्रों पर जिला कल्याण पदाधिकारी का हस्ताक्षर भी फर्जी है। उन पत्रों पर अंकित हस्ताक्षर, बैंक को भेजे गये हस्ताक्षर के नमूने से भी अलग हैं। जिला कल्याण कार्यालय से पत्रांक 1342 दिनांक 1.9.2025 जारी कर बैंक से पूछा गया कि बैंक ने किन पत्रों के आदेश पर उन लोगों के खाते में उतनी रकम हस्तांतरित की है। पूरी जांच कार्यालय कर्मी अमित कुमार दास को बैंक भेज कर भी करायी गयी। बैंक ने पत्रांक 631 दिनांक 20 फरवरी 2025 को दिखाया और वह पत्र की मूल प्रति से भिन्न पाया गया। उस पत्र बतक पालन सूची के 98 लाभुकों से संबंधित है। बैंक में मिले पत्र और कार्यालय में दर्ज पत्र में भी काफी अंतर पाया गया।

### ऑफिस के पत्र में अमजद हुसैन ने कर दी छेड़छाड़

जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अमजद हुसैन को पत्रांक संख्या 331 दिनांक 20 फरवरी 2025 बैंक में जमा करने हेतु उपलब्ध कराया गया था। लेकिन अमजद हुसैन ने उसमें छेड़छाड़ कर दी। बत्तख पालन श्रेणी के 98 लाभुकों की मूल सूची को पूर्णतः बदलकर उसने अपने हिसाब से नयी सूची लगा दी। उस सूची पर जिला कल्याण पदाधिकारी का हस्ताक्षर भी फर्जी था। प्रत्येक पृष्ठ पर प्रधान सहायक श्री मुंडा का हस्ताक्षर मिला। मूल सूची के अनुसार लाभुकों को बतक पालन के लिए 1700 ही मिलने वाले थे। परंतु सप्लायर अमजद हुसैन द्वारा बदली गयी सूची में बॉयलर कुकुट पालन और बैकयार्ड लेयर कुकुट पालन की राशि 67,500 और 1,18,200 अंकित कर दी गयी। वही राशि का भुगतान बैंक द्वारा उन पांच पत्रों पर किया गया जो आगत और निर्गत पंजी में दर्ज नहीं थे। बैंक ने आपूर्ति करता अमजद हुसैन ग्राम अमवाईटीकर थाना लातेहार के खाते में कर दिया। उसके खाते में कुल 24 लाख 81 हजार 600 ट्रांसफर किये गये हैं।

## करमा रोड सेल बंदी मामले में सीसीएल प्रबंधन सक्रिय, आंदोलनकारियों संग की वार्ता

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल करमा परियोजना के बंद पड़े लोकल रोड सेल को खुलवाने की दिशा में चौथे दिन सीसीएल प्रबंधन काफी गंभीर दिखा। जहां पीओ रामेश्वर मुंडा द्वारा कार्यालय में विस्थापित संघर्ष मोर्चा, सुगिया का प्रतिनिधि मंडल के संग घंटों देर वार्ता कर पूर्व की भांति लोकल सेल को खोलने का आग्रह किया गया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल के सदस्य रवि मुंडा ने कहा कि हमारी मांगों को सेल समिति दरकिनार कर रही है और किसी भी प्रकार का पहल भी नहीं किया जा रहा है। हम पहल करने को लेकर तैयार है। वहीं, करमा पीओ रामेश्वर मुंडा ने बताया कि दो - तीन दिनों के अंदर आंदोलनकारी व सेल समिति के बीच वार्ता कराने का प्रयास किया जायेगा। इधर, चौथे दिन भी सेल कार्यालय में ताला बंदी के साथ कार्य पर पूर्णत: ठप रहा। जबकि कोलियरी में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, गाड़ियों की भी बुकिंग नहीं हो सका। मालूम हो कि सुगिया के ग्रामीणों द्वारा रोड सेल में 556 दंगल को खारिज कर नए सिरे मात्र 147 दंगल का जोड़ने की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। वार्ता में पीओ रामेश्वर मुंडा के अलावे मोर्चा सदस्य रवि मुंडा, विनय मुंडा, किशुन मुंडा, अरविंद मुंडा, राजेंद्र टुडू, बाबूचंद मरांडी शामिल रहे।

## आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का शुभारंभ



चतरा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (पलाश) के तत्वावधान में आज जिले में आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का शुभारंभ किया गया। समाहरणालय परिसर से उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने दो मालवाहक वाहनों और तीन सवारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए एक नया अवसर लेकर आई है। नियमित संचालन, पारदर्शी प्रबंधन और सक्रिय भागीदारी से न केवल दीदियों की आय में वृद्धि होगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर करेगी। आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के अंतर्गत प्रारंभ किये गये ये वाहन सुदूरवर्ती गांवों को बेहतर परिवहन सुविधा से जोड़ेंगे। मालवाहक वाहन ग्रामीण उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में मदद करेंगे, वहीं सवारी वाहन ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने का कार्य करेंगे। यह पहल स्थानीय सखी मंडलों को नये आजीविका अवसर उपलब्ध कराने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभायेगी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार जायसवाल, जिला प्रबंधक (गैर कृषि आजीविका) नागेश्वर कुमार, DMMU के सभी कर्मी, प्रखंड सिमरिया और मयूरहंड के इढड-एढ, उउ, संबंधित संकुल संगठनों की दीदियाँ और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक

# युवा ही हैं देश का भविष्य : सांसद कालीचरण सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ ने की। बैठक में मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि युवा किसी भी समाज और देश की ताकत होते हैं। आप लोग आज जिस पंक्ति में बैठे हैं, कभी हम भी युवा मोर्चा के सदस्य के रूप में इसी पंक्ति में बैठा करते थे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग की मेहनत, ऊर्जा और संकल्प से ही राष्ट्र का भविष्य तय होता है। सांसद ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती और समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास युवाओं की सक्रिय भागीदारी से बना है और आने वाले समय में भी युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी काली यादव, सुजीत जायसवाल, जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों और युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद थे।

## राजू राणा बने प्रस्तावित प्रखंड जोरी के विधायक प्रतिनिधि

हंटरगंज/ चतरा(आजाद सिपाही)। चतरा विधायक द्वारा पैनी कला पंचायत के पचमहला गांव निवासी राजू राणा को प्रस्तावित प्रखण्ड जोरी का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया। विधायक ने पत्र जारी करते हुए बताया कि प्रखण्ड के ग्रामीण कार्य विभाग और वशिष्ठ नगर जोरी थाना के लिए अपेछित बैठकों, योजनाओं के कार्यान्वयन और समन्वय स्थापित करने के लिए प्रतिनिधि का चयन किया गया है। इन्हें सम्बंधित विभागीय गतिविधियां, बैठकों और समन्वय कार्यों में सहभागी होने की अनुमति और यथोचित सहयोग हेतू संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर राजू राणा और उनके शुभचिंतकों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## बीडइओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड के एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला में शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के 125 विद्यालयों में से एक दो को छोड़कर सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया बीइइओ ने शिक्षक को निर्देश दिया कि प्रखंड क्षेत्र के जर्जर विद्यालयों की सूची अभिलंब विभाग को लिखित रूप से दें। गुरु गोष्ठी में जो शिक्षक एवं सीआरपी बीआरपी उपस्थित नहीं होते हैं उन पर कार्रवाई होगी। नवभारत साक्षरता की परीक्षा 21 सितंबर को आयोजित है इसे गहनता से लें। पोशाक संबंधी रिपोर्ट अभी तक अपूर्ण है इसे पूर्ण करें। जो विद्यालय अभी तक साइकिल वितरण नहीं किये हैं अति शीघ्र पूर्ण करें। सावित्रीबाई फुले संबंधित प्रतिवेदन हार्ड कॉपी में सीडीपीओ और बीआरसी में अवश्य जमा करें। साइकिल वितरण जो विद्यालय कर चुके हैं उसका फोटोग्राफी समेत विभाग को दें। बच्चों का हाजिरी सभी विद्यालय लेंगे। उपायुक्त द्वारा दिये गये निर्देश का अक्षरशः पालन करेंगे। पीटीएम लिंक विद्यालय भरेंगे। बाल संसद और इको क्लब का प्रतिमाह बैठक हो यह सुनिश्चित करेंगे। गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर महतो, प्रखंड साधन सेवी संतोष प्रसाद, अमर खत्री, संकुल साधन से देव कुमार, उत्तम कुमार, शशि भूषण, विश्वजीत पांडे, अभय कुमार, शिक्षक समीरुद्दीन अंसारी, मीनू रानी, दास मोइन अंसारी, कालेश्वर राम, सुशांत चक्रवर्ती, राजेश पांडे, तिल देवी, बसंत महतो और शशि भूषण प्रसाद ने मुख्य रूप से मौजूद थे।


AFFIDAVIT

As Per Affidavit Ref. No.: 5233, Dated: 22/07/2025I, Mahendra Mochi (MAHENDRA MOCHI), son of Badri Mochi, aged approximately 55 years, by religion Hindu, by profession employee, by nationality Indian, residing at near Durga Mandir, Railway Siding Tipla, Arwa, Police Station - Bhurgunda, District Hazaribagh, Postal District Ramgarh, (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:That I am working as a Tramming Personnel, CAT-III at CCL URIMARI OC, BARKASHAYAL, and my C.M.P.F. No. is RMG/22-1520 and my P.I.S No. is 11048667.That the actual name of my son is Sharvan Kumar (SHARVAN KUMAR), which is recorded in my son's Aadhar Card and Birth Certificate.That the name of my above-mentioned son is incorrectly recorded as Shrawan Kumar in my service book.That I have executed this affidavit to correct the incorrect name Shrawan Kumar and get the correct and actual name, Sharvan Kumar, recorded in my service book.


## विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में योजनाओं के प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गयी और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जनमन, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा के तहत निर्मित अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मरेगा पार्क, बिरसा हरित ग्राम योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी।

# शिविर में 134 लोगों ने किया रक्तदान

**रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : जीएम राजीव सिन्हा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** सीसीएल कुजू जीएम कार्यालय के समीप परिजात गेस्ट हाउस में शनिवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन सीसीएल कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर रोटरी सेंट्रल प्राइम ब्लड सेंटर ने 134 लोगों का रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर जीएम राजीव सिन्हा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान करने से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। कहा कि आज देश को जितनी ब्लड की जरूरत है उतनी उपलब्ध नहीं हो पा रही है, इसके लिए जागरूकता फैलाने की जरूरत है। इसी उद्देश्य के साथ सीसीएल परिवार द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है। सीसीएल कोयला उत्पादन के अलावे सामाजिक कार्यों में भी सक्रियता है। वही, युवाओं से भी रक्तदान जैसे कार्यों में आगे आने की अपील की। जिससे अन्य को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के शिक्षक, अधिकारी और कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वहीं, जीएम ने रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाणपत्र, मोमेंटो सौंपा। इस अवसर पर ब्लड सेंटर के निदेशक डॉ दिनेश कुमार, अध्यक्ष डॉ एनडी सहाय, इंचार्ज सुनील गुप्ता, तानिया कुनार, रोटरी क्लब रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विशाल वासुदेव, विकास बंसल, सीसीएल एसओपी पल्लव चक्रवती, अर्पिता महिला मंडल सदस्य रेखा सिन्हा, स्वर्णलता, शोभा मुंडा, संजना, एएमओ मीनू पांडियन, सुमित सारंगी, प्रताप रंजन, भूषण यादव, पीओ रामेश्वर मुंडा, एमके सिंह, आरपी पवन, गोविंद साहू, अविनाश श्रीवास्तव, डॉ मंजूनाथ, अजय मेहता, राजू रविदास, शिक्षक विश्वविजयी महापात्रा, कुमारी अनिता, शंकर रजक, हेमंत सिंह, प्रदीप राम, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, हरि महतो समेत कई लोग शामिल रहे।

# काजू बागान में कोयला तस्करों पर गिरेगी गाज, वन विभाग ने की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में रजरप्पा के बाद अरगड्डा क्षेत्र कोयला तस्करों का गढ़ बनता जा रहा है। कोयला तस्करों ने इस इलाके में अवैध माइंस ही खोलकर रख दिया है। रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश के बाद एक बार फिर वन विभाग बड़ी कार्रवाई करने के लिए आगे बढ़ चुका है। अरगड्डा प्रक्षेत्र के काजू बागान में कोयला तस्करी की बड़ी सूचना सामने आ रही थी। यहां बड़े स्तर पर कोयले की तस्करी हो रही थी। लेकिन जिला प्रशासन कोयला तस्करों पर गाज गिरने के लिए पहले से ही कमर कस चुका था। डीसी के निर्देश के बाद डीएफओ नीतीश कुमार ने अवैध रूप से खोले गये माइंस को भरने का अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को डीएफओ वन विभाग की पूरी टीम के साथ काजू बागान में खोले गये अवैध माइंस में पहुंचे और वहां छाई से माइंस को भरवाना शुरू कर दिया है। डीएफओ ने बताया कि इस बार ऐसी कार्रवाई होगी कि लंबे समय तक कोयला तस्कर भी याद रखेंगे। उन्होंने बताया कि कई लोगों का नाम भी सामने आया है, उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department, Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement , Short Notice Inviting Tender (2nd Call)**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/19/2025-26**
**PR No. 346218**

| Sl. no. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for Construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of new P.C.C Road from H/o Bhairav Kashap to Kali main road in ward no. 10 (Ten) under Municipal Corporation, Hazaribag | 15,73,200.00 | 32,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 2. | Construction of P.C.C Roa d from H/o Mahendra Singh to H/o Wajir yadav in ward No. 23 under Municipal Corporation, Hazaribag | 11,44,200.00 | 23,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 3. | Construction of P.C.C Road from H/o Rakesh Prasad to Rajesh Pandey in Ward No. 26 under Municipal Corporation, Hazaribag | 12,00,000.00 | 24,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 4. | Construction of Road from the Campus of Manjit Yadav towards Chano road in green city in ward no. 36 (Thirty Six) under Municipal Corporation, Hazaribag | 17,93,700.00 | 36,000.00 | 5,900.00 | 120 days |

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on website | 15.09.2025 at 11:00 A.M. |
| Last Date/Time of receipt of bids online | 13.10.2025 up to 5:00 P.M. |
| Bid Opening date | 15.10.2025 at 11:00 A.M. |
| Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. |
| Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)-12/2023/न0वि- 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 361853 Urban Development and Housing(25-26)#D

# मणिपुर में शांति की आशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा बहुप्रतीक्षित थी। दो साल से ज्यादा वक्त से यह राज्य अशांत है। छिटपुट हिंसा का दौर अब भी जारी है। पीएम के दौरे और विकास परियोजनाओं के ऐलान से शांति एवं स्थायित्व बहाल करने में मदद मिल सकती है।

**जानमाल का बड़ा नुकसान :** मणिपुर का मौजूदा संकट मार्च 2023 में वहां के हाईकोर्ट के उस आदेश से शुरू हुआ था, जिसमें राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने पर जल्द विचार करने को कहा गया था। इसके कुछ दिनों बाद ही कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़क उठी। इसमें 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों विस्थापितों की तरह रहने को मजबूर हैं।

**आम सहमति :** इस संघर्ष ने राज्य की दो प्रमुख जनजातियों के बीच अविश्वास को और गहरा कर दिया है। मामले की जटिलता यह है कि कुकी और मैतेई ही नहीं, कई दूसरी जनजातियां भी हैं, जिनको वार्ता का हिस्सा बनाये बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उम्मीद की जा सकती है कि प्रधानमंत्री के जाने से इस दिशा में ठोस पहल होगी।

पीएम के दौरे का ऐलान होने के बाद भी यहां से पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ कुछ लोगों की झड़प की खबरें आयी थीं। इससे जाहिर होता है कि कुछ अराजक तत्व शांति बहाली की कोशिशों को पटरी से उतारना चाहते हैं।

**अराजकता पर लगाम :** पीएम मोदी राजधानी इंफाल के साथ चुराचांदपुर भी जायेंगे। हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में चुराचांदपुर है। पीएम के दौरे का ऐलान होने के बाद भी यहां से पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ कुछ लोगों की झड़प की खबरें आयी थीं। इससे जाहिर होता है कि कुछ अराजक तत्व शांति बहाली की कोशिशों को पटरी से उतारना चाहते हैं।

**भरोसे की जरूरत :** राज्य के लोगों को यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि सरकार किसी एक समुदाय या वर्ग के साथ नहीं, पूरे मणिपुर के साथ है और उनकी सामूहिक भलाई के लिए काम कर रही है। दरअसल, निवर्तमान सीएम एन बीरेन सिंह को इसीलिए इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि उन्हें लेकर कुकी समुदाय आश्वस्त नहीं था। यह भी आरोप लगे थे कि उन्होंने हिंसा से निपटने के लिए जरूरी तत्परता नहीं दिखायी।

**संवेदनशीलता की जरूरत :** मणिपुर का सामाजिक तानाबाना बहुत नाजुक है। यहां पहले भी कुकी-पाइते और मैतेई-पंगल संघर्ष हो चुका है। केंद्र की एक्ट-ईस्ट पॉलिसी का हिस्सा होने और म्यांमार से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण मणिपुर में ज्यादा संवेदनशीलता एवं सावधानी बरतने की जरूरत है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

नेपाल ने 5 दिन में वो सब कुछ देख लिया जो इतिहास में शायद ही पहले कभी देखा हो। केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। 5 दिन के अंदर देश में एक नयी व्यवस्था बनी। 12 सितंबर को देश की संसद भंग कर दी गयी। पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। यह सिर्फ एक सोशल मीडिया बैन या भ्रष्टाचार के खिलाफ विद्रोह नहीं, बल्कि नेपाल के इतिहास की उस चक्रवर्ती कहानी का नया अध्याय है, जहां हर विद्रोह हर एक आंदोलन बदलाव का चमकदार वादा तो करता है, मगर आखिर में मिलता है सिर्फ धोखा।

# नेपाल में हर विद्रोह करता है बदलाव का वादा, लेकिन मिलता है धोखा



**फरीद अली**

नेपाल ने 5 दिन में वो सब कुछ देख लिया जो इतिहास में शायद ही पहले कभी देखा हो। केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। 5 दिन के अंदर देश में एक नयी व्यवस्था बनी। 12 सितंबर को देश की संसद भंग कर दी गयी। पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। यह सिर्फ एक सोशल मीडिया बैन या भ्रष्टाचार के खिलाफ विद्रोह नहीं, बल्कि नेपाल के इतिहास की उस चक्रवर्ती कहानी का नया अध्याय है, जहां हर विद्रोह हर एक आंदोलन बदलाव का चमकदार वादा तो करता है, मगर आखिर में मिलता है सिर्फ धोखा। सत्ता बदल जाती है, नये चेहरे आते हैं, लेकिन सामाजिक न्याय, समानता और सच्चे लोकतंत्र की जड़ें कभी गहरी नहीं हो पातीं, और फिर अंजाम वही, अधूरी आशाएं अगले तूफान को जन्म देती हैं। नेपाल के इतिहास की हर एक अधूरी क्रांति का जिक्र फणीश्वरनाथ रेणु ने अपनी किताब नेपाली क्रांति की कथा में किया है। उनकी नजर में क्रांति का मकसद सिर्फ सत्ता बदलना नहीं था, बल्कि ये समानता और न्याय की पहली कोशिश थी और आज की ये आवाजें, हिंसक या शांतिपूर्ण, उसी पुरानी न्याय और समानता की भूख की गूंज हैं, जो दशकों से अधूरी है। क्लियर कट में खोलेंगे इसी अधूरे संघर्ष की परतें और देखेंगे क्या इस बार वाकई कुछ बदलेगा, या फिर मिलेगा वही धोखा? चलिए, इतिहास के आईने में झांकते हैं।

नेपाल की सड़कों पर उठी आक्रोश की लहर सिर्फ मौजूदा राजनीतिक अस्थिरता का नहीं, बल्कि अधूरे हिसाब और बार-बार टली हुई उम्मीदों का नतीजा है।

**1951: पहली क्रांति, राणा शासन का पतन और लोकतंत्र का प्रारंभ :** 1951 में नेपाल में राणा कुलीनतंत्र का पतन हुआ, जो नेपाली कांग्रेस, वामपंथी समूहों और राजा त्रिभुवन की साझेदारी से संभव हुआ। हालांकि भारत की मध्यस्थता से राजा बहाल हुए, मगर साथ ही राजनीतिक दलों को मान्यता मिली और चुनाव का वादा किया गया। नेपाल में इस आंदोलन को आजादी का नया सवेरा माना गया, लेकिन जैसा नेपाली क्रांति की कथा किताब में कहा गया है कि, यह सिर्फ आधी क्रांति थी: राजशाही अभी भी सत्ता में थी। नौकरशाही वैसी ही रही और लोकतंत्र के वादे कमजोर रहे। 1959 में बीपी कोइराला पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से प्रधानमंत्री बने, लेकिन सिर्फ 18 महीने बाद राजा महेन्द्र ने उन्हें बर्खास्त करके संसद भंग कर दी और जेल में डाल दिया, फिर नेपाल में पंचायती व्यवस्था थोप दी गयी। इस तरह 1951 की आशाएं अधर में लटक गयी और नेपाल तीन दशकों तक निर्देशित लोकतंत्र के जाल में फंसा रहा।

**1960-1990: पंचायत और विद्रोह के बीज :** अब नेपाल के पंचायत युग पर नजर डालें तो, 1960 से 1990 तक राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध रहा, असहमति को कुचला गया, लोकतांत्रिक आवाजें दबायी गयी। छात्र, मजदूर और छुपकर रहने वाले कार्यकर्ताओं में निराशा उफान मारने लगी, वो सालों से अपने अधिकारों और प्रतिनिधित्व की लड़ाई लड़ रहे थे, लेकिन राज्य की संरचना से उन्हें बार-बार ठोकर मिली। शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासन में सुधार के प्लान कागजों पर ही अटके रहे, जमीन पर कुछ नहीं बदला। धीरे-धीरे असंतोष फैला, छोटे-छोटे विद्रोहों ने जन्म लिया। 1980 के अंत में आर्थिक संकट, भ्रष्टाचार और असमानता ने जनता के गुस्से को चरम पर पहुंचा दिया। आखिरकार 1990 में जनता सड़कों पर उतरी, हजारों प्रदर्शनकारी विद्रोह करने लगे, दर्जनों मौतें हुईं, आखिरकार राजा बीरेंद्र शाह को झुकना पड़ा और बहुदलीय लोकतंत्र की राह खुली। यह विद्रोह सिर्फ राजशाही के खिलाफ नहीं था, बल्कि दबाई गयी आवाजों का प्रतीक बना, जिसने नेपाल में लोकतांत्रिक चेतना के बीज बो दिये।

**नेपाल में 1990 का कमजोर लोकतंत्र :** 1990 का नया संविधान आया तो नेपाल की जनता में आशाओं की लहर दौड़ पड़ी। नेपाल संवैधानिक राजशाही और बहुदलीय लोकतंत्र में ढल गया। बरसों की कठोर राजशाही और असमानता के बाद पहली बार लोगों ने खुली राजनीतिक प्रक्रिया देखी। लोगों में उत्साह था कि अब जीवन बदलेगा। पार्टियां सत्ता की दौड़ में लगीं, लेकिन आपसी कलह और आंतरिक झगड़े फिर से भारी पड़े, और स्थिरता नहीं आ पायी। 1991 से 2001 तक नौ सरकारें घूम गयीं। दलित, जनजाति, मधेसी और महिलाएं सत्ता से कोसों दूर रहीं। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास में कोई खास सुधार न हुआ। लोकतंत्र राजधानी की चमक तक सीमित रह गया, जबकि पिछड़े इलाकों में असमानता की जड़ें गहरी होती गयी। जनता को लगा कि बदलाव सिर्फ शहरों का दिखावा है, हकीकत में इंसाफ दूर है और इसी एहसास ने जनता में माओवादी विद्रोह जैसे तूफान के बीज बो दिये।

**1996-2006: माओवादी जनयुद्ध :** 1996 में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) ने हथियार उठा लिए, सशस्त्र विद्रोह छेड़ा। उनका जनयुद्ध राजशाही उखाड़ने और समावेशी गणराज्य बनाने का सपना था। यह सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि जाति, वर्ग, लिंग की असमानताओं के खिलाफ जनता की पुकार थी। 10 सालों तक इस आग ने नेपाल को झुलसाए रखा। 17,000 से ज्यादा मौतें, हजारों लापता, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था चूर-चूर हो गयी। विद्रोह ने साबित किया कि हाशिए के समुदाय अपनी दबी आवाजें बुलंद करने को तैयार हैं। मगर सत्ता का जवाब बेहद क्रूर था। पुलिस के हिंसक अभियान, हिरासतें, डर का साया हावी रहा। 2001 में शाही परिवार का नरसंहार हुआ, जिसमें राजा बिरेंद्र और उनके परिवार के कई लोग मारे गये। राजशाही की वैधता और कमजोर हो गयी। इसके बाद 2005 में राजा ज्ञानेंद्र की सत्ता के अधिग्रहण की कोशिश ने माओवादी और मुख्यधारा की पार्टियों को एकजुट कर दिया।

**2006: जनता आंदोलन और गणराज्य :** अप्रैल 2006 में जनता आंदोलनII ने इतिहास रच दिया। लाखों लोग सड़कों पर उतर आये, कर्फ्यू तोड़ा, काठमांडू के चौराहों पर लोकतंत्र की मांग की। नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा, माओवादी पार्टी के प्रचंड और बाबुराम भट्टराई ने जन-आक्रोश को दिशा दी, सामाजिक मांगों को राष्ट्रीय मंच पर लाया गया। यह सिर्फ पार्टियों का संघर्ष नहीं था, बल्कि लंबी निराशा, अन्याय और सच्चे लोकतंत्र की आकांक्षा का प्रतीक था।

भारत की मध्यस्थता और अंतरराष्ट्रीय दबाव से राजा ज्ञानेंद्र को झुकना पड़ा, राजशाही खत्म हुई, नेपाल गणराज्य घोषित हुआ. माओवादी शांति प्रक्रिया में शामिल हुए। संविधान निर्माण शुरू हुआ। नेपाल के लिए यह मोड़ निर्णायक था। पहली बार राजशाही को चुनौती मिली, समावेशी गणराज्य की नींव रखी गयी। जनता की भागीदारी ने इसे नेपाल के इतिहास का स्वर्णिम पल बना दिया।

**2015: संविधान और बहिष्कार :** फिर 2008 से 2012 की पहली संविधान सभा गतिरोध में फंसी, तो 2013 में दूसरी चुनी गयी और 2015 में नया संविधान आया, जो संघवाद, धर्मनिरपेक्षता और गणराज्यवाद का वादा करता था। नेपाल के लिए यह लोकतंत्र का नया दौर था, स्थिरता और न्याय की उम्मीद जगी, लेकिन मधेसी, थारू जैसे अल्पसंख्यक समुदायों ने इससे बहिष्कृत महसूस किया। अप्रैल 2015 में भयानक भूकंप आया, देश बुरी तरह से टूट चुका था, भारतीय सीमा पर नाकेबंदी ने दर्द दोगुना कर दिया। संवैधानिक कमियां और असमान विकास ने पुराने तनाव फिर से उभार दिये। यह साबित हुआ कि बिना संरचनात्मक बदलाव के लोकतंत्र अधूरा है।

**2015-2025: निराशा और उम्मीद :** 2015 के बाद नेपाल गणराज्य बना, लेकिन फिर भी वादे अधूरे रहे। कांग्रेस, यूएमएल, माओवादी सरकारें जिम्मेदारियों में लड़खड़ाई। संघवाद लंगड़ा रहा, स्थानीय प्रशासन कमजोर, संसाधनों की कमी से विकास रुका रहा। भ्रष्टाचार फैला, युवाओं के रोजगार सीमित रहे, शिक्षा-स्वास्थ्य में सुधार नाममात्र ही था. ग्रामीण-सीमावर्ती इलाकों में जीवन वैसा ही रहा, लेकिन 2022 में बलेंद्र शाह उर्फ बालेन काठमांडू के मेयर बने- लोक नायक बने, अवैध निर्माण हटाये गये, जवाबदेही बढ़ाई गयी उनकी लोकप्रियता बताती है कि जनता पारदर्शी नेतृत्व चाहती है। इससे राष्ट्रीय अस्थिरता को पूरी तरह से बदला नहीं जा सका।

**इतिहास के साए में 2025 का संघर्ष :** 8 सितंबर को जेन-जी विद्रोह हो गया, नेपाल के नौजवानों ने पूरे सिस्टम को हिला दिया, उनके गुस्से की आंधी के सामने सब कुछ तहस-नहस हो गया। 9 सितंबर 2025 को पीएम केपी शर्मा ओली का इस्तीफा कोई साधारण घटना नहीं है, यह दशकों की जमा निराशा का एक बड़ा विस्फोट है। काठमांडू में धुआं, हिंसा, संसद जलना, यह शायद पिछली तमाम अधूरी क्रांतियों का हिसाब है। नेपाल की सड़कों पर उठी आक्रोश की लहर सिर्फ मौजूदा राजनीतिक अस्थिरता का नहीं, बल्कि अधूरे हिसाब और बार-बार टली हुई उम्मीदों का नतीजा है।



## कोल्हान की खबरें

### पोटका में पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला



पोटका/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पोटका प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को पंचायत उन्नति सूचकांक पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर श्री मुंडा ने कहा पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से ही प्रखंड की पहचान बनती है। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर कान्हू मुर्मू ने सूचकांक के उद्देश्य और मापदंडों की जानकारी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पांच पंचायतों को सम्मानित किया गया। पोटका पंचायत की मुखिया पानो सरदार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अन्य सम्मानित पंचायतों में कुलडीहा, तेंतला, गंगाडीह और सानग्राम शामिल हैं। कार्यक्रम में बीआरओ मनोज कुमार समेत पंचायत प्रतिनिधि-पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मानगो डिमना मेन रोड में चोरी से भयभीत हैं लोग



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मानगो डिमना मेन रोड लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय निवासी भयभीत हैं। स्थानीय लोगों का कहना है उलीडीह थाना से महज 800 मीटर की दूरी पर एक महीने के अंदर कई घरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।12 अगस्त को लक्ष्मी नारायण के घर से बर्तन चोरी हुई। वहीं 16 अगस्त को लक्ष्मी देवी के घर से चोर सिलेंडर चुरा लिया। ताजा घटना बीती रात पप्पू गौतम के घर मे चोर चारदीवारी फांदकर घर में घुसे और खिड़की तोड़ने की कोशिश की। आवाज से नींद खुलने पर जब पप्पू ने उन्हें देखा तो चोरों ने बटन चाकू दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी और गालियां देते हुए भाग निकला, लेकिन जाते-जाते आंगन में लगा पानी का मोटर चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह मौके पर पहुंचे और स्थानीय थाना प्रभारी को मामले की जानकारी दी।

### शैलेश पांडेय झारखंड गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया गीग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गाबा ने झारखंड कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर अवधेश सिंह, आशुतोष सिंह, अंजनी पांडेय, आशीष कुमार, अंजन राय, दिलीप सिन्हा और अमृत महतो आदि ने उन्हें बधाई दी।

### बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा में 2.15 करोड़ का गबन,पूर्व शाखा प्रबंधक निलंबित,मामला दर्ज



गुवा (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा में करीब 2.15 करोड़ के गबन का मामला सामने आया है। पूर्व वरीय शाखा प्रबंधक सुदीप सिंकु पर सेल गुवा के खाते से बिना अनुमति बड़ी राशि निकालने का आरोप है। मामले की जांच के लिए मुंबई मुख्यालय से ऑडिट टीम पहुंची थी। रिपोर्ट में गबन की पुष्टि के बाद आरोपी शाखा प्रबंधक को निलंबित कर एफआइआर दर्ज की गयी। बताया गया आरोपी ने चार फर्जी खातों में रकम ट्रांसफर कर नकदी निकासी की थी। गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार अन्य संलिप्त लोगों की भी जांच जारी है।

## प्रोस्टेट कैंसर जागरूकता को लेकर मणिपाल अस्पताल ने जमशेदपुर में चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** प्रोस्टेट कैंसर जागरूकता माह के तहत कोलकाता स्थित मणिपाल अस्पताल इएम बाइपास ने जमशेदपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार को अभियान में कैंसर से ठीक हुए लगभग 15 मरीजों ने अपनी प्रेरणादायक जीवनगाथा साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना और सही समय पर जांच एवं इलाज के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर अस्पताल के यूरोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अभय कुमार ने प्रोस्टेट कैंसर के लक्षण, इलाज और रोबोटिक तकनीक की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया शुरूआती जांच से कैंसर का इलाज आसान हो जाता है। मौके पर प्रोस्टेट कैंसर से उबरे प्रोफेसर प्रनोबेश रॉय, केडीपी सिंह और तपस कुमार महतो ने अपना अनुभव साझा करते हुए रोबोटिक सर्जरी को जीवन बदलने वाला बताया।

इंटरएक्टिव सत्र के दौरान डॉ अभय कुमार ने कहा प्रोस्टेट कैंसर के उपचार को लेकर कई मिथक हैं, जो लोगों में बेवजह डर पैदा करते हैं। जबकि हकीकत यह है प्रोस्टेट कैंसर का इलाज आसान है और कई मामलों में यह पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक सर्जरी के सम्मिलन ने उपचार के तरीकों में कांतिकारी बदलाव लाया है। इस तकनीक से पेशाब रोकने में कठिनाई जैसी जटिल समस्याओं का भी सटीक प्रबंधन संभव है। हमारा प्रमुख उद्देश्य है कैंसर को हटाते हुए मरीज की जीवन-गुणवत्ता को बनाए रखना है और रोबोटिक तकनीक ने इसमें अद्भुत परिणाम दिये हैं। कुछ लोग मानते हैं रोबोटिक सर्जरी महंगी होती है, लेकिन मणिपाल अस्पताल, इएम बाइपास ने विभिन्न पृष्ठभूमि के मरीजों पर सफलतापूर्वक यह सर्जरी की है। इसकी उपलब्धता बताती है हर वर्ग का व्यक्ति इस उन्नत तकनीक का लाभ ले सकता है। हर महीने लगभग 10 प्रोस्टेट कैंसर के मरीजों को जमशेदपुर से इस उन्नत उपचार के लिए आते देखते हैं, जो हमारे कौशल और विशेषज्ञता पर उनका विश्वास दर्शाता है।

अनुभव साझा करते हुए 72 वर्षीय प्रोफेसर प्रनोबेश रॉय ने कहा कि प्रोस्टेट कैंसर का पता चलने पर मैं बेहद चिंतित था। मणिपाल अस्पताल, इएम बाइपास में रोबोटिक सर्जरी करवाना मेरे जीवन का सबसे सही निर्णय साबित हुआ। प्रक्रिया सहज रही, मेरी रिकवरी तेज थी और आज मैं पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय हूं। मैं डॉक्टरों और पूरे टीम का हृदय से आभारी हूं, जिन्होंने मुझे कैंसर को मात देकर सामान्य जीवन जीने का आत्मविश्वास दिया।

## जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत, 22.51 करोड़ की राजस्व वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जिला व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। शनिवार को लोक अदालत में 2,61,471 प्रीलिटिगेशन मामलों एवं 11,611 कोर्ट मामलों का निष्पादन किया गया, जिससे 22,51,30,144 (22.51 करोड़) की रिकॉर्ड राजस्व प्राप्ति हुई। कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं झालसा के संरक्षक न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में विधिक सहायता क्लिनिक की स्थापना की गयी। जिन जिलों में बोर्ड नहीं हैं, वहां डीएलएसए में सैनिकों एवं आश्रितों के लिए समर्पित प्रकोष्ठ बनाये जाने का निर्देश दिया गया। जमशेदपुर के न्याय सदन में डेडिकेटेड लीगल एड क्लिनिक का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय और स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ला ने किया। क्लिनिक में पूर्व सैनिक डॉ कमल कुमार शुक्ला को पैरा लीगल वालंटियर और श्रीराम जनम सिंह को पैनल लॉयर नियुक्त किया गया। अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पांडेय ने लोक अदालत को गरीबों के लिए न्याय का सशक्त माध्यम बताया, वहीं श्री शुक्ला ने लोक अदालत को भारतीय न्याय प्रणाली की प्राचीन और प्रासंगिक व्यवस्था बताया। लोक अदालत में कुल 12 बेंच गठित की गयी थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोर्ट स्टाफ, डालसा स्टाफ और पीएलवी की अहम भूमिका रही। समापन पर डालसा सचिव धर्मेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### छेलकानी घाट पर अवैध रूप से बालू का उठाव



राजनगर (आजाद सिपाही)। सरायकेला जिले के राजनगर प्रखंड में स्थित छेलकानी घाट पर एनजीटी की रोक के बावजूद अवैध बालू उठाव जोरों पर है। एनजीटी ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू उठाव पर रोक लगायी है, लेकिन इसके बावजूद यहां सैकड़ों ट्रैक्टरों के जरिए बालू निकाला जा रहा है। छेलकानी गांव के एक युवक और अन्य लोगों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर घाट की रकम 7 लाख रुपये में तय की है, और प्रति ट्रैक्टर 600 रुपये रॉयल्टी वसूली जा रही है। इससे प्रतिदिन 60 से 70 हजार रुपये की अवैध वसूली हो रही है। बालू माफियाओं ने प्रशासनिक गाड़ियों की निगरानी के लिए अपने लोग तैनात रखते हैं।

### जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी



सरायकेला खरसावां (आजाद सिपाही)। जिले में अवैध खनन के रोकथाम के लिए खनन विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। बीती रात उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में चौका थाना अंतर्गत टुईडूंगरी क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान एक जेसीबी वाहन और लगभग 12000 घनफीट बालू खनिज जब्त किया गया है। आदित्यपुर थाना क्षेत्र स्थित जयप्रकाश उद्यान और कपाली थाना क्षेत्र स्थित सापड़ा और गोरी घाट में भी औचक निरीक्षण किया गया, जहां किसी प्रकार का अवैध बालू उत्खनन अथवा परिवहन गतिविधि संचालित नहीं पाया गया। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और खनन परिवहन किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### मेड इन यूएसए पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार



आरआइटी (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिला के आरआइटी थाना पुलिस ने आसंगी निवासी सुमित प्रधान को मेड इन यूएसए की पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। इस संदर्भ में प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अपराध को श्रेय देने वाले और अपराधिक घटना को अंजाम देने वाले को किसी तरह से भी बख्शा नहीं जायेगा।

### बुलेट पर सवार दो अपराधी पकड़े गये



आरआइटी (आजाद सिपाही)। खरसावां थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर बुलेट पर सवार दो लोगों को पकड़ा। इसमें से राजकिशोर प्रमाणिक के पास से एक देसी कट्टा, चार गोली, एंड्राइड मोबाइल, गमछा और मोटरसाइकिल बरामद की गयी। राजकिशोर का पूर्व में भी अपराधी इतिहास रहा है। इस कार्रवाई में एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो लोग बुलेट पर सवार होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छापामारी की और दोनों लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि राजकिशोर प्रमाणिक के पास से बरामद किये गये हथियार और गोली का उपयोग किसी बड़ी घटना में किया जा सकता था। पुलिस ने बताया कि राजकिशोर प्रामाणिक का पूर्व में भी अपराधी इतिहास रहा है। इस कार्रवाई में खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार, आमदा ओपी प्रभारी रमन कुमार विश्वकर्मा, प्रकाश कुमार, आनंद कुमार, नागेश्वर सिंह मुंडा, खरसावां सेट, रिजर्व गार्ड खरसावां शाहिद आरक्षी विवेक कुमार गिरी मौजूद रहे। इस कार्रवाई के दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। राजकिशोर प्रमाणिक न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं।

# दिहाड़ी मजदूर से लूटपाट का एक आरोपी गिरफ्तार, पांच फरार

**लूटपाट के आरोपी को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के अरंगी गांव में शुक्रवार की शाम में मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम देने के एक आरोपी को थाना पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि शाम लगभग 6 बजे चिरौंजिया गांव निवासी मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी जो ओखरगाड़ा गांव से दिहाड़ी मजदूरी (मिस्त्री) का काम करके अपना घर लौट रहा था, इसी क्रम में बिकताम पहाड़ के पास से तीन बाइक पर 5-6 सवार युवकों ने मिस्त्री को ओवरटेक करने लगे यह देखकर मिस्त्री अपना बाइक तेज गति से भगाने लगा लेकिन रेलवे क्रॉसिंग पार होने के बाद अरंगी गांव में उनलोगों ने मिस्त्री को पकड़ लिया और मारपीट करते हुए पॉकेट से 5 हजार रुपए लूट लिया, मिस्त्री के अनुसार सप्ताहिक मजदूरी का पैसा मिला था। इस घटना के दौरान ही मिस्त्री का हो हल्ला सुनकर गांव के लोगों को आते देख सभी भाग खड़ा हुए, उनमें से एक युवक को गांव वालों ने दौड़ाकर धर दबोचा जबकि अन्य लोग भागने में सफल रहे। घटना की सूचना पाकर पहुंची मेराल थाना पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए घटना में शामिल आनंद कुमार को थाना लाया और घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ ली गयी।

**लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी को जेल भेजा : थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी ने कहा कि भुक्तभोगी मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी के लिखित आवेदन के आधार पर थाना में मामला दर्ज करते हुए लूटपाट की घटना में शामिल गोंदा गांव निवासी रविंद्र ठाकुर का पुत्र आनंद कुमार को जेल भेज दिया।

# गढ़वा विधानसभा की जनता भगवान भरोसे : धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने गढ़वा विधानसभा की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यहां की जनता पूरी तरह भगवान भरोसे जी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता ने जिस विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी को वोट देकर चुना, वह जनता के बीच से पूरी तरह लापता हैं। उनके स्थान पर एक डमी विधायक के रूप में प्रतिनिधि सक्रिय हैं। जो जनता का शोषण करने में लगे हुए हैं। धीरज दुबे ने कहा कि गढ़वा विधानसभा में चुनाव के बाद से यथास्थिति बनी हुई है। विकास की गाड़ी जहां थी वहीं रुकी हुई है। विकास कार्यों में गढ़वा को एक कदम भी आगे बढ़ाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। समस्यायें जस की तस बनी हुई हैं। समस्यायें तो दूर सुख या दुख में शामिल होने के लिए भी विधायक उपस्थित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक के लापता रहने से जनता की सुनवाई नहीं हो रही और लोग छोटे-छोटे कामों के लिए भी भटकने को मजबूर हैं।

# झामुमो के लोग विधायक सत्येंद्र पर टिप्पणी करना बंद करें, अपने गिरेबान में झांकें: रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो पर प्रहार करते हुए कहा है कि झामुमो के लोग गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के ऊपर टिप्पणी करना बंद करें। अपने राज्य सरकार पर टिप्पणी करें, ताकी गढ़वा सहित पुरे झारखंड की व्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान में अनेकों लोगों का नाम काट दिया गया। बिजली कटौती लगातार जारी है। स्वास्थ्य व्यवस्था में कोई सुधार नहीं है। जनता त्राहिमाम कर रही है। इस पर झामुमो के लोग मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा के क्षेत्रीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का झामुमो का पुराना रोग है। लेकिन जनता सब समझती है। झामुमो के लोग पहले अपनी सरकार से व्यवस्था सुधारने की बात करें। जनता का कोई काम नहीं हो रहा है झामुमो के लोग सिर्फ बयानबाजी कर अपना चेहरा छुपाते रहते हैं।

## 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' आदेश की उड़ रही धज्जियां



कांडी (आजाद सिपाही)। सड़क सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' आदेश का प्रखंड क्षेत्र में खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय स्थित तीनों पेट्रोल पंपों, लमारी व दारीदह के पंप संचालकों द्वारा सूचना पट्ट तो लगाया गया है, लेकिन आदेश का पालन नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बिना हेलमेट के आने वाले दोपहिया चालकों को भी धड़ल्ले से पेट्रोल दिया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि प्रशासनिक आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है। जानकारों का कहना है कि अगर स्थानीय प्रशासन तत्परता और कड़ाई से इस आदेश को लागू कराये, तो सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

## विवाद में हुई फायरिंग की घटना में एक घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा थाना क्षेत्र के कोरवाडीह गांव में शुक्रवार देर रात आपसी विवाद में हुई फायरिंग की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। गोली लगने से घायल 40 वर्षीय अशोक चौधरी, पिता स्वर्गीय दुखी चौधरी, को पहले गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, गांव के ही फैजान अंसारी द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें अशोक चौधरी को गोली लगी। मामले की पुष्टि करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) नीरज कुमार ने कहा कि कोरवाडीह में फायरिंग की घटना सामने आयी है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता सगमा में संपन्न



सगमा (आजाद सिपाही)। भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय, सगमा के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसे लोकप्रिय खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना का विकास करना, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को पहचान और प्रोत्साहन देना था। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता शिक्षक प्रभात कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार यादव, शिक्षक सुल्तान अंसारी, पंकज राय, नंदकिशोर यादव, सुनय राम, जयराम प्रसाद यादव, निशा यादव, उषा यादव, अभिषेक गौतम, पीएलवी प्रफुल कुमार यादव सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## पलामू रेंज के डीआइजी ने भवनाथपुर थाना का किया निरीक्षण



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पलामू रेंज के उप महानिरीक्षक नौशाद आलम ने शनिवार को भवनाथपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना, पुलिस निरीक्षक कार्यालय के साथ साथ निर्माणाधीन इंस्पेक्टर कार्यालय सह आवास तथा पुलिस पदाधिकारी आवास का भी निरीक्षण किया। इससे पूर्व थाना परिसर में थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में पुलिस के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी नौशाद आलम ने पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों के निष्पादन में गति लाने व क्षेत्र में विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह खां, एसआई दिनेश सिंह, परवेज आलम, एएसआई उपेंद्र राम, उदय यादव, आशुतोष सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## विक्षिप्त युवक ने जूस पी रहे युवक पर किया हमला, पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के खरौंधी मोड़ के समीप शनिवार को एक विक्षिप्त युवक ने बिहार के औरंगाबाद निवासी एम.डी. फियाज पर ब्लेड से हमला कर दिया। फियाज अपने साथी के साथ जूस पी रहे थे, तभी अचानक युवक ने उन पर हमला कर दिया। हमले में फियाज का गर्दन कट गयी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावर को पकड़ लिया और काबू में कर लिया। इसके बाद घटना की सूचना भवनाथपुर पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हमलावर को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। घायल युवा का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लायेगा, जहां डॉक्टर प्रिंस कुमार कुमार द्वारा इलाज किया गया। डॉक्टर ने बताया कि युवक का हल्का गर्दन में कटा है, खतरे से बाहर है। पूछताछ में विक्षिप्त युवक खुद को तोलरा निवासी नंदू सिंह का पुत्र चंदू सिंह बता रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह युवक पिछले कई दिनों से इसी इलाके में घूम रहा था। आज सुबह वह नंगा घूमता दिखायी दिया था, जिसके बाद कुछ लोगों ने उसे कपड़े दिये थे। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवक के मानसिक स्वास्थ्य की भी जांच करायी जायेगी और आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



रमना (आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आधार पर प्रखंड के हरादाग में चल रहे अवैध रूप से शराब की भट्ठियों को पुलिस ने ध्वस्त किया। वहीं 60 लीटर चुलाई देसी शराब बरामद किया। पुलिस के आने की सूचना पर मौके से एक शराब कारोबारी हरादाग निवासी सरजू पुलिस गिरफ्त से बाहर निकल कूद कर भागने में कामयाब रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुये थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि हरादाग में शराब बनाने की सूचना मिल रही थी। इस पर पुलिस ने छापेमारी की है। वहीं छापेमारी के दौरान एक शराब तस्कर भागने में कामयाब रहा। मौके पर से पुलिस ने 60 लीटर महुआ से निर्मित शराब जब्त किया है। वहीं 100 लीटर से अधिक अर्द्ध निर्मित महुआ के जावा को नष्ट करते हुये शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही शराब बनाने के उपकरण में गैस सिलिंडर दो, एल्युमिनियम का तस्ला एक, चूल्हा एक, शराब बनाने वाला उपकरण एक को जब्त करते शराब को थाना लाया गया। तस्कर पर प्राथमिकी दर्ज कर भागे कारोबारी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद शराब माफियाओं में हड़कंप है।

## 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का सत्यापन शिविर

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के सभी चौदह पंचायत भवन में शनिवार को 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मंईयां सम्मान योजना के योग्य और अयोग्य लाभुकों के जांच पड़ताल के लिए उनके आधार कार्ड, राशनकार्ड और खाता पासबुक का फोटो कौपी जिस पर हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर लिखा हुआ जमा कराया गया है। उक्त कागजातों में एकरूपता होना जरूरी है। यदि इनमें कहीं गड़बड़ी पायी जाती है तो इन्हें अयोग्य घोषित कर लाभ लेने से वंचित किया जा सकता है। ज्ञात हो कि वृद्धावस्था पेंशन लेने के लिए 50 से 60 वर्ष की उम्र सरकार के द्वारा निर्धारित है।

## लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन




मेराल (आजाद सिपाही)। एसडी मेमोरियल एकेडमी के प्रांगण में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के सदस्यों एवं पीएलवी की टीम द्वारा लीगल लिट्रेसी कैंप लगाकर बच्चों को बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कानूनी जानकारी दी गई। सदस्य रामाशंकर चौबे, पीएलवी सुधीर कुमार चौबे, राम इकबाल चौबे आदि ने बाल विवाह, सोशल मीडिया के दुरूपयोग और साइबर क्राइम के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गयी। कैंप को सफल बनाने में शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्र, रंजीत साह, अरुण, मृत्युजंय पांडे ने सहयोग किया।

## जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी गठित, मुकेश बने अध्यक्ष

सगमा (आजाद सिपाही)। सगमा प्रखंड अंतर्गत पुतुर गांव में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में दिन शनिवार को जयबजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा दुर्गा पूजा मनाने को लेकर और आकर्षक बनाने के लिए जयबजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुकेश प्रजापति, श्यामबच्चन यादव चुना गया, वही सचिव रतन कुमार प्रजापति, रवि कुमार यादव को बनाया गया, जबकि कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश यादव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी को पदभार सौपा गया। उपाध्यक्ष शशि यादव, अर्जुन प्रजापति अजीत कुमार को चैयनित किया गया,वही पर उपसचिव रामदेव यादव, परदेसी चंद्रवंशी, नागेंद्र यादव को मनोनीत किया गया।

## सरकारी विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के शनिवार को विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गयी। उसी क्रम में पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गयी। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने बताया कि आज हम लोग विद्यालय के प्रति समर्पित भाव से मेहनत कर रहे हैं। साथ ही विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति के लिए बच्चों के अभिभावक से फोनिक्स संपर्क तथा घर-घर जाकर जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर अध्यक्ष संजय ठाकुर, सीमा देवी, शिक्षक सुरेंद्र ठाकुर, उदय शंकर वैध, प्रेम कुमार गुप्ता, राजू सिंह, मनोरंजन, रविंद्र सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीडीएसयू में स्वच्छता अभियान का आयोजन

**स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या और संस्कृति का अभिन्न अंग : कुलपति डॉ. एम. के. सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आईटी एंड मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में एक विशाल स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एमके सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि एक स्वस्थ मस्तिष्क एवं शरीर के लिए स्वस्थ वातावरण में निवास करना अत्यंत आवश्यक है, और एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण स्वच्छता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या और संस्कृति का अभिन्न अंग होना चाहिए।

इस सफल एवं सराहनीय आयोजन का श्रेय फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. पंकज कुमार एवं दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या एवं डीन डॉ. सुनीता गुप्ता को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम बेहतरीन ढंग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में दोनों विभागों के सहायक प्राध्यापकगण, प्रवक्तागण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस अभियान में डॉ. मनोज कुमार, रेखा कुमारी, नीतू सिंह, आकाश कुमार, सौरभ अधिकारी, ऋतिक दिवेदी, सुयश राजवंशी, अनुज कुमार सहित तमाम शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं परिसर की स्वच्छता में अपना योगदान दिया। यह अभियान न केवल एक प्रतीकात्मक कार्य था, बल्कि विश्वविद्यालय परिवार द्वारा पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और सामाजिक जिम्मेदारी को दोहराने का एक सार्थक प्रयास था।


**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**

!! आम सूचना !!
(प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी))

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक – तृतीय घटक "किफायती आवास योजना" के तहत दिनांक 25.02.2021, 27.11.2021, 04.03.2022 एवं 21.06.2023 को लॉटरी के माध्यम से लाभुकों को आवास का आवंटन किया गया था एवं आवंटन पत्र भी दिया गया था। योजना का लाभ लेने हेतु लाभुक द्वारा देय कुल पांच किस्तो की राशि में 14 लाभुकों द्वारा अबतक द्वितीय किस्त की राशि भी जमा नहीं की गई है। वैसे लाभुकों का आवंटन किफायती आवास परियोजना के संशोधित SoP के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। सूची निम्नवत हैः–

| Sl. No. | Survey Id | Name | Father Name / Husband Name | Block No. | Flat No. | Floor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5999388 | Ranjan Kumar Yadav | Kishori Yadav | A | 404 | Third |
| 2 | 5997042 | Shravan Kumar Sonakhar | Bhuneshwar Sonakhar | B | 305 | Second |
| 3 | 5961632 | Ajay Kumar Sharma | Arjun Kumar Sharma | A | 205 | First |
| 4 | 5962415 | Arman Alam | Hafiz Uddin | B | 307 | Second |
| 5 | 5962431 | Hafij Uddin | Safi Ulla | B | 407 | Third |
| 6 | 5960412 | Neha Kumari Sinha | Manish Kumar Sinha | C | 403 | Third |
| 7 | 5962390 | Puja Devi | Suraj Kumar Singh | A | 106 | Ground |
| 8 | 5962384 | Rekha Devi | Vijay Kumar Singh | C | 301 | Second |
| 9 | 5944853 | Urvashi Devi | Late Bhagwan Saw | B | 206 | First |
| 10 | 5961036 | Vinay Kumar Singh | Jagdish Singh | B | 103 | Ground |
| 11 | 5962387 | Vivekanand Prasad | Late Rajendra Prasad | C | 304 | Second |
| 12 | 5963638 | Rani Devi | Sandeep Thapa | B | 201 | First |
| 13 | 5930855 | Sabita Devi | Dilip Das | B | 107 | Ground |
| 14 | 5910256 | Dharamveer Kumar | Mitlash Kumar | A | 302 | Second |

उपरोक्त तालिका के लाभुकों का आवंटन रद्द करते हुये 14 शेश बचे आवासों के लिये छुटे हुये योग्य लाभार्थी से आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा आवास आवंटन की तिथि जल्द ही निर्धारित करते हुए प्रकाशित की जाएगी।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 361900 (Urban Development)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–70/2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.09.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.09.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.09.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of JAP-1 Family Quarter Block No-'A' 5 Set (4 Units 1 Block) at Champa Colony in Front of Nepal House, Doranda, Ranchi | 2842400 | 56900 | 5000 | Two Months |
| 2 | Renovation of JAP-1 Family Quarter Block No-'B' 5 Set (8 Units 1 Block) at Champa Colony in Front of Nepal House, Doranda, Ranchi | 3982200 | 79700 | 5000 | Two Months |
| 3 | Renovation of JAP-1 Family Quarter Block No-'C' 5 Set (8 Units 1 Block) at Champa Colony in Front of Nepal House, Doranda, Ranchi | 3987300 | 79800 | 5000 | Two Months |
| 4 | Renovation of JAP-1 Family Quarter Block No-'E' 5 Set (8 Units 1 Block) at Champa Colony in Front of Nepal House, Doranda, Ranchi | 3933600 | 78700 | 5000 | Two Months |
| 5 | Renovation of UDC Quarter No-04 (First Floor) in Campus of RCH Namkum Ranchi | 1489000 | 29800 | 2500 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 361883 Building (25-26)_D


# उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने छात्रावास में रह रहे छात्रों का हाल जाना, कहा जलमीनार होगा कार्यशील, छात्रों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

**उपायुक्त ने उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को पूर्ण करने की बात कही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने राम साहू विद्यालय के समीप स्थित अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों से सीधे संवाद की और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रावासों में छात्रों का दाखिला पूरी तरह नियमावली के अनुसार ही किया जाये और विभागीय मार्गदर्शन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से जो भी सुविधायें छात्रों को उपलब्ध कराई जानी हैं, उन्हें किसी प्रकार की कमी के बिना मुहैया कराया जाये, ताकि विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ आवश्यक सहूलियतें भी मिल सकें।

निरीक्षण के क्रम में छात्रावास प्रांगण में निर्मित जल मीनार का भी जायजा लिया गया। यह जानकारी मिली कि स्थापना के बाद से ही यह जल मीनार कार्यशील नहीं हो पाया है। इस पर गंभीर चिंता जताते हुए उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को तत्काल निर्देश दिया कि जल मीनार को शीघ्र कार्यशील बनाकर छात्रों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाये।

यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास के छात्रों ने जनता दरबार में उपस्थित होकर छात्रावास भवन की जर्जर स्थिति को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त श्री यादव ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के तहत पांच करोड़ रुपये की लागत से सौ बिस्तरों वाले आधुनिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास के निर्माण की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी है। यह नया छात्रावास जिले के विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।

# स्वतंत्रदेव महाराज ने प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार विहंगम योग संस्थान के वर्तमान सदगुरु आचार्य स्वतंत्रदेव महाराज की दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार भेंट हुई। उनकी यह मुलाकात सौहार्द, सम्मान और शुभेच्छाओं के आदान-प्रदान से परिपूर्ण रही। सदगुरु देव ने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण भाव और विकास में अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से देश की रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के द्वारा उठाये गये साहसपूर्ण निर्णायक कदम को सराहा। प्रधानमंत्री ने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए और वैश्विक मंचों पर भारत की गरिमा और गौरव को अभूतपूर्व ऊंचाई प्रदान की है। इसके लिए सद्गुरु देव ने उन्हें साधुवाद दिया और राष्ट्र व समाज की निरंतर उन्नति के लिए शुभकामना दिया। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विहंगम योग संस्थान और वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम के कार्यों के प्रति विशेष रुचि व्यक्त की। पीएम ने सदगुरु देव को बताया कि वह स्वयं कई अतिविशिष्ट व्यक्तियों से स्वर्वेद महामंदिर धाम की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने सदगुरु देव से स्वर्वेद महामंदिर की विशेषताओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। साथ ही संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज की कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा के विषय में विशेष रुचि लेते हुए इस राष्ट्रीय यात्रा के महत्व को रेखांकित किया। सद्गुरु स्वतंत्र देव जी महाराज ने विहंगम योग संस्थान के द्वारा देश विदेश में चलाये जा रहे आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने हाल में ही संपन्न अपने अमेरिका, कनाडा और यूरोप प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार भारतीय अध्यात्म और योग परंपरा का वैश्विक स्तर पर प्रसार और सम्मान बढ़ा है।

## चतरा सांसद ने प्रखंड वासियों को दी एक साथ कई सौगात, लोगों में हर्ष




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** इन दिनों चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह की कार्य करने की शैली को लेकर खूब प्रशंसा हो रही है। आखिर क्यों न हो बेहतर कार्य करने वाले कि तो प्रशंसा होती है। दरअसल बता दे की इन दिनों चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने बरवाडीह रेलवे स्टेंशन केचकी रेलवे स्टेशन छिपादोहर रेलवे स्टेशन में कोविड के बाद से बंद हुए, संतरागाछी, एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, रांची सासाराम, समेत लगभग सभी ट्रेनों की ठहराव फिर से प्रारंभ कर दी। इसके अलावे कईं फुट ओवरब्रिज कई अंडरपास की भी सौगात उन्होंने दी। इस संबंध में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह ने बताया कि सांसद महोदय का कार्य करने का अलग अंदाज है। क्षेत्र में कई और बड़े कार्य जल्द देखने को मिलेंगे। झूठा आश्वासन नहीं बल्कि कार्य करने पर भरोसा रखते है। संसद में भी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद करते है। उनकी पहली प्राथमिकता है क्षेत्र का विकास। अभी रेल क्षेत्र में विकास देखने को मिल रहा है। आने वाले समय में और भी बदलाव देखने को मिलेगा। इसके अलावे उन्होंने कहा कि लंबे समय तक यहां बाहर के सांसद बनते रहे। जिसके कारण चतरा लोकसभा का विकास अपेक्षित रहा। इस बार ध्यान में रखते हुए स्थानीय लोगों ने कालीचरण को मौका दिया है। तो क्षेत्र की विकास तो हर हाल में तेज गति से किया जायेगा।

## दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र के साथ-साथ यूडीआइडी निर्गत करने को लेकर विशेष कैंप आयोजित



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र के साथ-साथ यूडीआइडी का निर्गत करने को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन स्थानीय जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर के साथ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मंटू कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। दिव्यांगजनों के लिए लगायी गयी इस विशेष कैंप में सदर अस्पताल की विशेष टीम में डॉक्टर अखिलेश प्रसाद, नेत्र चिकित्सक डॉक्टर पवन कुमार, डीआर श्रावण महतो टेक्नीशियन पंकज कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए। कैंप के माध्यम से जहां 200 से अधिक लोगों ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने और यूडीआइडी कार्ड निर्गत करने को लेकर रजिस्ट्रेशन कराया। जहां जांच टीम के द्वारा बारी-बारी से सभी की चिकित्सकीय जांच करते हुए प्रमाण पत्र को निर्गत किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मंटू कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों की प्रमाण पत्र बनाने को लेकर विशेष कैंप आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग का यह था ताकि दिव्यांगजनों को अपने प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर चक्कर न लगाना पड़े। वहीं जिला परिषद के सदस्य संतोषी ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाने को लेकर प्रखंड स्तर पर आयोजित इस कैंप का शत प्रतिशत लोगों को फायदा तो मिलेगा। इस दौरान मौके पर बीपीओ ओम प्रकाश गुप्ता राजेश चंद्र सिन्हा, दीपक सिंह आरती रजनी सुरीन, भावना कुमारी प्रमोद सोनी राजेश पाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बरवाडीह स्टेशन पर संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू



**बरवाडीह/लातेहार (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह के अथक प्रयासों का परिणाम आखिरकार सामने आ गया। बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। शनिवार की सुबह जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। वर्षों से लंबित इस मांग के पूरी होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। ठहराव की शुरुआत पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने स्टेशन परिसर में पायलट और सह-पायलट का अंगवस्त्र और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्हें मिठाई खिलाई और हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर उत्सव के माहौल में बदल गया। ग्रामीणों ने सांसद कालीचरण सिंह के प्रति आभार जताया। इस मौके पर भाजपा नेता एवं जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, ननदेव सिंह, युवा मोर्चा जिला कार्य समिति सदस्य दीपक तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित कुमार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, मिलन शुक्ला, सतीश यादव, धीरज कुमार, दिलीप पासवान, अतुल कुमार सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

# 1704 मामलों का किया गया निष्पादन



**2,90,98,614 रूपये की हुई राजस्व प्राप्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नयी दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देशानुसार शनिवार को वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉ कुमार ताराचंद, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रेमलता त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा सादिक अनवर रिजवी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीजे प्रथम श्री स्वयंभु, डीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिवक्तागण और पीएलवी उपस्थित रहे। वहीं आंकड़ों की जानकारी देते हुए डालसा सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए कुल पांच बेचों का गठन किया गया था। बेंच संख्या एक में विद्युत संबंधी मामले डीजे प्रथम, बेंच संख्या दो में पारिवारिक, एमएसीटी, क्रिमिनल अपील, सिविल अपील, मेट्रिमोनियल केसेज डीजे द्वितीय, बेंच संख्या तीन में क्रिमिनल कंपाउंडबल, माइंस एंड मिनरल्स, पुलिस एक्ट, एमवी एक्ट, एक्साइज केसेज आदि मामले सीजेएम, बेंच संख्या चार में बैंक, बीएसएनएल से संबंधित मामले एसडीजेएम और बेंच संख्या पांच कंज्यूमर फोरम, म्युनिसिपल लॉ, लेबर लॉ, रेवेन्यू केसेज सहित अन्य मामले सदस्य कंज्यूमर फोरम के नेतृत्व में गठित किया गया था। आयोजन में कुल 1704 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 2,90,98,614 रुपये का राजस्व प्राप्त हुई। वहीं निस्तारित किये गये वादों में कुल 433 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे।

## नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 का हुआ वर्चुअल उद्घाटन

नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 का वर्चुअल उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और झालसा, रांची के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इस क्रम में व्यवहार न्यायालय परिसर में पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा राजकमल मिश्रा, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा सादिक अनवर रिजवी ने अन्य न्यायिक पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं की उपस्थित में योजना का उद्घाटन किया। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत 'डेडीकेटेड सेल' का निर्माण किया गया है। जिसके लिए पैनल अधिवक्ता के रूप में लाल धर्मेंद्र देव और सेना से सेवानिवृत्त जवान धर्मराज महतो को पीएलवी प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली ने वीर परिवार योजना 2025 शुरू की है। जो सैनिकों के आश्रितों के लिए समर्पित एक राष्ट्र व्यापी कानूनी सहायता योजना है। कारगिल विजय दिवस के स्मृति में यह योजना लागू की गयी है। जिसका उद्देश्य सेना और अर्ध सैनिक बलों और अन्य कर्मियों और उनके परिवारों को उनकी विशिष्ट सेवा संबंधी बाधाओं को ध्यान में रखते हुए मुक्त कानूनी सहायता, सलाह और समर्थन प्रदान करना है।

## मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान पहुंचे लोहरदगा

# जिला प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान अपने नेतरहाट भ्रमण के क्रम में परिसदन लोहरदगा पहुंचे। जिला प्रशासन की ओर से न्यायाधीश को सम्मान स्वरूप भव्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान न्यायिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, उपायुक्त डॉ. ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रेमलता त्रिपाठी, एडीजे-क स्वयम्भू, एडीजे-क्क नीरजा आसरी, सीजेएम केके मिश्रा, रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल दंडाधिकारी अमित कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## 16 दिवसीय पूजा की रूपरेखा तैयार

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा मां उग्रतारा मंदिर नगर में दशहरा पूजा का कार्यक्रम। आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी उपरांत मातृ नवमी, सोमवार दिनांक 15/09/2025 को प्रथम कलश स्थापन (अष्टादशभुजी) के साथ नवरात्र प्रारंभ, आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या, रविवार दिनांक 21/09/25 को शाम में 6:00 बजे के बाद मां गौरा आगमन के बाद कलश की स्थापना पश्चात बकरों की बलि दिन में बकरों की बलि नहीं होगी। आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, सोमवार दिनांक 22/09/25 से 27/09/25 तक सुबह आरती के बाद मंडप स्थित कलश पूजा तत्पश्चात आम श्रद्धालुओं की पूजा। आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी, रविवार दिनांक 28/09/25 को अपराहन 2:30 बजे विल्वाभिमंत्रण के लिए दामोदर गांव प्रस्थान और शाम में कलश पूजन, आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी, सोमवार दिनांक 29/09/25 को सुबह आरती के बाद गौरा विसर्जन तत्पश्चात देवी को लाने हेतु दामोदर गांव प्रस्थान।

# आयुष्मान कार्ड के लिए आयोजित शिविर में अब तक 1702 लाभुकों का कार्ड निर्गत

**उपायुक्त ने की शिविर में आम लोगों से पहुंचने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद के निर्देश पर सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु शिविर का आयोजन 3 सितंबर 2025 से किया जा रहा है। अब तक कुल 1702 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा है कि जिन लाभुकों का राशन कार्ड बना हुआ है लेकिन अब तक वे आयुष्मान कार्ड से आच्छादित नहीं हुए हैं, वे अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अपने पीडीएस दुकान में लगने वाले शिविर में जा कर अवश्य बनवा लें। अब आयुष्मान बनवाने के लिए कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए इस शिविर का आयोजन प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड से सभी राशन कार्डधारी परिवार को आच्छादित करने का लक्ष्य है। अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए शिविर में आवेदन के साथ राशन कार्ड और आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना है। साथ ही, मूल प्रति भी लाना आवश्यक है। जिनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है वे अपना राशन कार्ड और आधार कार्ड ले जा कर कैंप में वीएलई से संपर्क कर सकते हैं। वहां लाभुक का बायोमेट्रिक सत्यापन के पश्चात आयुष्मान कार्ड बन जायेगा। साथ ही, जो राशन कार्डधारी सितंबर माह का राशन लेने के लिए अपने जनवितरण प्रणाली की दुकान पर जाएं वे भी अपना और अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड उसी शिविर में ही बनवा लें। आयुष्मान कार्ड बनने के बाद कोई भी परिवार अपना ईलाज आयुष्मान योजना अंतर्गत आच्छादित अस्पतालों में देश के किसी भी राज्य में निःशुल्क करा सकता है। इसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार कुल मिला कर 15 लाख रुपए तक प्रति परिवार के सदस्यों का ईलाज निःशुल्क कराती है। इस योजना का लाभ प्रति वर्ष प्रत्येक आयुष्मान योजना से आच्छादित परिवार को मिलता है।

## संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सांसद

# कांग्रेस के स्थापना के समय से मैं और मेरा परिवार कांग्रेस के लिए समर्पित है : धीरज प्रसाद साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा/लातेहार।** लातेहार परिसदन में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संगठन सृजन अभियान में शामिल होने पहुंचे पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू जहां कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया, कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर और अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया, कांग्रेस पदाधिकारियों की इस बैठक में मुख्य रूप से प्रवेक्षक सुनील केदार, जयशंकर पाठक, विधायक ममता देवी, विधायक रामचंद्र सिंह, लोहरदगा विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, उपस्थित थे। इस बैठक में जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों के बीच अहम चर्चा हुई। इस महत्वपूर्ण मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने अपने संबोधन ने कहा कि पार्टी ने जो परिपाटी तैयार की है उससे अंतिम व्यक्ति तक को संगठन के मुखिया बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। जिसके लिए हम सभी पदाधिकारी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। मैं और मेरा परिवार कांग्रेस पार्टी के निर्माण से लेकर अब तक पार्टी के लिए समर्पित रहे हैं क्योंकि कांग्रेस पार्टी एक परिवार है जिसमें किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी भेदभाव नहीं किया जाता है। जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया बनायी है, उससे पार्टी को और भी ज्यादा मजबूती मिलेगी क्योंकि ऐसा व्यक्ति जो जिला के आम जनों से जुड़कर रहता हो अगर वह संगठन का मुखिया बने तो संगठन और भी मजबूत होगा। मैं आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास रखता हूं की लातेहार जिला में जो भी नए जिला अध्यक्ष चुने जायेंगे। उनका एक लक्ष्य होना चाहिए माटी को जिला से बूथ स्तर तक मजबूत बनाना। आने वाले लोकसभा के चुनाव में हम सभी कार्यकर्ता अपनी एकता का परिचय देते हुए अपनी जीत सुनिश्चित करेंगे। अपने नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। जिससे देश में विकास की गति और भी तेज हो सके।

## स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा बनहरदी कोयला खनन परियोजना (पी वी यू एन एल) के द्वारा सामुदायिक विकास कार्य के अंतर्गत ग्राम सासंग अंचल चंदवा में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बताते चले कि बनहरदी कोयला खनन परियोजना, पीवीयूएनएल के सीडी बैनर तले ग्राम सासंग पंचायत भवन में शनिवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त चिकित्सा शिविर में ग्राम सासंग के अलावा ग्राम चेतर, आन, किता, बरवाडीह और अन्य आस-पास के गांवों के लगभग 160 ग्रामवासीयो द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, और डॉक्टर के परामर्श के अनुसार निःशुल्क दवायें भी प्राप्त की गयीं और मुफ्त में पैथोलॉजी जांच भी कराया गया। ग्रामीणों द्वारा इस जनकल्याणकरी कार्यक्रम की सराहना की गयी। यह शिविर आसपास के समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति पीवीयूएनएल, बनहरदी परियोजना की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में बनहरदी परियोजना की ओर से एन के मल्लिक महाप्रबंधक बनहरदी परियोजना, एम चंद्रसेगर अपर महाप्रबंधक भू -अर्जन/ पुनार्वास/इंफ्रा, आर बी सिंह, अपर महा प्रबंधक सिविल, भू अर्जन, पुनर्वास, विनेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक आर एंड आर डॉ. मनीष देवदत्त एक्का चिकित्सा अधिकारी, अबीर लाल नाथ, शुभंकर मंडल कार्यपालक आर एंड आर उपस्थित थे।

## राज्य की महिलाएं सशक्त और स्वावलंबी बन रही हैं : राधा तिर्की



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय में शनिवार को महिला मोर्चा की बैठक बड़ी ही उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य सह झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राधा तिर्की ने की। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य अख्तर अंसारी, तिवारी उरांव, महिला मोर्चा के सह सचिव फातमा परवीन, झामुमो प्रवक्ता मंसूर अंसारी विशेष रूप से मौजूद थे। संगठन को और मजबूती देने और महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भंडरा प्रखंड झामुमो महिला मोर्चा कमिटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष अनीता पन्ना, उपाध्यक्ष मनियारो उरांव, अनीता उरांव, सचिव सुनैना उरांव, सहसचिव सचमिला कुमारी, कोषाध्यक्ष सूरजमुनी उरांव और सदस्य में अंगनी उरांव, दयामनी उरांव, झीबी उरांव का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य राधा तिर्की ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में लोगों को उनका हक और अधिकार मिल रहा है। राज्य की महिलाएं सशक्त और स्वावलंबी बन रही हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है। सरकार ने मंईयां सम्मान योजना लागू कर माता और बहनों के खाते में प्रतिमाह दो हजार पांच सौ रूपए दे रही है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि झामुमो की रीढ़ हमेशा से गांव और गरीब रहे हैं। आने वाले दिनों में महिला मोर्चा गांव-गांव जाकर संगठन को और मजबूत करेगा। मौके पर मड़वारी उरांव, अनीता पन्ना, तैयब खान, तबरेज अंसारी, अनीता कुमारी, अंगनी उरांव, सचमिला कुमारी, दयामनी उरांव, मोबारक अंसारी, कल्याण पन्ना, सुहैल अमीन, महमूद अंसारी, नसीम मीरदाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक की हुई बैठक



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड में राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराडीह गांव में द्वितीय शिक्षक -अभिभावक बैठक पीटीएम का आयोजन किया गया। सभी अभिभावकों को मुख्य गेट से पुष्पवर्षा कर सभा स्थल तक लाया गया। बैठक में मुख्य रूप विद्यालय में शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति, प्रोजेक्ट इंपैक्ट सह प्रयास कार्यक्रम, बच्चों में लर्निंग गैप को पाटने, मासिक रियल परीक्षा और अभिभावकों के सहयोग पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में प्रधानाध्यापक के अलावा गजनी पंचायत के मुखिया सुमन उरांव, चंद्रदेव उरांव, पूर्व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डहरु मुंडा, शिक्षक मो. खालिद अख्तर, पवन खाखा ने सभा को संबोधित किया प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। और सभी अभिभावक अपने - अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजकर अपने बच्चों की उज्जवल भविष्य के सहभागी बने। साथ ही अपने अपने बच्चों का आधार कार्ड को 5-7 वर्ष और 15-17 वर्ष में अपडेट आवश्य कराएं तथा सभी बच्चों का खाता खोलने में मदद करें। बैठक में सभी शिक्षक सहित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रसीद अंसारी, अभिभावक सईद अंसारी, अफरोज अंसारी, ललित महतो, खालिक अंसारी, रऊफ अंसारी, जुल्फान अंसारी, मघिया उरांव, रमिया उरांव सहित बहुत से महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मारपीट के बाद युवक की मौत, आरोपी फरार

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोवा पंचायत जालिम खुर्द गांव में बुधवार को हुई मारपीट की घटना में मिथलेश सिंह (पिता - गिरजा सिंह) की मौत हो गयी। मृतक के भाई अखिलेश सिंह ने बताया कि 10 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे मिथलेश सिंह गोवा होटल में नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान महुआडांड़ निवासी हेमंत कुजूर, जो इन दिनों अपने ससुराल गोवा गांव में रह रहा है, से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने मिथलेश सिंह की जमकर पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल मिथलेश को परिजनों ने तत्काल लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। हालांकि इलाज के दौरान मिथलेश की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मृतक के भाई के बयान पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इधर, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि आरोपी हेमंत कुजूर घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## लोहरदगा पीएचइडी फीडर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के सहायक विद्युत अभियंता अज्जू कच्छप ने जानकारी दी है कि दिनांक 14 सितंबर 2025, रविवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक 11 केवीए पीएचईडी फीडर में डाली कटिंग और मेंटेनेंस कार्य किया जायेगा। इस कारण उक्त समयावधि में क्षेत्रीय पावर सप्लाई बंद रहेगा। इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्र में प्रमुख रूप से पत्तराटोली, कचहरी मोड़, उपायुक्त आवास, पुलिस अधीक्षक आवास, कोर्ट कंपाउंड, ब्लॉक मोड़ एरिया इत्यादि शामिल हैं। सहायक अभियंता अज्जू कच्छप ने जनता से असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए आवश्यकतानुसार बिजली बचाने और अपने कार्यों की योजना बनाने का अनुरोध किया है।

## कालाबाजारी के लिए लेकर जा रहा 72 बोरी यूरिया लदा ट्रैक्टर जब्त, गोदाम सील



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोटनिया गांव से शनिवार अहले सुबह 72 बोरी यूरिया खाद लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस बाबत हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया की उन्हें सूचना मिली थी कि लोटनिया गांव से कालाबाजारी करने के लिये ट्रैक्टर पर यूरिया लादा जा रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए एसआइ मुकेश सिंह दल बल के साथ गांव पहुंच गये। हालांकि पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर पर खाद लाद रहे लोग फरार हो गये। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और उसे थाना ले आये। इसकी सूचना वरीय अधिकारियों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी को भी दी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी ने सूचना पर सीओ पंकज कुमार, मजिस्ट्रेट अनंत झा को लोटनिया गांव भेजा। सीओ ने लोटनिया गांव निवासी पूर्व मुखिया नागेंद्र उपाध्याय के घर में बने एक गोदाम में 270 बोरी यूरिया खाद, डीएपी 60 बोरा, नीमकोटेड 12 बोरी, पारस विक्टा 14बोतल, शक्तिमान 57 बोरी जीवोंन शक्ति 13 बोरी रखा पाया। सीओ ने बताया कि उक्त गोदाम को एसडीओ के निर्देश पर सील कर दिया गया है। अवैध भंडारण कर यह खाद महंगे दामों पर किसानों को बेचने की तैयारी थी। उक्त दुकान संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अग्रेतर करवाई के लिए जिला के वरीय पदाधिकारी को भेज दिया गया है।

## जपला आरपीएफ ने विशेष अभियान चलाकर 62 लोगों को किया गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर रेल मजिस्ट्रेट के निर्देश पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में नौ से 13 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल अधिनियम के तहत महिला एवं दिव्यांग कोच में सफर करने के अलावा स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते कुल 62 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने और स्टेशन परिसर में घूमने वाले एवं चैन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि पकड़े गये सभी लोगों को रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर डाल्टनगंज न्यायिक दंडाधिकारी को अग्रसारित कर दिया गया है। बताया कि न्यायालय ने सभी को जुर्माना देने के बाद रिहा कर दिया। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, एएसआई जेपी यादव आदि शामिल थे। उधर आरपीएफ के अभियान से हड़कंप है।

## हरिहरगंज नपं में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा और दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को स्वच्छता ही पखवाड़ा एवं दुर्गा पूजा को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसका संचालन सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी ने की। इसमें नगर क्षेत्र की विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष नगर पंचायत की ओर से उन्हीं दुर्गा पूजा समितियों को सम्मानित किया जाएगा, जो स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगें। साथ ही, पूजा पंडालों में साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। शहर के मुख्य बाजार स्थित दुर्गा पूजा समिति को विशेष निर्देश देते हुए अधिकारियों ने कहा कि महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार, वाहनों के लिए सुसंगठित पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त लाइटिंग और प्राथमिक उपचार केंद्र की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वालंटियर की तैनाती, मूर्ति विसर्जन और जल यात्रा के लिए सुरक्षित मार्ग, इको- फ्रेंडली मूर्तियों का उपयोग, कचरा प्रबंध और सफाई कर्मियों के लिए चिकत्सीय सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। इस दौरान पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने आयोजन संबंधी विचार, सुझाव और समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखी। मौके पर भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष बल्लू बलराम, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, ओम प्रकाश सौंडिक, अंबुज सिंह, बिनु जायसवाल, राजीव मेहता, सुनील ठाकुर अजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छोटे-छोटे समूह बना मिलकर काम करने से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं : बीडीओ



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मंझौली पंचायत भवन परिसर में शनिवार को मनातू आजीविका महिला संकुल स्तरिय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, आजीविका महिला संकुल संगठन का वार्षिक आम सभा आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन मनातू बीडीओ सह सीओ मदन कुमार सुमन, थाना प्रभारी निर्मल उरांव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मुखिया किरण देवी और बीपीएम कुमारी नम्रता अफजल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि झारखंड सरकार जेएसएलपीएस के माध्यम से सखी महिला मंडल का गठन कर उनको ग्रामीण स्तर पर आजीविका चलाने का जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे समूह बनाकर महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकती हैं। वहीं, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं के उत्थान के प्रति काफी चिंतित है। महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कई कल्याणकारी योजना लाई है। वहीं, बीपीएम नम्रता ने कहा कि गरीब परिवारों को समूहों में जुड़वाकर, उन्हें गरीबी से बाहर लाने और ग्राम संगठन के बीच एकता एवं समन्वय स्थापित करने का कार्य संकुल संघ करती है। इस दौरान शिक्षा, अंधविश्वास, स्वास्थ्य, डायन प्रथा के खिलाफ जागरूप किया गया। मौके पर रितेश कुमार यादव, अकाउंटेंट शिवपुजन,सिंह सीसी, संजय कुमार पासवान आई पी आर पी कमला देवी, अध्यक्ष पिंकू देवी सचिव , शपना देवी ब्यूटी देवी जी सी आर पी, रिजवाना खातून सेतु दीदी आदि उपस्थित थे।

# अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें : डीसी

## कहा- मन से सरकारी स्कूल के प्रति नकारात्मक विचार निकाल दें

**डीसी ने रजवाडीह मध्य विद्यालय के पीटीएम में अभिभावकों को किया प्रेरित**

**- शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को किया सम्मानित**



रजवाडीह मध्य विद्यालय के पीटीएंम में शामिल डीसी समीरा एस।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस शनिवार को सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय पहुंची। यहां उन्होंने विद्यालय में आयोजित 'विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक' में भाग लिया। जिसका संचालन प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने किया। इसके पूर्व शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्टेक्टर अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों ने डीसी, डीएसई आदि का स्वागत किया। इस अवसर पर डीसी ने शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों के माता-पिता प्रतिमा देवी, मुकेश साव, सुचिता देवी, रंजु देवी, अखिलेश यादव, नीलम देवी, अरविंद पाण्डेय, ललिता देवी और सरिता देवी को झारखंडी संस्कृति का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डीसी ने कहा कि माता-पिता को बच्चों की पढ़ाई में अपनी भूमिका अवश्य निभानी चाहिए। अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें और घर पर कम से दो घंटे पढ़ने के लिए प्रेरित करें। जिसमें बोलकर पढ़ना भी शामिल हो। कहा कि साल में होने वाले चार पीटीएम के लिए आप समय निकालिए और बैठक में माता-पिता दोनों भाग लीजिए। आज आप तय कर लीजिए कि बिना बहाना बनाये बच्चों को शिक्षित करने में अपना योगदान देंगे। कहा कि वह भी सरकारी स्कूल से पढ़ी हैं। इसलिए मन से सरकारी स्कूल के प्रति नकारात्मक विचार निकाल दें। डीसी पलामू ने विद्यालय में 'एक पौधा मां के नाम अभियान' के तहत एक पौधा भी लगाया। साथ ही कक्षावार बच्चों से मिलकर उनकी पढ़ाई का जायजा लिया। वहीं, डीएसई संदीप कुमार ने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि सरकार बच्चों की पढ़ाई के लिए हर सुविधा दे रही है। इसे व्यर्थ नहीं होने दें। वहीं, प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि डीसी के विद्यालय आने से हम सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का मनोबल ऊंचा हुआ है। इस मौके पर नाजरीन, एडीपीओ अम्बुज्या पाण्डेय, बीपीओ राजीव कुमार सिंह और बीआरपी सत्येन्द्र कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।

## नपं में शहरी आवास योजना के लाभुकों की सूची जारी

### आपत्तियां दर्ज कराने के लिए एक सप्ताह का समय

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना-2 के चयनित लाभुकों की सूची शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में सार्वजनिक कर दी गई। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी ने बताया कि कुल 1958 लाभुकों का चयन इस योजना के अंतर्गत किया गया है। लाभुकों की सूची नगर पंचायत कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति यदि सूची में नाम शामिल होने या न होने को लेकर दावा या आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं, तो वह एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों एवं दावों के निष्पादन के बाद अंतिम सूची तैयार कर नगरीय प्रशासन निदेशालय को भेजी जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने यह भी बताया कि पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करने वाले 115 आवेदकों के आवेदन रद्द कर दिया गया हैं। उन्होंने नगरीय क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे समय रहते सूची की जांच कर लें और यदि कोई त्रुटि हो तो निर्धारित अवधि में अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें।

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज में सामुदायिक संवाद संगोष्ठी का आयोजन

# औद्योगिक विकास के साथ सामाजिक दायित्वों का भी करते हैं निर्वहन: हितेंद्र

**- समाजिहित में कई और योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी,प्रस्तावित कार्यक्रमों से कराया अवगत**

**- छात्राओं के बीच स्कॉलरशिप और साइकल का किया गया वितरण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सुरभि भवन में शनिवार को सामुदायिक संवाद संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन ग्रासिम के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, विश्रामपुर के सीओ राकेश तिवारी, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे और मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रमुख विकास कुमार ने किया। इस अवसर पर हितेंद्र अवस्थी ने लोगों को उत्पादन, सुरक्षा, पर्यावरण एवं समाजसेवार्थ कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रबंधन की ओर से स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास और बेहतर करने के लिये सुझाव भी मांगा गया। इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम प्रबंधन सिर्फ औद्योगिक विकास में ही योगदान नहीं देता है, बल्कि अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वहन पूरी निष्ठा से करता है। ग्रासिम उन समुदायों और उद्योगों में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करता है, जिनकी वह सेवा करता है। उन्होंने सीएसआर की ओर से कराये जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। इसके अलावा समाजिहित में कई और योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी के बारे में बताया। कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, मजबूत सामुदायिक सहभागिता, प्रशासनिक सहयोग और कर्मठ कार्यबल के समर्पित प्रयासों के बल पर कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनायी है। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और सीएसआर टीम को उनके समर्पण एवं प्रयासों के लिये तारीफ की। कहा कि सुरक्षा, पर्यावरण, स्वस्थ, शिक्षा एंव महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में भी हम बेहतर करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। हमारा अंतिम प्रयास होता है कि जल, जमीन एवं वायु दूषित न हो। आम लोगों के सुरक्षा के प्रति भी हम पूरी तरह सचेत हैं। इस दौरान ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग की ओर से प्रखंड के विभिन्न 10 प्लस 2 उच्च विद्यालयों से चयनित 20 छात्राओं के बीच स्कॉलरशिप और साइकल का वितरण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन एचआर हेड पद्माकर लाल दास ने किया। मौके पर महिला मंडल की अध्यक्षा नामिता अवस्थी, जनसंपर्क पदाधिकारी नीतीश पांडेय, सीएसआर के अनिल गिरी, भाजपा नेता कृष्ण कुमार मिश्रा, डॉ वीपी शुक्ला, वरीय कांग्रेसी नेता विजय चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, ब्रज किशोर शुक्ला,ब्रजराज चौबे,निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला,सुनील कुमार चौधरी,ज्वाला गुप्ता, गुलाम नबी अंसारी, अनिल सिंह,भोला राय, राजेश चौबे, विजय शुक्ला, राधा कृष्ण साव, शशिनाथ चौबे, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, बीईओ महेंद्र प्रजापति, मनोज पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

# निर्धारित समय सीमा के भीतर हो कार्य, ताकि लोगों को मिले योजनाओं को लाभ: विधायक

**झारखंड विस की आश्वासन समिति ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड विधानसभा के आश्वासन समिति के अध्यक्ष निरसा विधायक अरूप चटर्जी और सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल कुमार की उपस्थिति में शनिवार को लंबित सरकारी आश्वासनों एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान डीडीसी ने विभागवार प्रस्तुति देकर समिति को जानकारी दी। बताया कि जिले में विधानसभा सत्रों के दौरान दिए गए सरकारी आश्वासनों पर गंभीरता एवं प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। लगे हाथ विभिन्न विभागों की ओर से की गई प्रगति की सराहना की। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण हों, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सके। समिति ने यह भी रेखांकित किया कि विभागीय समन्वय, प्रशासनिक दक्षता और स्थानीय जनभागीदारी विकास की गति को और अधिक सशक्त बनाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## शराबबंदी की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**देवघर में अवैध तरीके से शराब बनाकर हो रही बिक्री**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** कुंडा थाना क्षेत्र के चित्तौलोडीहा गांव में शराबबंदी की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को धरना-प्रदर्शन किया। इसमें महिला, पुरुष, बुजुर्ग और युवा शामिल हुए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले कई महीनों से गांव के लगभग 35 स्थानों पर अवैध तरीके से शराब का निर्माण हो रहा है। इस बारे में कई बार आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन को जानकारी दी गई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई। पुलिस मौके पर तो पहुंचती है, पर बिना जांच के लौट जाती है। उन्हें ही झूठा बताकर मामले को टाल देती है। अवैध शराब की वजह से गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है। बच्चे और युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। 12 से 14 वर्ष के नाबालिग भी नशा करने लगे हैं। आए दिन शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा होता है। जिससे घरों का माहौल भी बिगड़ रहा है। इसका सीधा असर बच्चों के भविष्य पर पर रहा है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की कि गांव में शराबबंदी को सख्ती से लागू किया जाये। अवैध शराब बनाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाये। यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस मौके पर महिला प्रतिनिधि गुड़िया देवी, बबीता देवी और आशा देवी ने बताया कि शराबबंदी को लेकर आज से गांव में उग्र आंदोलन की शुरूआत की गई है। कहा कि पहले शांतिपूर्वक शराब बनाने और बेचने वालों को घर-घर जाकर समझाया जा रहा है कि इस अवैध धंधे को तुरंत बंद करें। यदि लोग नहीं मानेंगे तो ग्रामीण बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मिले डीसी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार से मुलाकात की और उनके नए पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण सामान्य बात है, लेकिन सदैव उन्हीं को याद रखा जाता है जिनका कार्य सराहनीय रहता है। उन्होंने प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के कार्यों की सराहना की और उनके नए पद पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## रक्तदान कर मनाया जन्मदिन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं देवघर सदर अस्पताल के प्रयोगशाला के प्रभारी मनोज कुमार मिश्र ने अपने जन्मदिन पर शनिवार को रक्तदान किया। वे साल में तीन बार नियमित रूप से रक्तदान करते हैं। उनके परिवार के अन्य सदस्य भी प्रतिवर्ष रक्तदान करते हैं। मनोज कुमार मिश्र का मानना है कि एक स्वस्थ आदमी को हमेशा स्वस्थ रहने के लिए निर्धारित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। यदि हर परिवार का एक भी सदस्य नियमित रक्तदान करें तो रक्त की कमी से किसी की जान नहीं जाएगी। रक्तदान के बाद सदर अस्पताल के प्रयोगशाला के कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ केक काटकर मनोज मिश्र का जन्मदिन मनाया। मौके पर त्रिलोकी नाथ पांडेय, अनिल गुप्ता आदि मौजूद थे।

## राजनीतिक दलों के साथ एसडीओ ने की बैठक



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए शनिवार को अनुमंडल कार्यालय कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिस बूथों में 1200 से ज्यादा मतदाता है उसे दो भागों में बांटा गया और दो किलोमीटर से दूरी वाले गांव मोहल्ले की दूरी को कम करने का निर्णय लिया गया है। उक्त कार्य ब्लू और पर्यवेक्षक द्वारा स्थल निरीक्षण के बाद उक्त कार्य किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव फैयाज कैशर, मधुपुर विधायक प्रतिनिधि अबु तालिब अंसारी, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि रवानी, मधुपुर नगर कांग्रेस सचिव इमरान अशरफी उर्फ रॉकी, युवा विधानसभा अध्यक्ष राहुल सिंह, भीम आर्मी राजेश दास थे।

## देवघर महाविद्यालय में छात्र नेताओं की बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर की गई चर्चा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** महाविद्यालय के बोटैनिकल गार्डन में छात्र नेता गौरव राज और अभिजीत सिंह राजपूत के नेतृत्व में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान छात्रों ने महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को उठाया, जिसमें जर्जर भवन, खराब शिक्षा व्यवस्था और कमजोर छतें शामिल हैं। छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय है और शिक्षा के नाम पर सिर्फ डिग्रियां बांटी जा रही हैं। छात्रों ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गईं, जिसे प्राचार्य के समक्ष रखा गया। वहीं, प्राचार्य ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का हल निकाल लिया जाएगा। छात्रों ने चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर छात्र चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में छात्र नेता शुभम कुमार, वरुण शर्मा, विनय राय, शुभम खवाड़े, सूरज चौधरी, गौरव झा, धीरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर-आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत मधुपुर जोड़ामो रेल मार्ग पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना पोल संख्या 291/33 जोड़ामो और मधुपुर के बीच अप ट्रैक पर हुई। मृतक की पहचान मधुपुर थाना क्षेत्र के नया बाजार निवासी विनीत कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर भेज दिया है। साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## आज चार घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

गुमला (आजाद सिपाही)। रविवार को 132/33 केवीए, गुमला ग्रिड तकनीकी कार्यों के कारण गुमला शहर, सिलम, ऊमी, चंडाली, टैसेरा समेत राईडीह, चैनपुर, डुमरी, जारी प्रखंडों में विद्युत आपूर्ति समय सुबह 8:00 से दोपहर 12.00 तक बाधित रहेगी। इसकी जानकारी, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव ने दी।

## चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड व गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप आज गुमला में

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड के सुप्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड व गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप रविवार 14 सितंबर को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

# एक महीने में ही टूट गया 60 लाख से बना गार्डवाल

### विभागीय अधिकारियों से कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड के रांगे गांव में चेक डैम निर्माण के एक माह के अंदर ही बह गया। बिशुनपुर में विकास योजना की हालत बद से बेहतर हो गयी है। ठेकेदार और अभियंताओं के मिली भगत से सरकारी धन का दुरुपयोग खुलेआम किया जा रहा है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र के विधायक और सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के क्षेत्र में खुलेआम विकास योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही है। ताजा उदाहरण बिशुनपुर प्रखंड के रांगे गांव में देखा जा सकता है। जहां कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा लगभग 60 लाख रुपये की लागत से चेकडैम निर्माण कार्य करवाया गया। यह निर्माण कार्य माइनर इरिगेशन एजेंसी के द्वारा कराया गया। निर्माण कार्य का जिम्मा बिशुनपुर के हैप्पी कंट्रक्शन को दिया गया था, लेकिन विभागीय इंजीनियर की लापरवाही और ठेकेदार की मनमर्जी के कारण चेक डैम निर्माण पूर्ण होने के एक महीना भी नहीं झेल पाया। और चेक डैम का गार्डवाल बुरी तरह से ध्वस्त हो गया। गार्डवाल के टूटने से सरकारी धन का दुरुपयोग तो हुआ ही साथ ही वहां के आसपास के जोसेफ किंडो समेत अन्य किसानों का खेत भी बुरी तरह से बर्बाद हो गया। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। इस संबंध में रांगे गांव का बलदेव खरवार, उपेंद्र खरवार लालदेव उरांव समेत अन्य ग्रामीणों में चेक डैम के गार्डवाल टूटने से भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण के समय नीव कमजोर था। इंजीनियर ढलाई के समय नदारत थे। जिसके कारण गार्डवाल धुस्त हो गया। उपेंद्र खरवार ने बताया कि ग्रामीणों ने यहां पर निर्माण का विरोध किया था फिर भी अधिकारियों की तानाशाही के कारण यह निर्माण गलत जगह में किया गया। जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। लालदेव उरांव ने बताया कि निर्माण में सीमेंट पर्याप्त मात्रा में नहीं दी गयी है और अन साइज बोल्डर डाल दिया गया। उन्होंने जिले की उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उचित करवाई नहीं होने पर सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



### क्षतिपूर्ति की कोशिश की जा रही है : सहायक अभियंता

इस संबंध में बात करने पर सहायक अभियंता गौरव उरांव ने बताया कि निर्माण कार्य के समय थोड़ी चूक होने के कारण यह स्थिति हुई है। ग्रामीणों ने जहां बनाने की बात कही थी वहां नहीं बना। टूटे हुये गार्ड वाल की बेहतरी और क्षतिपूर्ति के लिए क्या हो सकता है इस पर विचार किया जा रहा है।

# रेंगारी गांव में हाथियों का उत्पात जारी

### कई एकड़ में लगी धान की फसल को जंगली हाथियों ने रौंद कर बर्बाद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के रेंगारी गांव में बीते रात चार जंगली हाथियों ने जमकर उत्पाद मचाया। गांव के ही संजीप कुजूर के कई एकड़ में लगे धान के फसल को जंगली हाथियों ने रौंद कर बर्बाद कर दिया। संजीप ने बताया कि किसी तरह करके जीवन यापन के लिए खेती-बाड़ी कर रहे हैं। लेकिन हमारे क्षेत्र में जंगली हाथियों का प्रकोप कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है, और हमारे फसलों को आये दिन बर्बाद कर रहे हैं। कभी किसी का घर तोड़ते हैं, तो कभी किसी के लगे फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, और वन विभाग गहरी नींदों में सो रहे हैं। पिछले कई वर्षों से जंगली हाथियों का कहर रेंगारी, चटकपुर, श्रीनगर, कोडी गांव का ग्रामीण झेल रहे हैं। लेकिन वन विभाग व प्रशासन को किसी प्रकार की कोई लेना देना नहीं है। हमारे गांव में कभी एक हाथी तो कभी चार हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहे हैं। शाम होते ही हमारे गांव में जंगली हाथी घुस आते हैं। और कई इलाकों में जमकर उत्पाद मचाते हैं। गांव के ग्रामीण जंगली हाथियों को शंख नदी के उस पार बमहणी गांव या बुकमा गांव भेज देते हैं, लेकिन उधर के गांव वालों ने भी खदेड़कर वापस हमारे ही गांव की ओर भेज देते हैं। यदि वन विभाग गहरी नींद से नहीं उठे तो जल्द से जल्द जारी प्रखंड के लोग सड़क जाम सहित वन विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे।




# साइबर ठगों ने अकबर के खाते से उड़ा लिये 8.45 लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के अंबेडकर नगर खड़िया पाड़ा निवासी अकबर खान (41) एक बड़ी साइबर ठगी का शिकार हो गये हैं। अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके एचडीएफसी बैंक खाते से 8 लाख 45 हजार रुपये उड़ा लिये। इस संबंध में पीड़ित ने गुरुवार की शाम गुमला थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई और अपने पैसे की बरामदगी की मांग की है।

दर्ज एफआईआर के अनुसार 11 सितंबर की दोपहर अकबर खान के मोबाइल पर खाते से 8 लाख 45 हजार रुपये निकासी का मैसेज आया। अचानक इतनी बड़ी रकम की जानकारी से वे हतप्रभ रह गये। वे तुरंत बैंक पहुंचे, जहां पूछताछ करने पर ठगी की पूरी घटना सामने आयी। बैंक अधिकारियों ने बताया कि किसी ने धोखाधड़ी कर खाते से रकम निकाल ली है।



घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को आवेदन देकर ठगों की पहचान और गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले में इस तरह की बड़ी साइबर ठगी की घटना से आम लोगों में दहशत है।

# चोरी की घटना का एक आरोपित गिरफ्तार, दो फरार

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला पुलिस ने चोरी के अभियुक्त इस्लामपुर निवासी सुएब आलम उर्फ छोटू (24) को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। बताते चलें कि शहर के इस्लामपुर से मो. आदिल के घर से 10 सितंबर की रात्रि चोरों ने सोने का झुमका व कुछ नकद पैसे चोरी कर लिया था। जिसके बाद मो आदिल ने गुमला थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया था।इधर 12 सितंबर की रात्रि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बाजार टांड से सुएब को गिरफ्तार किया। तलाशी के क्रम में पाकेट सोने का झुमका मिला। जिस क्रम में आरोपित सुएब आलम ने बताया कि इस चोरी में मेरे साथ सुहेल उर्फ चोली व इलियन अंसारी उर्फ नवाब भी शामिल था। वहीं पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु तलाशी कर रही है। वहीं शनिवार की अपराह्न 3 बजे आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।



गिरफ्तार आरोपी।

## तालाब में डूबने से 59 वर्षीय व्यक्ति की मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। रायडीह थाना क्षेत्र के जमगाई गांव में रविवार को नहाने के दौरान एक व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान 59 वर्षीय राम उरांव, पिता स्व. गोंदुर उरांव के रूप में की गयी है। ग्रामीणों के अनुसार राम उरांव सुबह गांव के तालाब में नहाने गये थे। नहाने के दौरान अचानक वे गहरे पानी की ओर चले गये और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर बचाने की कोशिश की। लेकिन जब तक उन्हें बाहर निकाला जाता, उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर रायडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

## उत्तर प्रदेश को हरा कर गुमला की टीम ने अगले चक्र में किया प्रवेश




गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला की टीम ने पूरी में उत्तर प्रदेश को हरा कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। यह 14 सदस्य क्रिकेट टीम कप्तान असर अब्दीन के नेतृत्व में पूरी, उड़ीसा के लिए पिछले दिनों रवाना हुई थी। यह टीम उड़ीसा के पुरी में 11 से 15 सितंबर तक आयोजित ऑल इंडिया टी -10 टेनिस क्रिकेट चैंपियनशिप में भाग लेगी। इसके लिए गुमला के मशहूर युवा क्रिकेटर असर अब्दीन के नेतृत्व में 14 सदस्य क्रिकेट टीम ने अपने पहले ही मैच में उत्तर प्रदेश की टीम को चार विकेट से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

## बिशुनपुर प्रखंड में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन





बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी और शिक्षकों को उनके कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में सावित्रीबाई फुले योजना, कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, वज्रए पोर्टल, विद्या वाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही आने वाले दिनों में ओपन अकटूल्स के प्रशिक्षण को लेकर जानकारी साझा की गयी। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समीक्षा की। गुरुघोष्ठी में एपीओ रॉस मिंज, बीईईओ श्री चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सहित सभी बीआरपी, सीआरपी और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन



जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड अंतर्गत रा.उत्क्र.प्लस टू उच्च वि.जारी के सभागार में शिक्षक अभिभावक मिंटिंग का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि जीप सदस्य दिलीप बड़ाईक रहे मुख्य अतिथि, शिक्षक एवं अभिभावकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मिंटिंग का शुभारंभ किया गया। विद्यालय मे शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जीप सदस्य ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अगर बच्चों का भविष्य बनाना है तो प्रतिदिन विद्यालय अपने बच्चों को समय पर स्कूल भेजें। मौके पर सीसी करमटोली मुखिया फुलमाईत देवी, रोशन बखला, विक्टोरिया एक्का, अमिता तिर्की, अशोक खलखो, राजीव रंजन मिंज, अशोक केरकेट्टा, नवीन कुमार सिंह, तस्लीम रजा, सरोज केरकेट्टा, कांताग्रेस जोजवार, जोसेफा टोप्पो, बसंती केरकेट्टा, अध्यक्ष लौरेंस किस्पोट्टा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## घाघरा में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित



घाघरा (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वाधान में शिक्षक अभिभावक बैठक शनिवार को राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल हापामुनि व पीएमश्री अपग्रेड हाई स्कूल ईचा में किया गया। मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया विनीता कुमारी उपस्थित हुई। कार्यक्रम नशा पान, नियमित स्कूल आये, बच्चों की उपस्थित, व्यावसायिक शिक्षा, स्थानीय भाषा की शिक्षा सहित कुल 10 विषयों पर चर्चा हुआ। मुखिया विनीता कुमारी ने सभी अभिभावक से कहा कि नामांकित बच्चे प्रत्येक दिन स्कूल आयें, घर पर भी इनका पढ़ाई लिखाई पर ध्यान दें। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया विनीता कुमारी, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, विजय कुमार गुप्ता, मुन्नी कश्यप, लिली फुल तिग्गा सहित कई लोग मौजूद थे।

## चोरों ने उर्दू स्कूल का ताला तोड़ तीन टैब चुराये

गुमला। थाना रोड स्थित राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय से शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने तीन टैब एक डस्टबीन समेत अन्य समानों की चोरी कर लिया है। इस संबंध में विद्यालय की प्रभारी एचएम रयूफत खनम ने शनिवार को गुमला थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर कार्रवाई की मांग की है।
आवेदन में कहा गया है कि वो 11 सितंबर को विद्यालय छुट्टी होने पर ताला लगाकर घर चली गयी। वहीं 12 सितंबर को साप्ताहिक अवकाश के कारण वो 13 सितंबर को विद्यालय पहुंची तो देखी की सारा ताला टूटा हुआ है। वहीं आफिस के अंदर गोदरेज का लोक टूटा हुआ था जिसमें एक डस्टबीन, तीन टैब व अन्य समान था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित




### मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही समाज और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड के पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय नरमा में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य मंत्री चमरा लिंडा उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई में सहयोग दें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही समाज और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के लिए अभिभावकों और शिक्षकों की साझेदारी बेहद जरूरी है। वहीं डीएससी नूर अहमद ने कहा कि शिक्षक बच्चों को बेहतर दिशा देने का काम कर रहे हैं, लेकिन इसमें अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी भी अनिवार्य है। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक नूर अहमद बीपीओ नीरज सिंह बालेश्वर उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड के घाघरा पंचायत अंतर्गत रेहलदाग ग्राम के ग्रामीणों ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिशुनपुर को एक आवेदन सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने रेहलदाग उच्च विद्यालय तक पहुंच पथ पीसीसी सड़क निर्माण की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य सड़क से रेहलदाग उच्च विद्यालय की दूरी लगभग 400 मीटर है। विद्यालय जाने के लिए छात्रों को एक छोटी नदी और कीचड़युक्त रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने और कीचड़ फैलने के कारण बच्चों को विद्यालय पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि लगभग 400 मीटर सड़क का पीसीसी निर्माण कर दिया जाये, तो न सिर्फ छात्रों की शिक्षा प्रभावित होने से बचेगी बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी आवागमन में सुविधा होगी। आवेदन में कहा गया है कि यह मार्ग आसपास के कई टोले के लोगों के लिए मुख्य पहुंच पथ है, जिस पर पक्की सड़क बन जाने से गांव का विकास भी सुनिश्चित होगा। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से इस कार्य को शीघ्र स्वीकृति देने और सड़क निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन पर ग्रामीण प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और शिक्षकों ने संयुक्त हस्ताक्षर किये हैं। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि शिक्षा और विकास के हित में यह सड़क निर्माण अति आवश्यक है और प्रशासन को इस पर शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए।

## विक्षिप्त नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के सतपारा घट्ठा गांव निवासी करमपाल चीक बड़ाईक (17) ने शनिवार को अपने ही घर में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। गुमला पुलिस को सूचना मिलने पर दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के पिता अर्जुन चीक बड़ाईक ने बताया कि मृतक का दो वर्ष से मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। हमलोग अपने स्तर से इलाज करा रहे थे। लेकिन शनिवार को घर के सभी लोग अपने अपने दैनिक कार्यो के लिए घर से निकले थे। इसी बीच मेरे बेटे करमपाल चीक बड़ाईक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है।

# नेटवर्क समस्या के कारण अनाज वितरण में परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के रमजा झलिया बांध गांव में संचालित कल्याणी महिला मंडल के द्वारा राशन का वितरण लाभुकों के बीच नहीं किया जा रहा है। जिससे लाभुकों को काफी परेशानी हो रही है। लाभुकों का कहना है कि लगातार एक सप्ताह तक भूखे प्यासे घर का सारा काम छोड़कर करीब साढ़े 4 किलोमीटर दूर इलेक्ट्रॉनिक मशीन से फिंगर के द्वारा राशन लोड कराने आते हैं, कभी मशीन में नेटवर्क नहीं रहता है तो कभी नेटवर्क रहने पर भी सर्वर डाउन हो जाता है, कभी बिजली की समस्या हो जाती है। इसी कारण राशन लोड कराने में काफी परेशानी होती है। शनिवार दिन के 1 बजे राशन लोड कराने आये काफी संख्या में लाभुक घर वापस लौटे। कल्याणी महिला मंडल राशन दुकान की डीलर बिंद्रावती देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी 2 दिन से बिजली ठप होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक मशीन डिस्चार्ज हो गया है जब तक बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हो जाता तब तक राशन लोड करने में असुविधा होगी। उन्होंने प्रशासन और विभागीय पदाधिकारी तथा झारखंड सरकार से समाधान की है। बिजली व्यवस्था के साथ-साथ गांव में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा बहाल की जाये जिससे लाभुकों को किसी तरह की परेशानी ना हो।




कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, राँची।
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची–खूँटी।
(E.Mail : dhoranchi125@gmail.com)
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, काँके रोड, राँची।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय पत्रांक 42 दिनांक 13.08.2025 के द्वारा राज्य उद्यान विकास योजना अन्तर्गत उपयोजना "उद्यान विकास की योजना" के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत्यादेश प्राप्त हुआ है। उप योजना अन्तर्गत विभिन्न कार्य अवयवों की प्राप्त भौतिक लक्ष्य के अनुसार विस्तृत सूचना देते हुए कृषकों से कलस्टर में खेती किए जाने हेतु आवेदन पत्र की मांग की जाती है।

कार्य अवयवों का विवरण निम्नांकित है:–

| क्रम सं0 | योजना का अवयव | लागत प्रति इकाई | भौतिक लक्ष्य जिला– राँची | भौतिक लक्ष्य जिला– खूँटी | क्रियान्वयन हेतु आवश्यक आहर्त्ता / अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | युवाओं को माली प्रशिक्षण 25 दिवसीय | 17500/– रू0 प्रति प्रशिक्षणार्थी | 47 सं0 | 14 सं0 | इच्छुक युवा जिनकी न्यूनतम उम्र 20 से 45 वर्ष है तथा 10 वीं उत्तीर्ण अथवा समकक्ष हो। |
| 2 | मिर्चा की खेती | 30 हजार रू0 प्रति हे0 | 125 हे0 | 37 हे0 | न्यूनतम 10 हे0 कलस्टर में (प्रति कृषक अधिकतम 1 हे0) |
| 3 | ओल की खेती | 100 क्विंटल का 3.00 लाख रू0 | 113 हे0 | 34 हे0 | न्यूनतम 10 हे0 कलस्टर में (प्रति कृषक अधिकतम 1 हे0) |
| 4 | अदरक की खेती | 1.95 लाख रू0 प्रति हेक्टेयर | 100 हे0 | 28 हे0 | न्यूनतम 10 हे0 कलस्टर में (प्रति कृषक अधिकतम 1 हे0) |
| 5 | खुले वातावरण में फूलों की खेती – गेंदा | | 200 हे0 | 28 हे0 | न्यूनतम 10 हे0 कलस्टर में (प्रति कृषक अधिकतम 1 हे0) |
| | खुले वातावरण में फूलों की खेती – ग्लेडियोलस (Gladiouls) | | 50 हे0 | | |
| 6 | संरक्षित फूलों की खेती (जरबेरा / कारनेशन / लिलियम / गुलदौदी) | शेडनेट प्रति वर्ग मी0 – 710 रू0 की दर। पौध सामग्री – 610 रू0 प्रति वर्ग मी0 | 2.5 हे0 | 0.70 हे0 | 500 अथवा 1000 वर्ग मी0 क्षेत्र में वैसे कृषक जिनके पास सिंचाई / पानी की सुविधा पर्याप्त है। |
| 7 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 40 हजार रू0 | 94 इकाई | 28 इकाई | वैसे कृषक जिनके घर के समीप 25 डी0 भूमि हो तथा सिंचाई की सुविधा हो। |
| 8 | सब्जी की तकनीकी खेती हेतु प्रत्यक्षण | – | 752 हे0 | 223 हे0 | प्रति कृषक अधिकतम 0.25 हे0 क्षेत्र के दर से 10 हे0 कलस्टर में प्रत्यक्षण किया जाएगा। |
| 9 | मषरूम कीट की वितरण एवं प्रशिक्षण | अधिकतम प्रति बैग– 132 रू0 एवं 5000 रू0 प्रति प्रशिक्षणार्थी | 376 सं0 | 112 सं0 | अति निम्नवर्गीय ST/SC तथा अन्य गरीबी रेखा (BPL) से नीचे गुजर बसर करने वाले भूमिहीन लोगो को प्राथमिकता। |
| 10 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 3.00 लाख रू0 प्रति इकाई | 56 इकाई | 17 इकाई | वैसे कृषक जिसके पास सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी की सुविधा हो |
| 11 | टिशु कल्चर स्ट्रोबेरी की खेती (हे0) | प्रति हे0 525365 रू0 | 35 हे0 | 10 हे0 | न्यूनतम 10 हे0 कलस्टर में (प्रति कृषक अधिकतम 1 हे0) |
| 12 | टिशु कल्चर केला की खेती (हे0) | – | 23 हे0 | 3 हे0 | न्यूनतम 10 हे0 कलस्टर में (प्रति कृषक अधिकतम 1 हे0) |
| 13 | पॉली हाउस का निर्माण (प्रति 500 / 1000 sq mt.) | 1050 रू0 प्रति वर्ग मी0 | 0.2 हे0 | 0.10 हे0 | वैसे कृषक जिनके पास सिंचाई हेतु डीप बोरिंग / कुँआ हो। |
| 14 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, पौध बिचड़ा उत्पादन (सैपलिंग नर्सरी) | 3.00 लाख रू0 प्रति ईकाई | 66 इकाई | 20 इकाई | वैसे कृषक जिनके पास सिंचाई हेतु पानी की पर्याप्त सुविधा हो। |

1) आवेदन पूर्ण रूप से भरा होना आवश्यक है। आवेदन के साथ लाभुक सहित कार्यस्थल (भूमि) का फोटोग्राफ Geo Tagging संलग्न होना अनिवार्य है। अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
2) उपरोक्त कार्य अवयवों का चयन वैसे लाभुक / कृषक या उसके परिवार का चयन किया जाएगा, जो पिछले तीन वर्षो में उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ नहीं लिया हो।
3) लाभुक का आधार सं0 एवं मोबाईल सं0 (जो चालू स्थिति में हो) अनिवार्य रूप से होना चाहिए। आधार कार्ड तथा जमीन संबंधी कागजात / शशपथ पत्र / जनप्रतिनिधि से अभिप्रमाणित वंशावली का छायाप्रति आवेदन में संलग्न होना अनिवार्य है।
4) आवेदन पंचायती राज संस्थानों के स्थानीय प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
5) योजना में सब्जी एवं फूलों की खेती का कार्यान्वयन Cluster Approach में किया जाएगा साथ ही कृषि विभाग के योजनाओं संरक्षित खेती, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्चिंग आदि का लाभ यथा संभव दिया जाएगा।
6) योजना में लाभुक चयन में ST/SC, लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता दी जाएगी। JSLPS द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह / कृषक समूह की सूची से योजना आच्छादन किया जाएगा। JSLPS द्वारा चयन के अनुरूप आवेदन प्राप्त नहीं होने पर अन्य माध्यम से गठित समूह / Cluster approach के तहत आवेदन प्राप्त किए जाऐंगे। लाभुक चयन में FPO को भी प्राथमिकता दी जाएगी।
7) योजनान्तर्गत फूल-फल, सब्जी, शेडनेट हाउस एवं संरक्षित खेती हेतु कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा टपक सिंचाई योजना, Soil Health card, जैविक खेती, कृषि यंत्रिकीकरण केन्द्र प्रायोजित Per drop more crop आदि का यथा संभव अभिसरण किया जाएगा।
8) उक्त योजना से संबंधित जानकारी एवं आवेदन जिला उद्यान कार्यालय, राँची / झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) / प्रखण्ड में कार्यरत BTM/ATM तथा उद्यान मित्रो से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।
9) पूर्ण आवेदन (कागजात सहित) कार्यालय में 04.10.2025 के अपराह्न 4 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी
राँची–खूँटी।

PR 361887 (Agriculture) 25-26 (D)

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 212 करोड़ की रिकवरी

## दो लाख 91 हजार 12 से अधिक विवादों का हुआ निपटारा, और भी बढ़ेगा आंकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर साल 2025 के तीसरे राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन शनिवार को झारखंड के मुख्य न्यायाधीश त्रिलोक सिंह चौहान ने रांची से ऑनलाइन किया। इस मौके पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने धनबाद में आयोजित समारोह को संबोधित किया। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत अब परिचय का मोहताज नहीं है। राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरी करने की दिशा में एक कदम है। नवंबर 2013 से पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह में किया जाता है। हमारा संविधान देश के हर नागरिक को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। कहा कि बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। लोक अदालत में महीनों कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस दौरान पैसों की भी बर्बादी होती है। लोगों में प्रेम, शाति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। वहीं, धनबाद के डीडीसी सादात अनवर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि डालसा आम लोगों के हित में है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जबकि अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 13 बेंच का गठन किया गया था। जिन्होंने दोपहर दो बजे तक विभिन्न तरह के दो लाख 91 हजार 12 विवादों का निपटारा हुआ। जिसमें 37 हजार 130 ऐसे मुकदमे थे जो विभिन्न अदालतों में लंबित थे। वहीं दो लाख 53 हजार 882 प्री लिटिगेशन के मामले निष्पादित हुए। शाम तक यह आंकड़ा और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। इस दौरान दो अरब 44 करोड़ तीन लाख 22 हजार 704 रुपए की रिकवरी की गई। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, लेबर जज रमाकांत मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पीएस घोष, सिविल जज एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, रजिस्ट्रार आइजेड खान, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा आदि उपस्थित थे।



लाभुक को चेक सैंपते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अन्य गणमान्य।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

- सोने के जेवरात, एक किलो चांदी, चार लाख नकद आदि बरामद
- गिरोह का सरगना धनबाद का मछली अंसारी, सभी आरोपी धनबाद के ही



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर गठित एसआइटी ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के स्वर्ण आभूषण, एक किलो चांदी, नकद तीन लाख रुपये सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस की मानें तो गिरोह का सरगना धनबाद जिले के जोरापोखर बस्ती सराफतपुर का रहने वाला राजू उर्फ मछली अंसारी है। उसके खिलाफ पहले से विभिन्न थानों में 55 मामले दर्ज हैं। एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी आवासों में दिन के समय में बढ़ रही चोरी की घटनाओं की लगातार सूचना मिल रही थी। जिसके बाद निर्देश जारी कर डीएसपी मुख्यालय अनिमेष गुप्ता एवं बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया। जिसने मानवीय सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पांच लोगों को गिरफ़्तार किया। उनकी पहचान जोरापोखर थाना क्षेत्र के बस्ती सराफतपुर निवासी राजू उर्फ मछली अंसारी, बस्ती भूलन बरारी निवासी फैयाज अंसारी एवं आबिद अंसारी, डिगवाडीह निवासी राहुल कुमार वर्मा एवं झरिया के सोना पट्टी निवासी रविरंगराव शिंदे के रूप में हुई है। सभी अपराधियों पर पहले से दर्जनों मामले दर्ज हैं। पुलिस के समक्ष सभी ने अपना अपराध स्वीकार किया है। उनकी निशानदेही पर नकद तीन लाख सात हजार 600 रुपये, 97 ग्राम सोना, एक किलो गलाया हुआ चांदी, 15 जोड़ी चांदी का पायल, चौर जोड़ी चांदी की बिछिया, एक पीस चढ़ी का चेन, दो बाइक, सात मोबाइल फोन सहित गैस सिलिंडर एवं अन्य औजार जब्त किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बोकारो, धनबाद एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में सक्रिय रहकर दिन में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

# भू-धंसान क्षेत्र के प्रभावित लोगों को जल्द सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया जाये : दिलीप सिंह

**केंदुआ (आजाद सिपाही)।** युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय संयोजक सह समाजसेवी दिलीप सिंह शनिवार को कुसुंडा क्षेत्र के गोधर छह नंबर बस्ती पहुंचे। जहां भू-धंसान क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बड़े-बड़े गोफ भूमिगत भू-धंसान के गड्ढे देखे, जहां से जहरीली गैस निकल रही है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस क्षेत्र में लगातार हो रहे भू-धंसान के कारण उनके घर और जीवन दोनों खतरे में हैं। मांग की कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को जल्द सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया जाए और भू-धंसान के गड्ढों को बालू से भरकर स्थायी समाधान किया जाये। इस मौके पर दिलीप सिंह ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर समस्या को लेकर डीजीएम, बीसीसीएल और एसडीएम तक अपकी बात पहुंचायेंगें और जल्द कार्रवाई की मांग करेंगें। इस मौके पर उषा झा, अवध सिंह, राजू शर्मा, संजय पासवान, निर्भय सिन्हा, नड़कु चौहान, रामा पासवान, सुभाष पासवान, सुरेश पासवान, बसंती देवी, अरुण पासवान, उमेश पासवान, दीपन पासवान, नंदलाल पासवान और छोटू पंडित उपस्थित थे।

# शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं : डीसी

- डीएवी पब्लिक स्कूल सभागार में डॉ राधाकृष्णनन सहोदय स्कूल काम्लैक्स की ओर से गुरु वशिष्ट अवार्ड 2025 का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** शिक्षक को सम्मानित करना हमारे लिए गौरव की बात है। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विद्यार्थी जब अपने शिक्षक का सम्मान करते हैं, तभी राष्ट्र- विश्व का भविष्य मजबूत बनता है। शनिवार को जिला का डीसी नहीं, बल्कि एक विद्यार्थी शिक्षकों को सम्मानित करने आया है। उक्त बातें डीसी अजय नाथ झा ने कहीं। वह शनिवार को बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-04 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल सभागार में डॉ राधाकृष्णनन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से गुरू वशिष्ठ अवार्ड 2025 के आयोजन समारोह में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा। डीसी ने कहा कि शिक्षक किसी भी परिस्थिति से हतोत्साहित या मायूस नहीं हों। पूरे विश्व का भविष्य आपके हाथों में है। आप ही नई पीढ़ी को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करें। शिक्षकों को सुझाव दिया कि कक्षा में पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू करने से पहले शिक्षक प्रतिदिन कम से कम पांच मिनट बच्चों से संवाद करें। उन्होंने जिले के समग्र विकास में शिक्षकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कहा कि हमें एकजुट होकर जिले को आगे ले जाना है। यह भी कहा कि मोलाफाइड मिस्टेक (जानबूझकर की गई गलती) किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। यदि अनजाने में हुई गलती हो तो उसे सुधारने के लिए निरंतर प्रयास होना चाहिए। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों शिक्षकों को डीसी एवं अन्य ने प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चिन्मया विद्यालय प्रिंसिपल सुरज शर्मा, द ओरिएंटल फाउंडेशन स्कूल मोहनडीह के प्रिंसिपल डॉ अमिर हुसैन, रेनबो पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल विपुल कुमार सिंह, डीएवी स्कूल कथारा के प्रिंसिपल डॉ जी एन खान, बोकारो मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अशोक कुमार पाठक, चास गलैक्सी पब्लिक स्कूल के सुबोध कुमार, दयानंद आदर्श विद्यालय के मनोज कुमार, माउंटसन सेक्टर 12 विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ बी रीना ठाकुर, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल फादर डॉ जोशी वारगेसी, सेक्टर 4 डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल एसके मिश्रा और सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# जन वितरण दुकानदारों ने बकाया भुगतान नहीं होने पर दी एक अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

- फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले निरसा में धरना
- चिरकुंडा में बाईक रैली और शहीदों को माल्यार्पण



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले पूरे झारखंड में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार की सुबह प्रखंड स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें सभी जन वितरक दुकानदार हाथों में सरकार के खिलाफ बैनर लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए पैदल निरसा प्रखंड परिसर पहुंचे। धनबाद जिला सचिव अजय सिंह एवं निरसा प्रखंड संगठन के अध्यक्ष विश्वरूप मंडल ने बताया कि पीडीएस दुकान चलाने वाले दुकानदार जो प्रखंड के सभी लोगों के बीच मुफ्त अनाज का वितरण करते हैं वे आज खुद ही भूखमरी के कगार पर है। केंद्र सरकार पर 10 महीना और राज्य सरकार के पास विगत 22 महीने का शुल्क बकाया है। विगत दो वर्षों से शुल्क नहीं मिलने के कारण उनकी स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। सरकार के शिर्ष अधिकारियों से लगातार वार्ता हो रही है पर कोई सकारात्मक पहल होता नहीं दिख रहा है। इसी के विरोध में संगठन ने निर्णय लिया कि अगर दुर्गापूजा-दिपावली से पहले उनके बकाया शुल्क का भुगतान नहीं किया गया तो एक अक्टूबर से पूरे झारखंड में जन वितरण दुकानदार हड़ताल पर चले जाएंगे। सभी तरह का अनाज वितरण बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी बाइक जुलूस निकाल चिरकुण्डा शहीद चौक पहुंचे। जहां सभी ने शहीदों को माल्यार्पण कर नमन किया।

# जीतपुर टड़िया के निकट 81 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण कार्य शुरू

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम अंतर्गत जीतपुर से जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र जाने वाली मुख्य मार्ग पर जीतपुर टड़िया के निकट 81 लाख रुपये की लागत से पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसे दुर्गापूजा शुरू होने से पहले पूरा कर लिये जाने की संभावना जतायी जा रही है। पूर्व वार्ड पार्षद जय कुमार ने बताया कि उक्त पुलिया की कटाई टड़िया में बारिश के कारण हुए जल जमाव के कारण स्थानीय लोगों ने कर दिया था। जिससे 50 हजार की आबादी प्रभावित थी। दो पहिया और चार पहिया वाहन को एक किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता था। अतिसंवेदनशील जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र पर भारी वाहन को जाने का रास्ता तीन माह से अवरुद्ध था। इसे लेकर अमलोगों को भी काफी परेशानी हो रही थी। उक्त कार्य की जिम्मेवारी वेंकटेश्वर इंटरप्राइजेज को सौंपी गयी है। जिसे 10 दिनों में पूरा होने की उम्मीद बताई जा रही है।

# कोर्ट परिक्षेत्र में चलाया गया जांच अभियान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के आदेश पर शनिवार को तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा-2003) की धारा 4 एवं 6ए, 6बी के तहत कोर्ट परिसर, विभिन्न कार्यालयों एवं कैम्प-2 एरिया की जांच की गई। जिसमें कुल चार व्यक्तियों द्वारा तंबाकू खाते हुए पाया गया। इन्हें कोटपा कानून उल्लंघन की स्थिति में अर्थदण्ड के रूप में 520 रुपए का चालान किया गया। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 की धारा 6 बी के तहत कोई भी व्यक्ति-दुकानदार कोर्ट परिसर, कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद का उपयोग एवं बिक्री नहीं कर सकता है और न ही किसी भी व्यक्ति द्वारा तम्बाकू उत्पाद खा कर परिसर में थूक सकता है। कोई भी व्यक्ति या कर्मी ऐसा करते पाया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

# सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने को लेकर भाजपा राजगंज मंडल की बैठक



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** भाजपा राजगंज मंडल के तेतुलमारी नगरीकला दक्षिण पंचायत भवन में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकरदो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, संचालन मंडल महामंत्री संजीत सिंह और धन्यवाद ज्ञापन शिव प्रसाद वर्मा ने किया। मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और सभी कार्यकर्ताओं-नेताओं से आग्रह किया कि सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर पर जिम्मेदारी निभाएं। बैठक में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी राजेश चौधरी ने मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर सुरेश महतो, रमेश महतो, आरके चौधरी, शंकर महतो, झरी महतो, अजय साहनी, राजेंद्र महतो, अनिल चौहान, शंकर निषाद, सपन पंडित, असीम दत्ता, मनोज वर्मा, विश्वनाथ रवानी, प्रेम सोरेन, मनोज महतो, बसंत सिंह, अशोक झा, सिंकू पाण्डेय, अशोक कुमार, गौतम कुमार, डीके निषाद, राहुल साहनी और अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# धनबाद में नोटरी संघ का गठन, अरुण सिन्हा बने अध्यक्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हॉल में नोटरी मजिस्ट्रेटों की शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नोटरी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सिन्हा ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से धनबाद नोटरी संघ का गठन किया गया। जिसमें अरुण कुमार सिन्हा को अध्यक्ष, कुंदन कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष, हीरालाल चौहान को सचिव, राजन डॉन को सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी, जगरनाथ महतो और अनिता कुमारी शर्मा को सचिव, अनूप कुमार साव को कोषाध्यक्ष एवं कामेश्वर मंडल को सह कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य में कमल कुमार गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद कर्ण, अंजनी सिन्हा, सुब्रतो कुमार मुखोपाध्याय, मोहनदास गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता, मोहन चंद्र महतो, सुदीप्ता दत्ता, नरेश प्रसाद, बलिराम यादव और चक्रपाणि झा शामिल है।

# गूहीबांध मस्जिद कमेटी के सेक्रेटरी पर 11.40 लाख लेकर भागने का लगा आरोप

**कतरास (आजाद सिपाही)।** मस्जिद के मुख्य गेट पर पैसे लेकर फरार हो जाने का फोटो सहित पोस्टर लगाकर गूहीबांध मस्जिद प्रांगण में संवाददाता सम्मेलन किया गया। जिसमें गूहीबांध मस्जिद कमेटी के सेक्रेटरी सह झामुमो नेता आमिर खान पर मस्जिद का 11 लाख 40 हजार रुपये लेकर फरार हो जाने का मस्जिद कमेटी के लोगों ने आरोप लगाया है। कहा कि झामुमो के फंड से मस्जिद बनाने के लिए मोटी रकम दिलवाने का लालच देकर वह सेक्रेटरी बन गया। कुछ दिन बाद जब मस्जिद में मरम्मति का काम शुरू हुआ तो वह मिस्त्री और मजदूर को का मेहनताना भी बकाया रखने लगा। जिस कारण मस्जिद का काम रुक गया। इसकी सूचना सदर को हुई और उसने जब आमिर खान से पूछताछ की तो उसने कमेटी के पैसे खर्च हो जाने का बात कही। यही नहीं, कमेटी के लोगों के बीच 11 लाख 40 हजार रुपया बहुत जल्द वापस लौटाने का इकरारनामा भी किया। लेकिन उससे पहले वह फरार हो गया। उसका मोबाइल फोन भी बंद है । इसकी जानकारी स्थानीय थाना प्रभारी को भी दी गगयी है। आरोप मस्जिद कमेटी के सदर शमीम अख्तर सहित अन्य सदस्यों ने लगाया। मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर मोहम्मद शमीम अख्तर, उप सचिव मोहम्मद सोनू, अलीम अख्तर आदि मौजूद थे।

# सांसद ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में की समीक्षात्मक बैठक

## प्रखंड और अंचल जनता के लिए बना है, तो जनता का काम निष्ठा के साथ करें अधिकारी: सीपी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/बेरमो।** डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शनिवार को गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी एसडीएम संतोष गुप्ता, एसडीपीओ सुमित प्रसाद, प्रमुख उषा देवी, सीओ शशिभूषण वर्मा, डुमरी रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश महतो, जिप सदस्य प्रदीप मंडल, सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो, समाजसेवी दुर्योधन महतो, आजसू के केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। इसमें प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी ली गई। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद सांसद ने पत्रकारों को बताया कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी कार्य का निर्वहन निष्ठा से करने का निर्देश दिया गया है। कहा कि प्रखंड और अंचल जनता के लिए बना है, तो जनता का काम हो। कुछ लोगों के कारण कार्यालय बदनाम हो रहा है, जो उचित नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है, उसे हर हाल में सभी तक पहुंचना चाहिए। बताया कि मेरे औचक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्यालय में पदाधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। आम जनता के लिए केंद्र और राज्य सरकार काम कर रही है तो कर्मियों को भी जनता तक योजनाओं को पहुंचाना होगा, वह भी समय सीमा के अंदर। बैठक में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(खेल शाखा)
Email id-lohardagadso@gmail.com
(जिला पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

आम सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–554/रॉची दिनांक–10.09.2025 के निदेशानुसार विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र, सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों प्रवेश हेतु प्रशिक्षुओं का चयन के लिए जिला स्तर पर दो दिवासीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता,2025–26 का आयोजन दिनांक–18.09.2025 एवं 19.09.2025 को किया जाना निर्धारित है। उक्त जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में चयनित प्रशिक्षुओं को राज्य स्तर पर होने वाले प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य है। जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता की विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 | प्रतियोगिता का स्तर | खेल विद्या | आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं की रिक्त संख्या | | जे0एस0एस0पी0एस0 में प्रशिक्षुओं की रिक्त संख्या | | सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रशिक्षुओं की रिक्त संख्या | | चयन एवं पंजीकरण का स्थल | पंजीकरण की तिथि एवं ट्रायल का समय | प्रतिभागियों का सामान्य कौशल/विशिष्ट प्रशिक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका | | | |
| 01 | जिला स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल | फुटबॉल | 32 | 22 | 17 | 17 | 11 | 18 | +2 न0 उ0 वि0 मिनी स्टेडियम, लोहरदगा। | 18.09.2025 से 19.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे पूर्वाह्न से | Battery Test & Skill Test |
| 02 | | एथलेटिक्स | 11 | 2 | 14 | 7 | 0 | 1 | | | |
| 03 | | कबड्डी | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| 04 | | कुश्ती | 0 | 0 | 6 | 2 | 8 | 5 | बी0एस0 कॉलेज स्टेडियम, लोहरदगा | 18.09.2025 से 19.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे पूर्वाह्न से | |
| 05 | | बैडमिंटन | 0 | 26 | 5 | 2 | 13 | 25 | मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज, लोहरदगा | 18.09.2025 से 19.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे पूर्वाह्न से | |

उक्त प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता से संबंधित दिशा–निर्देश निम्नवत है:–

1. आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 10 से 14 वर्ष के बीच होना चाहिए।
2. सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होना चाहिए।
3. प्रतिभागियों को 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र खेल उपलब्धि प्रमाण–पत्र (यदि हो तो) लाना अनिवार्य होगा।
4. प्रतिभागियों का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Specific Skill Test के आधार पर होगी।
5. प्रतिभागियों को चयन हेतु खेल किट, सामग्री एवं पोशाक लाना अनिवार्य होगा।

नोटः– 1. अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा मे संपर्क किया जा सकता है।
2. जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियो को आने–जाने का यात्रा–व्यय देय नहीं होगा।

जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 361807 Lohardaga(25-26).D

# रूस में आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.5 बतायी थी, लेकिन बाद में इसे 7.4 कर दिया। पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में रूस के तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 30 जुलाई को यहां 8.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। कामचटका में बीते तीन महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप आये हैं।



**इस साल का दुनिया का सबसे बड़ा भूकंप कामचटका आया :** रूस के कामचटका में जो प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है, इस साल भूकंपीय गतिविधियों का केंद्र रहा। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यहां कुल 1,200 से अधिक भूकंप दर्ज किये गये हैं। इनमें से अधिकांश छोटे-मोटे थे, लेकिन 4.0 या इससे ऊपर के 150 से ज्यादा भूकंप हुए। इस क्षेत्र में आये भूकंप समेत 3 बड़े भूकंप 7.0 या उससे अधिक तीव्रता के दर्ज किये गये हैं। साल 2025 का सबसे विनाशकारी भूकंप 30 जुलाई को रूस के कामचटका में पर आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 8.8 मापी गयी। यह पिछले 10 वर्षों का सबसे बड़ा झटका था। इसके बाद 3 अगस्त को 7 तीव्रता का भूकंप कामचटका के कुरिल द्वीपों के पास आया था।

# नेपाल हिंसा : ओली पर एफआइआर दर्ज

- पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर ज्यादती का आदेश देने का आरोप, अभी अज्ञात जगह छिपे हैं

एजेंसी



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआइआर दर्ज की गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितंबर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था। ओली ने भारी दबाव के बीच 9 सितंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से ही वो आर्मी की सुरक्षा में हैं।

वहीं, नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की आज घायल आंदोलनकारियों से मिलने काठमांडू के हॉस्पिटल पहुंची। सुशीला कार्की ने शुक्रवार को ही नेपाल के अंतरिम पीएम पद की शपथ ली है। उन्हें 5 मार्च, 2026 तक संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। 6 दिनों की हिंसा के बाद काठमांडू के कई इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। वहीं, 6 जगहों पर अब भी कर्फ्यू जारी है। यहां 5 से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने, भूख हड़ताल, धरना, घेराव, जुलूस और सभा करने पर रोक लगा दी गयी है। नोटिस में कहा गया है कि यह आदेश दो महीने तक लागू रहेगा।

## सेवा पखवाड़ा के तहत धनवार में कार्यशाला

# जीएसटी और स्वदेशी अभियान पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** व्यापार संघ राजधनवार द्वारा जीएसटी 2.0 और स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ सेवा पखवाड़ा के तहत धनवार के साहू धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने किया। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ जीएसटी एवं स्वदेशी अभियान पर चर्चा करते हुए इसके महत्व और व्यापार पर सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नये जनरेशन का जीएसटी रिफॉर्म लाकर किसानों, मध्यम वर्ग, युवाओं, महिलाओं आदि के जीवन को स्वावलंबी बनायेगा। जीएसटी में राहत से छोटे उधोगों को सस्ता कच्चा माल और कम लागत देकर इस सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक मजबूत कदम है। कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना इस दिशा में सबसे जरूरी कदम है। इसी तरह टेक्सटाइल और किसानों से संबंधित समानों पर भी दरें कम की गयी है। व्यापार संघ के अध्यक्ष दिनेश संथालिया ने जीएसटी घटाने पर प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का आभार जताया।



### भारत को आत्मनिर्भर बनाना पीएम मोदी का लक्ष्य : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

इस मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना पीएम मोदी का लक्ष्य है। उन्होंने जीएसटी के साथ-साथ महिलाओं को उज्ज्वला गैस, आयुष्मान भारत कार्ड, गरीबों को फ्री अनाज आदि जनकल्याणकारी योजनाओं को चलायी, जिससे गरीबों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जीएसटी को घटा कर पीएम मोदी ने देश की जनता को राहत देने का काम किया है।

# चीन पर 50 से 100 फीसदी टैरिफ लगायें नाटो देश : ट्रंप

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई सालों से चल रहे रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को रुकवाने की पुरजोर कोशिश में लगे हुए हैं। अब उन्होंने रणनीति बनाते हुए रूस को और कमजोर करने के लिए नाटो देशों से चीन पर 50-100 फीसदी टैरिफ लगाने के लिए कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति का मानना है कि इससे यूक्रेन में युद्ध का अंत हो जायेगा। ट्रंप ने शनिवार को नाटो देशों को एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उनसे रूसी तेल खरीदना बंद करने और रूस पर भी और कड़े प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया। ट्रंप का यह पत्र उनकी पहले की धमकियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं होने पर मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने और उसके तेल खरीदने वाले देशों, जैसे कि शीर्ष खरीदार चीन और भारत, पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जब सभी नाटो देश सहमत हो जायेंगे और ऐसा करना शुरू कर देंगे और जब सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर देंगे, तो मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं।

# हॉट एयर बैलून में आग लगी सीएम डॉ मोहन यादव सवार थे

- मंदसौर में तेज हवा के कारण ट्रॉली झुकी
- हॉट एयर बैलूनकपड़ा फायर प्रूफ : पायलट
- कलेक्टर अदिति गर्ग बोलीं-ये हादसा नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश के गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के पास हिंगलाज रिसोर्ट में नाइट हाल्ट के बाद शनिवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हॉट बैलून में सवार हुए, लेकिन हवा की रफ्तार 20 किलोमीटर प्रतिघंटा होने से बैलून नहीं उड़ सका। इस दौरान उसके निचले हिस्से में आग लग गयी, जिसे वहां मौजूद कर्मचारियों ने बुझाया। दूसरी ओर, सीएम डॉ यादव जिस ट्रॉली में सवार थे, उसे सिक्योरिटी गाड्र्स ने संभाले रखा, जिससे डॉ यादव सुरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार शाम को गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट में गांधीसागर फेस्टिवल के चौथे संस्करण की शुरुआत की थी। रात में वे रिट्रीट के पास हिंगलाज रिसोर्ट में ही रुके थे। उन्होंने क्रूज पर सवार होकर चंबल डैम के बैक वाटर एरिया घूमा। शनिवार सुबह वे रिट्रीट पहुंचे। यहां बोटिंग का लुत्फ उठाया।



**सांसद के साथ हॉट एयर बैलून में बैठे थे :** मुख्यमंत्री डॉ यादव मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता के साथ हॉट एयर बैलून के रोमांचकारी सफर पर निकल रहे थे, लेकिन उस समय हवा की रफ्तार ज्यादा थी। इस वजह से बैलून उड़ नहीं सका। जब उसमें एयर भरी जा रही थी, वह नीचे झुक गया। जिससे निचले हिस्से में आग लग गयी। इसके ठीक नीचे सीएम थे। इसके चलते सीएम सिक्योरिटी भी अलर्ट हुई और ट्रॉली को संभाले रखा। दूसरी ओर, एक्सपर्ट और कर्मचारियों ने आग को बुझाया।

**कलेक्टर बोलीं- सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया :** कलेक्टर अदिति गर्ग ने कहा कि एयर बैलून में सुरक्षा के संबंध में किसी तरह की कोई चूक नहीं हुई है। मुख्यमंत्री केवल एयर बैलून को देखने के लिए गये थे।

**बैलून में हवा की रफ्तार जीरो होनी चाहिए :** एक्सपर्ट ने बताया कि सुबह 6 से 7:30 बजे के बीच हवा की रफ्तार न के बराबर रहती है। हॉट एयर बैलून में हवा की रफ्तार जीरो होनी चाहिए, लेकिन जब सीएम सवार हुए, तब रफ्तार 15 से 20 किमी प्रतिघंटा तक थी। इस वजह से बैलून नहीं उड़ा।

**बैलून का कपड़ा फायर प्रूफ, पूरी तरह सेफ :** पायलट इरफान ने कहा कि बैलून एलपीजी से चलता है। इसमें दो सिलेंडर लगते हैं। जैसे ही एलपीजी से हीट देंगे, तो ऊपर जायेगा। नीचे लाने के लिए भी हीट देनी पड़ती है। बर्नर में आग एलपीजी से ही लग रही है। बर्नर को खड़ा रखेंगे, तभी बैलून में हीट जायेगी। क्लोज करने के समय ही बर्नर को बंद करते हैं। बैलून का कपड़ा फायर प्रूफ है।

# बिलासपुर में बादल फटा मंडी जिले में लैंडस्लाइड

- 10 गाड़ियां मलबे में दबीं, सड़क बही, 15 सितंबर से मानसून की वापसी संभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल में शुक्रवार देर रात बादल फटा। इससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं। सड़कें भी बह गयी, कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। वहीं, मंडी जिले के धर्मपुरमें सपड़ी रोह गांव में शनिवार सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे से घिर गये हैं। 8 घर खाली कराये गये हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में इस सीजन में सामान्य से 43% ज्यादा बारिश हो चुकी है। एक जून से 12 सितंबर के बीच 678.4 एमएम बारिश होती है, इस बार 967.2 एमएम बारिश हो चुकी है।




यूपी के उन्नाव में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 23 फीट ऊपर है। यहां 80 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। 100 से ज्यादा परिवार बेघर हैं। फर्रुखाबाद में गंगा के किनारों का कटान तेज हो गया है। ग्रामीण अपने मकानों को खुद तोड़ रहे हैं। ईंट-सरिया निकाल कर साथ ले जा रहे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी 15 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान से शुरू हो सकती है। आमतौर पर मानसून 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह लौट जाता है।

# ताज होटल के बाद मैक्स हॉस्पिटल को उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में ताज पैलेस होटल के बाद शालीमार बाग स्थित मैक्स हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना के बाद दिल्ली पुलिस और दिल्ली फायर सर्विस मौके पर पहुंची। अस्पताल प्रवक्ता ने बताया कि सुबह, मैक्स अस्पताल के कॉल सेंटर पर अज्ञात धमकी प्राप्त हुई। आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार तुरंत अधिकारियों को सूचित किया गया। हमारे परिसर में सतर्कता के साथ तलाशी ली गयी। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मरीजों, स्टाफ और आगंतुकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिल कर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**